आश्विन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 07:06 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
सोमवार, 30 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 315, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



... तो आकाश में बादलों के बीच फहरा दिया गोप्रतिष्ठा ध्वज 14
जोड़ी कोमर की बड़ी फैन हैं तृप्ति 13

## एक नजर

### सीजेआई ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा-अर्चना

**तिरुमाला।** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को तिरुमाला में वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने वैकुंठ क्यू कॉम्प्लेक्स से मंदिर में प्रवेश किया और गर्भगृह में प्रार्थना की। दर्शन के बाद वैदिक पंडितों ने रंगनायकुला मंडपम में सीजेआई और उनके परिवार को वेदसेवाचनम अर्पित किया। मंदिर के पुजारियों ने उन्हें रंगनायकुला मंडपम में वैदिक आशीर्वाद दिया।

### हेरोइन और हथियार के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**जालंधर।** बीएसएफ ने रविवार को पंजाब के फाजिल्का में हेरोइन, पिस्तौल और गोला-बारूद के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जवानों ने गांव अमर सिंह, ढाणी फतूवाला, जिला फाजिल्का से दो तस्करों को पकड़कर एक पिस्तौल, एक मैगजीन, चार जिंदा राउंड और दो आई-फोन बरामद किए।

### भाजपा नेता के पुत्र ने फांसी लगाकर दी जान

**अलवर।** राजस्थान में अलवर के अरावली विहार थाना क्षेत्र में भाजपा नेता राजेंद्र सैनी के 22 वर्षीय पुत्र ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अरावली विहार थाने के पुलिस उपनिरीक्षक रामस्वरूप ने रविवार को बताया कि सुबह साढ़े सात बजे अरावली विहार थाने पर सूचना मिली कि सौनावा डूंगरी निवासी भाजपा नेता राजेंद्र सैनी के पुत्र गौरव ने आत्महत्या कर ली।

# लगातार भारी बारिश से कई जिलों में बाढ़, खेत-खलिहान जलमग्न

## पूर्वी उप्र. में भारी बारिश का अलर्ट, वज्रपात की भी आशंका

- मुख्यमंत्री योगी ने की 11 जिलों में बाढ़ के हालात की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूर्वी उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों में बीते तीन दिनों से भारी बरसात हो रही है। लगातार भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त है। खेत-खलिहान जलमग्न हो गए हैं। 11 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। अलग-अलग जिलों में अब तक डेढ़ दर्जन लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं, मौसम विभाग ने अगले दो-तीन दिन तक मौसम इसी तरह बने रहने की संभावना जताई है। कुछ जिलों में वज्रपात की भी आशंका है तो एक दर्जन जिलों में भारी बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश व पहाड़ों से छोड़े गए पानी से राज्य के 11 जिलों में बाढ़ के हालात की रविवार को समीक्षा की। उन्होंने प्रभावित जिलों कुशीनगर, महाराजगंज, लखीमपुर खीरी, बलिया, फर्रुखाबाद, गोंडा, कानपुर नगर, जीबीनगर, सीतापुर, हरदोई और शाहजहांपुर के अधिकारियों को तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। बाढ़ प्रभावित कानपुर नगर, जीबीनगर, सीतापुर, हरदोई और शाहजहांपुर में युद्धस्तर पर राहत कार्य जारी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी प्रभावित जिलों में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी की कई टीमों को तैनात किया गया है। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। कुशीनगर में गंडक नदी के कारण 1 तहसील के 5 गांव प्रभावित हैं। ऐसे में जलभराव की वजह से 8 हजार लोग प्रभावित हैं। यहां पर 16 बाढ़ शरणालय स्थापित किए गए हैं। एनडीआरएफ द्वारा शिवपुर गांव में बाढ़ में फंसे 10 लोगों को रेस्क्यू किया गया। लखीमपुर खीरी की 4 तहसील के 11 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं, जिसमें से 7 गांवों में कटान हो रहा है। इससे 19,500 लोग प्रभावित हैं। बलिया में 3 तहसील के 18 गांव प्रभावित हैं।



संत कबीरनगर जिले के धनघटा तहसील क्षेत्र में उफनाई घाघरा नदी। ● अमृत विचार

### पीड़ितों को तत्काल राहत राशि देने के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारी बारिश और बाढ़ के कारण जिलाधिकारियों को फसलों के नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराने को कहा है, ताकि प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित जिन लोगों के घरों को नुकसान अथवा पशु हानि हुई है, उन्हें तत्काल वित्तीय सहायता सौंपने के भी निर्देश दिए हैं।

### बिहार में कई स्थानों पर तटबंध टूटे, वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में पानी घुसा

**पटना।** बिहार में बाढ़ की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। कई स्थानों पर नदियों के तटबंध टूट गए हैं और वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में बाढ़ का पानी घुस गया है। बाढ़ का असर भारत-नेपाल सीमा से लगते जिलों पर सबसे अधिक पड़ा है। सीतामढ़ी जिले के मधकौल गांव में बागमती नदी के तटबंध में रविवार को दरार की खबर आई, वहीं पश्चिमी चंपारण में गंडक नदी पर पानी के अत्यधिक दबाव के कारण बगहा-1 प्रखंड में नदी के बाएं किनारे पर स्थित तटबंध शाम 4.50 बजे क्षतिग्रस्त हो गया।

## करात होंगे माकपा पोलित ब्यूरो के अंतरिम समन्वयक

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता प्रकाश करात अगले साल अप्रैल में पार्टी का 24वां सम्मेलन होने तक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर पार्टी के पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के समन्वयक होंगे। यह निर्णय माकपा महासचिव सीताराम येचुरी का 12 सितंबर को निधन हो जाने के मद्देनजर लिया गया है। माकपा ने कहा कि नई दिल्ली में जारी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक में फैसला किया गया है कि कॉमरेड प्रकाश करात अप्रैल 2025 में मदुरै में 24वीं 'पार्टी कांग्रेस' (सम्मेलन) होने तक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के समन्वयक होंगे।



- अप्रैल 2025 में पार्टी सम्मेलन तक संभालेंगे जिम्मेदारी

माकपा के सबसे वरिष्ठ नेताओं में शामिल करात 2005 से 2015 तक इसके महासचिव रहे। वह 1985 में केंद्रीय समिति के लिए चुने गए और 1992 में पोलित ब्यूरो के सदस्य बने।

# जीरो टॉलरेंस नीति से अपराधी व उनके आका परेशान : योगी



गोरखनाथ मंदिर में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोरखपुर के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुरक्षा के बेहतरीन माहौल में ही निवेश आता है। जब व्यक्ति ही सुरक्षित नहीं रहेगा तो उसकी पूंजी कैसे सुरक्षित रह पाएगी। सरकार की अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति से उन लोगों और उनके आकाओं को परेशानी होती है जिनके लिए अपराध ही पेशा था।

योगी रविवार को गोरखपुर में गीडा के सेक्टर 27 में बहुराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेज के 1170 करोड़ के निवेश से लगी यूनिट (शीतल पेय बॉटलिंग एवं डेयरी उत्पाद संयंत्र) का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मेवालाल गुप्त गुरुकुल विद्यालय में भव्य सभागार, प्रशासनिक भवन और कक्षाओं का भी लोकार्पण किया। योगी ने कहा कि सरकार कानून व्यवस्था को लेकर जीरो टॉलरेंस के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि इससे ही वर्तमान सुरक्षित रहेगा और बेहतर भविष्य के लिए वर्तमान का सुरक्षित रहना आवश्यक है।

### मन की बात में उप्र को सराहा योगी ने जताया आभार

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को 'मन की बात' में वृक्षारोपण की उपलब्धियों से लेकर स्वच्छ भारत मिशन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने के लिए उप्र की तारीफ की। योगी ने एक्स पर पोस्ट कर बुंदेलखंड क्षेत्र के झांसी में सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं के योगदान को मन की बात में स्थान देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया।

# बरेली के अधीक्षण अभियंता निलंबित

- वाराणसी, अलीगढ़ के अधीक्षण अभियंताओं पर भी कार्रवाई
- उप्र पॉवर कॉरपोरेशन अध्यक्ष की समीक्षा में नहीं दे पाए सही जवाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने राजस्व वसूली समेत विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान उचित जवाब न देने पर बरेली, वाराणसी व अलीगढ़ के बिजली अधीक्षण अभियंताओं (एसई) को निलंबित कर दिया।

अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इन अभियंताओं के निलंबन के लिए संबंधित वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिए। अध्यक्ष रविवार को शक्ति भवन में विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। निलंबित अभियंताओं में बरेली शहर के अधीक्षण अभियंता अम्बा प्रसाद, वाराणसी शहर के अधीक्षण अभियंता वीपी कठेरिया व अलीगढ़ शहर के अधीक्षण अभियंता आरके मिश्रा शामिल हैं। इन अधिकारियों को वाणिज्य व तकनीकी आदि विषयों के संबंध में जानकारियां मांगी गई थीं। समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने राजस्व वसूली में बढ़ोतरी के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि हम जितनी बिजली दें, उतना बिजली बिल वसूल करें।



अम्बा प्रसाद

### 1912 पर दी जाए बिजली आपूर्ति बंद होने की जानकारी

पॉवर कॉरपोरेशन अध्यक्ष ने कहा कि विभाग के नियंत्रण कक्ष 1912 पर बिजली आपूर्ति बंद रखे जाने की जानकारी अवश्य दी जाए, ताकि उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज कराने के दौरान उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। निवेश मित्र व झटपट पोर्टल पर दर्ज हो रहे नए बिजली कनेक्शन के प्रकरणों का शीघ्रता से निस्तारण कराया जाए। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त कम हों, इसके लिए लगातार रखरखाव कार्य किया जाए।

## केरल : फोन टैपिंग में विधायक के खिलाफ दर्ज किया मामला

**कोट्टायम।** निर्दलीय विधायक पीवी अनवर के खिलाफ राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों की फोन कॉल टैप करने का मामला दर्ज किया गया है। निलांबुर से विधायक अनवर के खिलाफ दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि उन्होंने अवैध रूप से दूरसंचार प्रणाली को हैक किया और राज्य में वरिष्ठ अधिकारियों के फोन टैप किए, सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डाला तथा मीडिया के माध्यम से गलत सूचना फैलाई। इसका उद्देश्य लोगों को भड़काना और नफरत पैदा करना था।

- राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों की बातचीत सुनने का आरोप

# मप्र में ट्रक से भिड़ी बस, 9 यात्रियों की मौत

## 20 घायल, मृतकों में 7 उप्र के रहने वाले जिनमें से चार जौनपुर और तीन प्रतापगढ़ के निवासी

मैहर (मप्र), एजेंसी

मध्य प्रदेश के मैहर जिले में एक निजी यात्री बस की ट्रक से टक्कर में 9 लोगों की मौत हो गई जबकि करीब 20 लोग घायल हैं।

पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मृतकों में सात लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। हादसा शनिवार रात करीब 11 बजे मैहर में हुआ जब बस पत्थर से लदे ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 पर हुई। बस में करीब 45 यात्री सवार थे। मैहर के पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने बताया कि बस प्रयागराज से रीवा होते हुए नागपुर जा रही थी, तभी नादन देहात थाने के पास हादसे का शिकार हो गई। छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई लेकिन तीन और लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि सभी मृतक पुरुष हैं और उनमें चार साल का एक बच्चा भी शामिल है। अग्रवाल ने बताया कि सात शवों की पहचान हो चुकी है। जिनमें चार मृतक उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के और तीन प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले हैं। दो अन्य मृतकों की पहचान के प्रयास जारी हैं। घायलों को रीवा सहित विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घायलों में अधिकतर जौनपुर और प्रतापगढ़ के निवासी हैं। एसपी ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि बस की गति बहुत तेज थी। बचाव दल को क्षतिग्रस्त बस में से यात्रियों को निकालने के लिए गैस कटर और खुदाई करने वाली मशीन का इस्तेमाल करना पड़ा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि हादसे में नौ यात्रियों की मौत होने की पुष्टि हुई है जबकि एक अत्यंत गंभीर हालत में है। अधिकतर यात्री उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के हैं।



### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यक्त की संवेदना

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मैहर में हुए हादसे में लोगों की जान जाना दुखद है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। कहा कि पीड़ितों की हर मदद के लिए मध्य प्रदेश सरकार से संपर्क किया है।

## सपा सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ एफआईआर

**लखनऊ।** चार दिन पहले मठ, मंदिर और कुंभ को लेकर विवादित बयान देने वाले सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ गाजीपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र प्रसाद के अनुसार गोराबाजार चौकी प्रभारी राजकुमार की तहरीर पर बीएनएस की धारा 353 (3) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। सपा सांसद अफजाल अंसारी ने कहा था कि लाखों लोग गांजा पीते हैं और भगवान का प्रसाद और बूटी कहकर पीते हैं। योगी बाबा से कहकर गांजा को वैध कराया जाए। अगर गांजा अवैध है तो पीने की छूट क्यों दी गई है। यह दोहरी नीति क्यों ? साधु, संत और महात्मा समाज के लोग गांजा बहुत ही शौक से पीते हैं। कहा कि कुंभ में एक मालगाड़ी गांजा चला जाए तो खप जाएगा।

- गाजीपुर में गांजा पर दिए गए बयान पर हुई कार्रवाई



# पीड़िता की पहचान उजागर करने पर पूर्व मंत्री को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की सरकार में मंत्री रहे नरेंद्र वर्मा समेत छह लोगों को पुलिस ने नोटिस भेजा है। एसपी चक्रेश के मुताबिक, इन सभी लोगों ने छेड़छाड़ पीड़िता की पहचान उजागर कर दिया था। नोटिस में कहा गया है कि पूर्व मंत्री समेत सभी छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। बीते 24 सितंबर को महमूदाबाद क्षेत्र के कक्षा छह की नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया था। इस संबंध में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। एसपी के मुताबिक सपा सरकार में मंत्री रहे नरेंद्र वर्मा समेत 6 लोगों ने पीड़िता की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, जिससे पीड़िता की पहचान उजागर हुई है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर सभी पर मामला दर्ज किया जाएगा।

### कार्रवाई का खाका

- महमूदाबाद क्षेत्र में नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला
- मंत्री के अलावा पांच अन्य लोगों से भी पुलिस ने मांगा जवाब

पीड़िता के साथ घटित घटना अमानवीय है। दोषी शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। नोटिस का विधि सम्मत जवाब दिया जाएगा। - **नरेन्द्र वर्मा**, पूर्व मंत्री।

## छत्तीसगढ़ में आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के पांच जवान घायल

**बीजापुर (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों की ओर से लगाए गए आईईडी में विस्फोट से रविवार को एक अधिकारी समेत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के पांच जवान घायल हो गए। घटना सुबह करीब सात बजे तारेम थाना क्षेत्र के तहत तब हुई जब सीआरपीएफ की 153 बटालियन विस्फोटकों को हटाने के काम पर निकली थी। अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने विस्फोटक से जुड़ा एक तार देखा और वे तार से जुड़े बम की तलाश कर रहे थे तभी विस्फोट हो गया।

- बीजापुर में नक्सलियों के खिलाफ अभियान पर निकले थे

जवानों को चेहरे, आंखों और पेट के ऊपरी हिस्से में चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद घायल जवानों को राजधानी रायपुर ले जाया गया। घायलों में सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट वैद्य संकेत देवीदास, निरीक्षक संजय कुमार और कांस्टेबल बी पवन कल्याण, लोचन महतो और धोले राजेंद्र अश्रूबा शामिल हैं।

## सुरक्षाबलों ने कठुआ में एक आतंकवादी को मार गिराया

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में कठुआ जिले के एक सुदूर गांव में आतंकवाद रोधी अभियान में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक आतंकवादी को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर को बिलावर तहसील के कोग-मंडली गांव में मुठभेड़ स्थल से आतंकवादी का शव बरामद किया गया है। गांव में लगातार दूसरे दिन व्यापक तलाश अभियान जारी है। जम्मू जोन के एडीजी आनंद जैन ने बताया कि तीन से चार विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद शनिवार को गांव में तलाश अभियान शुरू किया गया।

# जम्मू-कश्मीर में भाषण के दौरान बेसुध हुए खरगे

जसरोटा (जम्मू), एजेंसी



- इलाज के बाद बोले- मोदी को सत्ता से हटाने से पहले मैं मरने वाला नहीं

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कठुआ जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मंच पर बेसुध हो गए। भाषण देते हुए खरगे की आवाज धीमी होती चली गई। मंच पर खड़े लोगों ने उन्हें सहारा देकर बैठाया। इसके बाद उनके भाषण को रोक दिया गया।

तबीयत ठीक होने के बाद खरगे वापस मंच पर आए और कहा कि मैं 83 साल का हो गया हूं, लेकिन इतना जल्दी मरने वाला नहीं हूं। जब तक मोदी को हटाएंगे नहीं, मैं जिंदा रहूंगा। खरगे ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए संघर्ष जारी रहेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से बेदखल करने तक वह राजनीति में सक्रिय रहेंगे। खरगे की टिप्पणी केंद्र की भाजपा नेतृत्व की सरकार की केंद्र शासित प्रदेश के मामले में कार्यप्रणाली, विशेषकर चुनावों में देरी को लेकर आलोचना के बीच आई है। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी ने खरगे को फोन कर उनका हाल जाना।

# कार से सिपाही को टक्कर मारी, 10 मीटर तक घसीटा

नई दिल्ली, एजेंसी

- अस्पताल में मौत, कार सवार को गति कम करने को कहा था

बाहरी दिल्ली में एक कार चालक ने मोटरसाइकिल से जा रहे पुलिस कांस्टेबल को टक्कर मार दी और वह उसे करीब 10 मीटर तक घसीटता रहा। पुलिसकर्मी की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि कांस्टेबल ने लापरवाही से वाहन चलाने के लिए कार चालक को डांट लगाई थी, लेकिन इसके बाद उसने कांस्टेबल को टक्कर मार दी।

यह घटना शनिवार देर रात करीब सवा दो बजे वीणा एन्क्लेव के पास उस समय हुई, जब कांस्टेबल संदीप (30) ड्यूटी के दौरान सादे कपड़ों में नांगलोई पुलिस थाने से रेलवे रोड की ओर जा रहे थे। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जिम्मी चिराम ने बताया कि जब संदीप ने देखा कि एक व्यक्ति कार को लापरवाही से चला रहा है तो उन्होंने चालक को ऐसा न करने के लिए कहा। इसके बाद अचानक चालक ने कार की गति बढ़ा दी और उसने कांस्टेबल की मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी तथा उसे करीब 10 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया, उसके बाद एक खड़ी कार से जा टकराया। कांस्टेबल संदीप को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## फर्जी डिग्री रैकेट का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने फर्जी डिग्री घोटाले में शामिल एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए रविवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 196 फर्जी डिग्रियां, 53 मोहरें, 16 पासपोर्ट, छह लैपटॉप, तीन प्रिंटर, एक मोहर बनाने वाली मशीन और आठ मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि आरोपियों ने इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट और अन्य समेत कई कोर्स के लिए फर्जी डिग्रियां जारी की थीं। यह गिरोह पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और अन्य समेत कई राज्यों में सक्रिय है। शर्मा ने बताया कि जांच में फर्जी डिग्री आपूर्तिकर्ताओं के देशव्यापी नेटवर्क का पता चला है। मामले की जांच जारी है।

# किसानों को उपलब्ध होगा प्रदेश में उत्पादित हाइब्रिड बीज

## अब दूसरे राज्यों पर नहीं होगी निर्भरता, सरकार के बचेंगे 3000 करोड़, पीपीपी मॉडल पर बनेंगे पांच बीज पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के किसान आने वाले दिनों में अपनी फसलों के बीज हासिल करने को दूसरे राज्यों पर निर्भर नहीं होंगे। राज्य सरकार ने उप्र. में ही हाइब्रिड और अच्छे किस्म के बीज उत्पादन की एक व्यापक योजना तैयार की है। ऐसे में राज्य सरकार को हर साल करीब 3000 करोड़ रुपये खर्च नहीं करने पड़ेंगे। कार्य योजना के तहत उप्र. के नौ कृषि जलवायु क्षेत्रों में होने वाली फसलों के मद्देनजर पांच बीज पार्क (वेस्टर्न जोन, तराई जोन, सेंट्रल जोन, बुंदेलखंड और ईस्टर्न जोन) पीपीपी मॉडल पर बनाए जाएंगे। हर पार्क का रकबा न्यूनतम 200 हेक्टेयर का होगा।

दरअसल, वर्तमान में प्रदेश की प्रमुख फसलों के लिए लगभग 50 फीसद बीज दक्षिण भारत के राज्यों से आता है। इनमें तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश प्रमुख हैं। किसानों को राज्य के कृषि जलवायु के अनुकूल गुणवत्ता के बीज मिले, इसके लिए सरकार ने बड़े पैमाने पर उत्तर प्रदेश में ही बीज उत्पादन की रणनीति तैयार की है। इससे किसानों के लिए स्थानीय स्तर पर गुणवत्ता के बीज तैयार होने से उनकी उपज और उपज की गुणवत्ता में सुधार होगा। विभागीय आंकड़ों के अनुसार गेहूं के 22% धान के 51 प्रति. मक्का के 74 प्रति., जौ के 95 प्रति., दलहन के 50 प्रति. और तिलहन के 52 प्रति. बीज गैर राज्यों से आते हैं। कृषि विभाग के पास बुनियादी सुविधाओं के साथ ऐसे छह फार्म उपलब्ध हैं। सरकार जिनको इच्छुक पार्टियों को लीज पर दे सकती है।



### गुणवत्ता वाले बीजों से कम होगा उत्पादन का अंतर

विभागीय आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में गेहूं का प्रति हेक्टेयर प्रति कुंतल उत्पादन 26.75 कुंतल है। जबकि पंजाब का सर्वोच्च 40.35 कुंतल है। इसी तरह धान का उत्पादन 37.35 कुंतल है, जबकि हरियाणा का 45.33 कुंतल। अन्य राज्यों की तुलना में इसी तरह का अंतर चना और सरसों के उत्पादन में भी है। गुणवत्ता के बीज से इस अंतर को 15 से 20 फीसद तक कम किया जा सकता है।

फसल के लिए बीज, सबसे महत्वपूर्ण कृषि निवेश है। बीज की गुणवत्ता पर ही फसल की उपज और गुणवत्ता निर्भर करती है। अगर बीज खराब है तो खेत की तैयारी से लेकर बीज और बोआई के समय डाली जाने वाली खाद की लागत बर्बाद हो जाती है। दुबारा बोआई में देर होने से उपज प्रभावित होती है। बीज का जर्मिनेशन अगर कम है तो भी इसका उपज पर प्रभाव पड़ता है। - **डॉ. अवधेश मिश्र**, कृषि विशेषज्ञ

## सीएमओ ने निरीक्षण कर परखे सीएचसी के हालात

**बीसलपुर, अमृत विचारः** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित करने के निर्देश सीएमओ डा.आलोक कुमार ने दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।

सीएमओ रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे। सर्वप्रथम परिसर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था परखी। उन्होंने जच्चा बच्चा वार्ड में पहुंचकर भर्ती महिलाओं से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने प्रसव कक्ष , परिवार नियोजन परामर्श केंद्र, पंजीकरण काउंटर, पैथोलॉजी, प्रसव पूर्व जांच कक्ष, मुख एवं दांत जांच कक्ष, दवा वितरण कक्ष आदि व्यवस्थाएं देखीं।

उन्होंने जानकारी दी कि हर माह एक, नौ, सोलह व चौबीस तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व तीन बार अल्ट्रासाउंड से निशुल्क जांच की जाएगी। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ.लेखराज, डॉ.चंदन, चीफ फार्मासिस्ट शशिकुमार, गिरीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# टनकपुर हाईवे से मां यशवंतरी देवी मंदिर वाली सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे

### लाखों रुपये खर्च करके बनवाई गई थी सड़क, बड़ी संख्या में इधर से गुजरते हैं लोग, हादसे का शिकार हो रहे राहगीर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए शासन ने भारी भरकम बजट दिया। सड़कों के गड्ढे भरने में करोड़ों का बजट ठिकाने लगा दिया गया। निर्माण में गुणवत्ता को लेकर खूब दावे किए गए थे। मगर सड़कों की बदहाल तस्वीर हकीकत बयां करने के लिए काफी है।

कई प्रमुख मार्गों के साथ ही टनकपुर हाईवे से मां यशवंतरी देवी मंदिर मार्ग को जोड़ने वाली सड़क बेहद जर्जर हालत में है। आलम यह है कि कदम-कदम पर सड़क उखड़ी हुई है, और गहरे गड्ढे हो गए हैं। अति व्यस्ततम मार्ग होने के बावजूद इसके सुधार पर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं है। इसका खामियाजा राहगीरों को उठाना पड़ रहा है। लोगों की मानें तो इस रोड से गुजरने वाले लोग आए दिन हादसे में घायल होते रहते हैं।

शहर के मां यशवंतरी देवी मंदिर मार्ग से टनकपुर हाईवे तक पहुंचने के लिए बीते सालों में लाखों रुपये खर्च करके सड़क बनवाई गई थी। यह सड़क ठेका पुलिस चौकी के सामने से शुरू हुई और टनकपुर हाईवे पर नेहरू पार्क के बराबर में खुलती है। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने इसका लोकार्पण किया था। यह मार्ग बनने के बाद शहरवासियों को काफी राहत मिली थी। टनकपुर हाईवे तक पहुंचने के लिए समय और दूरी दोनों कम हो गए थे। दिन में ही नहीं रात के समय में भी बड़ी संख्या में लोग इधर से होकर गुजरते हैं। पिछले कुछ समय में यह सड़क दुर्दशा की शिकार हो गई। जगह-जगह सड़क उखड़ने लगी। इसकी मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। नतीजतन अब सड़क पर कई जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। इस मार्ग पर गुजरते समय हादसे का डर लगता है। दोपहिया वाहन चालक और ई-रिक्शा सवार कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं। मगर, इन हादसों के बाद भी सुधार के नाम पर कुछ नहीं कराया जा सका है।


नेहरू पार्क से ठेका चौकी की तरफ जाने वाली सड़क जर्जर। ● अमृत विचार


जर्जर सड़क पर हिचकोले खाकर गुजरती कार और बाइक।


टनकपुर हाईवे पर नेहरू मार्ग से सटे संपर्क मार्ग हुआ गरा गड्ढा।



नेहरू पार्क से ठेका चौकी जाने वाली सड़क पर लगा लोकार्पण का पत्थर।


रोज कई बार इस रास्ते से आते-जाते है। रास्ते किनारे पता नहीं कौन कूड़ा डाला जाता है कि नाक मुंह ढककर गड्ढे पार करते है। कई बार घायल भी हो चुकी हूं। इसका सुधार होना चाहिए। – **राज कुमारी**, राहगीर


हम ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। इस मार्ग पर हम सवारियां लेकर नहीं आते है। गाड़ी में नुकसान भी होता है। गड्ढे इतने गहरे हो गए हैं कि गाड़ी पलटने का भी डर लगा रहता है। – **सरताज**, ई-रिक्शा चालक


इस रास्ते से कोचिंग और कॉलेज के लिए आते-जाते है। रोड इतनी खराब है कि पहले साइकिल से आते थे लेकिन अब पैदल ही जाते है। कई बार साइकिल से गिरकर चोट भी लग चुकी है। – **उज्जवल रस्तोगी**, आवास विकास


जब शहर आते है तब इस मार्ग से गुजरते हैं। रास्ते की हालत इतनी खराब हो गई है कि अब तो इस मार्ग पर वाहन चलाना जोखिम भरा है। जिम्मेदारों को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। – **यशपाल**, राहगीर

- **राज्यमंत्री ने किया था लोकार्पण अब जिम्मेदारों का नहीं सुधार पर ध्यान**

### ...तो बारिश और बाढ़ ने बिगाड़ दी सड़क की सूरत

इस मार्ग की जर्जर हालत के बाद कोई गुणवत्ता पर सवाल उठाता है तो कोई अन्य तर्क दे रहा है। जुलाई और सितंबर में हुई तेज बारिश से हुए जलभराव को भी सड़क की दुर्दशा की वजह माना जा रहा है। जबकि कुछ लोग निर्माण कार्य के दौरान मानकों की अनदेखी बता रहे हैं। हालांकि सभी की एक ही मांग है कि राहगीरों की सहूलियत के लिए सड़क का सुधार कराया जाए।

### चार साल पहले लगे लोकार्पण शिलापट में तिथि व लागत अंकित नहीं

इस मार्ग का निर्माण करीब चार साल पहले होने की बात कही जा रही है। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने इसका लोकार्पण किया था। उनके नाम का पत्थर मार्ग पर लगा है। इसके अनुसार यह सड़क राज्य सड़क निधि योजना के अंतर्गत बनाई गई थी। कार्यदायी संस्था प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग था। इसमें कितनी लागत आई और कब निर्माण कराया, यह दर्ज नहीं है।

### रोशनी का नहीं पर्याप्त इंतजाम

इस मार्ग पर रात के वक्त भी सफर करने वालों की संख्या अधिक है। सड़क के एक तरफ तालाब भी है। जिससे हादसे का डर बना रहता है। इस मार्ग पर रात के वक्त अंधेरा पसरा रहता है ।रोशनी के भी पर्याप्त इंतजाम नहीं हो सके हैं। दिन में स्कूली बच्चों के वाहनों के साथ ही रात के वक्त मरीजों की भी आवाजाही रहती है। शहर से मेडिकल कॉलेज तक मरीज ले जाने वाले अधिकांश लोग भी इसी मार्ग से सफर करते हैं। इसके बाद भी कोई गंभीरता जिम्मेदारों में दिखाई नहीं दे रही।

# रैली निकाल दिया स्वच्छता का संदेश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत मरौरी ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय टाहपौटा में बच्चों के द्वारा जागरुकता रैली निकाली गई। जिसके माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए जागरूक किया गया।

इसकी शुरुआत बतौर अतिथि भाजपा नगराध्यक्ष विकास श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर कराई। बच्चों के द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया गया। बच्चों से स्वच्छता अभियान से जुड़े चित्रों की पेंटिंग बनवाई गई। जिसमें कक्षा आठ की पायल वर्मा प्रथम, कक्षा सात की सोनम वर्मा द्वितीय, कक्षा आठ की शिवानी तृतीय रही। विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। 40 अन्य बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में जूनियर हाई स्कूल टाह के कक्षा छह से आठ तक के 248 बच्चों ने भाग लिया। दिलखुश, विधायक प्रतिनिधि नंदलाल, हरेंद्र आदि ने स्वच्छता श्रमदान किया। झाड़ू लगाकर विद्यालय परिसर की साफ सफाई की। इस मौके पर जिला परियोजना अधिकारी सौरभ प्रताप सिंह, जेआरएफ डॉ. आदर्श कुमार, इंचार्ज प्रधानाध्यापक अजय कुमार, आशा, मीनाक्षी,रविंदर, गौरव गुप्ता, मनीष सैनी, प्रगति जायसवाल,जितेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।



जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना कराते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

- **स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत किया गया आयोजन**

## युवक ने जहर खाकर दी जान

**पीलीभीत, अमृत विचारः** अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। कोतवाली क्षेत्र के लकड़ी मंडी के रहने वाले 26 वर्षीय आकाश गौतम पुत्र विशाल गौतम ने शनिवार शाम को जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में परिजन उसे मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाकर कोतवाली पुलिस को मेमो भिजवाया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जानकारी की और फिर रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि घरेलू विवाद में खुदकुशी की बात निकलकर आ रही है। जांच करा रहे हैं।

# ठगी पीड़ित परिवार ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **मांगें पूरी न होने पर चक्का जाम और भूख हड़ताल की चेतावनी**
- **29 दिन से मांगों को लेकर चल रहा आंदोलन**

**अमृत विचारः** ठगी पीड़ित परिवार संगठन का आंदोलन 29वें दिन रविवार को भी जारी रहा। असहयोग आंदोलन के दौरान सदस्यों ने जनप्रतिनिधियों व उनके प्रतिनिधि को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपे। समस्या का समाधान न होने पर चक्का जाम और भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी गई है।

भुगतान की गारंटी के अधिकार कानून अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 के तहत प्रत्येक ठगी पीड़ित निवेशक की जमा राशि का दो से तीन गुना भुगतान कराने, निर्दोष एजेंटों को सुरक्षा देने, सम्मान रोजगार और पुनर्वास का अधिकार देने, भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 111 के तहत प्रत्येक ठग और बेईमान को मृत्युदंड देकर देश को ठगी मुक्त एवं बेईमान रहित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की मांग को लेकर ठगी पीड़ित परिवार संगठन का आंदोलन चल रहा है।

इसमें धरना प्रदर्शन करने के साथ ही जेल भरो आंदोलन भी कलेक्ट्रेट में किया जा चुका है। इसके बाद असहयोग आंदोलन के तहत सदस्यों ने राज्यमंत्री एवं सदर विधायक संजय सिंह गंगवार के कार्यालय पहुंचकर उनके प्रतिनिधि व कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद को भी ज्ञापन सौंपा गया। जिसकी अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष दृगपाल ने की। पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान को भी ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में यह चेतावनी दी गई कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो भूख हड़ताल और चक्का जाम करने के लिए बाध्य होंगे। संगठन के लोगों ने एलआईयू दफ्तर पहुंचकर भी ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर महेश चन्द्र त्रिवेदी, जिला प्रभारी हीरालाल समेत कई सदस्य मौजूद रहे।


बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद को ज्ञापन सौंपते पीड़ित परिवार संगठन के सदस्य।

# नवरात्र में मंदिरों के आसपास होगी सफाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्रि से पहले शासन ने मंदिरों के आसपास टूटी सड़कों को दुरुस्त कर गड्ढा मुक्त करने के आदेश दिए हैं। इस पर नगरपालिका की ओर से शहर के समस्त देवी मंदिरों को जाने वाली सड़कों को ठीक कराने का कार्य शुरु करा दिया है। साफ सफाई के लिए भी टीमें बना दी गई है, जो नवरात्रि में मंदिर परिसर से लेकर सड़कों पर प्रतिदिन सफाई करेंगी। ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को आने जाने में दिक्कत न हो।

शहर के ऐतिहासिक मां यशवंतरी देवी मंदिर की विशेष मान्यता है। नवरात्रि के दिनों में यहां बढ़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इस बार तीन अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि शुरु हो रहे हैं। मंदिर कमेटी ने इसको लेकर तैयारियां शुरु कर दी है, लेकिन मोहल्ला नखासा से यशवंतरी देवी मंदिर को आने वाली सड़क कुछ साल पहले ही बनाई गई थी। जिस पर जगह-जगह गड्ढे हैं। कहीं बजरी फैली हुई है। इसके अलावा मंदिर से टनकपुर हाईवे को जाने वाली सड़क भी पूरी तरह से नाला निर्माण के चलते जर्जर हो चुकी है। यहां भी बजरी और रेता फैला हुआ है। नवरात्रि के दिनों में तमाम श्रद्धालु नंगे पैर चलकर मंदिर आते है।

श्रद्धालुओं के लिए ये अव्यवस्था मुसीबत बन सकती है। इसका संज्ञान लेते हुए एडीएम ऋतु पुनिया ने बीते दिनों बैठक कर सड़क दुरुस्त कराने के निर्देश दिए थे। इस पर नगरपालिका की ओर से दोनों ही सड़कों पर काम शुरु करा दिया है। रविवार को टनकपुर हाईवे से यशवंतरी देवी मंदिर की ओर जाने वाली सड़क पर कोलतार और बजरी डालकर सड़क को ठीक कराए जाने का कार्य किया गया। मंदिर के आसपास फैली गंदगी के ढेर साफ करने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई। ताकि नवरात्र से पहले एरिया को साफ सुथरा किया जा सके। ईओ लाल चंद भारती ने बताया कि सड़क को दुरुस्त कराया जा रहा है। मंदिर के लिए एक टीम बना दी गई है। जो प्रतिदिन इस इलाके में सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेगी।


मंदिर के बाहर सड़क ठीक करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- **एडीएम के निर्देश पर नगर पालिका प्रशासन ने टीमें बनाईं तीन अक्टूबर से शुरु होंगे नवरात्र**

## नौकरी के नाम पर दस हजार रुपये ठगे

**दियोरियाकलां, अमृत विचारः** पानी की टंकी पर नौकरी लगवाने के नाम पर एक युवक से दस हजार रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है।

करेली थाना क्षेत्र के गांव घुंघौरा के पवन कुमार पुत्र रीतराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के गांव मनकापुर के एक युवक ने जल जीवन मिशन में पानी की टंकी की देखरेख में नौकरी लगवाने के नाम पर दस हजार रुपये लिए थे। रुपये गांव फिरसा चुर्राह के सुरेंद्र कुमार के माध्यम से दिए थे। जब नौकरी नहीं लगी तो रुपये मांगे। इस पर आरोपी आश्वासन देता रहा और इन्कार कर दिया। दोबारा आने पर मारने की धमकी दी गई। कोतवाल प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# श्रीरामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण को पर्यटन विभाग से मिली मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **राज्यमंत्री कर रहे थे प्रयास, अब मेला स्थल का होगा कायाकल्प**

**अमृत विचारः** जनपद मुख्यालय पर स्थित प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक श्रीरामलीला मैदान का जल्द कायाकल्प हो सकेगा। गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के प्रयासों से प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग ने रामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण एवं आधुनिकीकरण के लिए भेजे गए प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। जिसके तहत श्रीरामलीला मैदान के चारों ओर बाउंड्री वॉल का निर्माण, भव्य गेट समेत कई निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। पर्यटन विभाग के विशेष सचिव द्वारा भेजे गये मंजूरी पत्र में यह जानकारी साझा की गई है।

श्री रामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण एवं आधुनिकीकरण के लिए प्रदेश शासन के पर्यटन विभाग द्वारा दी गई मंजूरी से इस ऐतिहासिक स्थल का महत्व बढ़ेगा। जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले श्री रामलीला महोत्सव के अधिकांश कार्यक्रम मंडी समिति के पीछे स्थित इसी मैदान में आयोजित किये जाते हैं। करीब 139 वर्षों से निर्बाध रूप से आयोजन होता आ रहा है। ऐसे में इसका पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व है। पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत किये गये सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव के तहत करीब 70 बीघा से अधिक भूमि पर बाउंड्रीवाल एवं प्रवेश द्वार पर बनने वाले भव्य गेट का किसी निर्माण ऐंजन्सी द्वारा स्टीमेट बनाकर भेजा जाएगा। उसके बाद से श्रीरामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू होगा।


रामलीला मेला मैदान की पर्यटन विभाग से मंजूरी मिल गई है। इसका जल्द ही सौंदर्यीकरण कार्य हो सकेगा। श्रीरामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण के लिए भेजे गये प्रस्ताव को पर्यटन विभाग द्वारा मंजूर किये जाने से ऐतिहासिक महत्व के इस मेले की शोभा और ज्यादा बढ़ेगी। साथ ही मेलार्थियों को भी आवागमन में सुविधा होगी। – **संजय सिंह गंगवार**, राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें

# अब ड्रेस के साथ बच्चों का फोटो करना होगा अपडेट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **ड्रेस योजना को शत प्रतिशत लागू कराने के आदेश**

**अमृत विचारः** परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खातों में धनराशि पहुंचने के बाद छात्र-छात्राओं की नई ड्रेस के साथ डीबीटी एप पोर्टल पर फोटो अपलोड की जाएगी। इसके लिए विभाग ने सभी प्रधानाध्यापकों को फोटो अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। शासन का मानना है कि अधिकतर लोग डीबीटी से आने वाले रुपये का दुरुपयोग कर लेते हैं, जिससे बच्चों को ड्रेस नहीं मिल पाती है। इसलिए इस व्यवस्था को लागू कर दिया है।

जनपद में 1508 परिषदीय स्कूल हैं। इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को शासन की ओर से तमाम सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं। इसमें मध्याह्न भोजन योजना के तहत स्कूल में ही बच्चों को खाना खाने को दिया जाता है। इसके साथ ही किताबें, वर्कबुक निःशुल्क दी जाती हैं। बच्चों को ड्रेस, जूता-मोजा, स्वेटर, बैग, पेंसिल के लिए 1200 रुपये डीबीटी के माध्यम से छात्रों के अभिभावकों के खाते में भेजते हैं। जिले में नए शैक्षिक सत्र में 1.67 लाख छात्र-छात्राओं को इस योजना का लाभ दिया जाना है। अभी तक 1.57 लाख के ही खाते में धनराशि भेजी गई है। बावजूद इसके बच्चे पुरानी ड्रेस पहनकर स्कूल पहुंच रहे हैं। शासन के निर्देश पर छात्र-छात्राओं के फोटो ड्रेस सहित खींचकर उसे डीबीटी एप पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं।

# नौनिहालों की जान से खिलवाड़, जर्जर भवन में चलाई जा रहीं कक्षाएं

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में एक तरफ बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। स्कूलों की दशा सुधारने पर खासा ध्यान दिया जा रहा है। इस पर तमाम योजनाएं संचालित कर भारी भरकम बजट खर्च किया जा रहा है।

इसके बावजूद अभी कई स्कूलों में हालात नहीं सुधर सके हैं। प्राथमिक विद्यालय जयनगर के हालात बदतर बने हुए हैं। यहां एक तरफ बच्चों की संख्या नाम मात्र है। वहीं, जर्जर भवन में कक्षाएं चलाई जा रही हैं। इससे नौनिहालों की जान पर आफत बनी हुई है। जिम्मेदारों की मानें तो पत्राचार कई बार किया गया, लेकिन सुधार नहीं हो सका है।

बरखेड़ा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जयनगर में केवल 16 बच्चे पंजीकृत है। इनको शिक्षित करने के लिए दो अध्यापक और एक शिक्षामित्र तैनात हैं। विद्यालय के भवन का निर्माण 1999 में कराया गया था। इसमें दो कमरे, एक प्रधानाचार्य कक्ष और बरामदा बना है। पिछले काफी दिनों से मरम्मत के अभाव में विद्यालय का भवन जर्जर हालत में है। बारिश के दिनों में हालात और बदतर हो जाते हैं।

आलम यह है कि लिंटर से प्लास्टर छूटकर गिरता रहता है। जिससे बच्चों के चोटिल होने का डर रहता है। बारिश होने पर विद्यालय का भवन जगह-जगह से टपकने लगता है। यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। जिसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ता है। भवन की जर्जर स्थिति के चलते ही बच्चों को अधिकांश दिनों में बरामदे में एक कोने में बैठाकर पढ़ाया जाता है। स्कूल के भवन को देखकर उसकी बदतर स्थिति का आकलन किया जा सकता है, लेकिन जिम्मेदारों पर लंबे समय बाद भी कोई फर्क नहीं पड़ सका है।



प्राथमिक विद्यालय जयनगर का जर्जर भवन।


विद्यालय के कक्ष में लिंटर से छूटता प्लास्टर।

### कक्षावार बच्चे

कक्षा एक : 01, कक्षा दो : 02, कक्षा तीन : 07, कक्षा चार : 02, कक्षा पांच : 04

- **प्राथमिक विद्यालय जयनगर का भवन सालों से बदहाल, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान**
- **वर्तमान में महज 16 बच्चे पंजीकृत, दो शिक्षक व एक शिक्षामित्र की तैनाती**

भवन के जर्जर होने की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी जा चुकी है। चार साल में करीब सात से आठ बार इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों को दी जा चुकी है। बेसिक शिक्षा विभाग की जर्जर विद्यालयों की सूची में भी प्राथमिक विद्यालय जयनगर का नाम दर्ज है। – **अनिल कुमार**, प्रधानाध्यापक, प्राथमिक विद्यालय जयनगर

### जर्जर विद्यालयों की सूची में हो चुका है दर्ज

इसे जिम्मेदारों की लापरवाही कहें या फिर कुछ और.. । ऐसा नहीं है कि विद्यालय के जर्जर होने की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं है। बताते हैं कि जनपद स्तर पर जर्जर विद्यालयों की एक सूची बनाई गई थी। उस सूची में भी प्राथमिक विद्यालय जयनगर का नाम दर्ज कराया जा चुका है। इसके बाद भी न तो सुधार पर कोई ध्यान दिया गया है, न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। जबकि महज 16 बच्चों की संख्या है। ऐसे में किसी भी नजदीकी विद्यालय में इन्हें शिफ्ट भी किया जा सकता है।

आज का मौसम

बादल छाए रहेंगे और धूप भी खिलेगी

31.1° अधिकतम तापमान | 25.6° न्यूनतम तापमान

## एक नजर

### यूकेलिप्टिस के 15 पेड़ काटे, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** सरकारी जमीन पर लगे यूकेलिप्टिस के 15 पेड़ एक ग्रामीण ने काट लिए। इस मामले में लेखपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। लेखपाल शल्य सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्राम गजरौला कलां में सरकारी जमीन है। उस पर लगे यूकेलिप्टिस के 15 पेड़ गांव के ही सलीम मियां ने चोरी से काट लिए। इसकी जानकारी बीते दिनों हुई। इस पर पुलिस ने मामले की नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### उत्तराखंड पुलिस का घुंघचिहाई में छापा

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** लापता युवती की लोकेशन ट्रेस करते हुए उत्तराखंड पुलिस घुंघचिहाई पहुंची। स्थानीय पुलिस से संपर्क कर क्षेत्र में ही दबिश दी गई। मगर युवती का पता नहीं लग सका। इस पर उत्तराखंड पुलिस रविवार को बैरंग लौट गई। एसओ विशेष कुमार ने बताया कि उत्तराखंड के रुद्रपुर की पुलिस आई थी। कुछ दिन पहले उनके क्षेत्र की युवती लापता हो गई थी। उसकी लोकेशन ट्रेस करते हुए टीम आई थी। ग्राम माधौपुर के पास दबिश दी गई लेकिन युवती का पता नहीं चल सका। इस पर टीम वापस चली गई है।

### रंजिशन घर में घुसकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने घर में घुसकर ग्रामीण की पिटाई कर दी। कोतवाली क्षेत्र के गांव टेहरी की शारदा देवी पत्नी दीनदयाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके बेटे से गांव के मैकूलाल की पुरानी रंजिश है। इसी को लेकर मैकूलाल, नन्हेलाल, बबलू और एक अन्य ने घर में घुसकर हमला कर पीटा। शोर पर जमा हुए लोगों ने बीच बचाव कराया। कोतवाल प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

संवाददाता, पूरनपुर

- अन्य हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ा
- पति के साथ दावत खाने रम्पुरा फकीरे गई थी सावित्री

**अमृत विचारः** अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में महिला दो लोगों की मौत हो गई। एक कार की टक्कर लगने से महिला की जान चली गई। जबकि युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव कढेरचौरा के रहने वाले मुकुटलाल (50) पत्नी सावित्री देवी के साथ रम्पुरा फकीरे में दावत में गए थे। वहां से लौटते वक्त असम हाईवे पर बालाजी धर्म कांटा के पास उनकी बाइक में एक कार ने टक्कर मार दी। इसमें मुकुटलाल की पत्नी की मौके पर मौत हो गई। घायल मुकुटलाल को सीएचसी भिजवाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद घायल को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। पुलिस ने सूचना मिलने पर मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव बिलंदपुर अशोक निवासी रमेश पुत्र नन्हे लाल शनिवार शाम बाइक से गांव कसगंजा गया था। घर आते वक्त सिमरिया मोड़ के पास में एक बाइक से टक्कर हो गई। इसमें रमेश गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे सीएचसी से मेडिकल कॉलेज और फिर बरेली रेफर कर दिया गया। वहां निजी अस्पताल में रविवार को युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

# अब उत्तराखंड में लागू होगी पीलीभीत के बाघ मित्र मॉडल योजना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नंधौर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के वालंटियर्स को वन्यजीव-मानव टकराव रोकने के सिखाएंगे गुर
- 11 बाघ छात्रों का दल रविवार को नंधौर सेंचुरी रवाना



बाघ मित्रों के दल को रवाना कराते पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बाघों की सुरक्षा व निगरानी में पीलीभीत टाइगर रिजर्व का बाघ मित्र मॉडल खासा मुफीद साबित हो रहा है। अब पीटीआर के बाघमित्र उत्तराखंड के नंधौर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के वालंटियर्स को ट्रेनिंग देने के साथ उन्हें प्रोत्साहित करेंगे। इसको लेकर रविवार को 11 बाघ मित्रों की टीम यहां से नंधौर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के लिए रवाना हो गई।

जनपद में साल दर साल बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को देखते हुए पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं विश्व प्रकृति निधि (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) ने वर्ष 2019 में बाघ मित्र योजना की शुरुआत की थी। इसमें जंगल सीमा से सटे इलाकों में रहने वाले जागरूक कुछ युवाओं को टीम में शामिल किया। विशेषज्ञों द्वारा इन युवाओं को बाघ एवं तेंदुए के पग चिह्न और उनके व्यवहार के प्रति प्रशिक्षित किया गया। वर्ष 2020 आते-आते सभी वालंटियर्स ने अपनी जिम्मेदारी संभाल ली। वर्तमान में यहां 100 से अधिक बाघ मित्र हैं। बाघ मित्रों की सक्रियता का परिणाम है कि जंगल सीमा से सटे लोग अब बाघ या तेंदुआ दिखने पर लोग हिंसक होने के बजाय वन्य जीवों के व्यवहार को समझने लगे हैं।

बाघों की निगरानी एवं उनकी सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे पीलीभीत के बाघ मित्र अब उत्तराखंड की नंधौर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के जंगल वालंटियर्स को अपने काम करने के तौर-तरीकों से रूबरू कराएंगे। इसको लेकर रविवार को डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार के नेतृत्व में 11 बाघ मित्रों का एक दल नंधौर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी रवाना हो गया। बाघ मित्रों के दल को पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। पीलीभीत के बाघ मित्र नंधौर सेंचुरी के विलेज वालंटियर प्रोटेक्शन फोर्स को वन्यजीव और इंसानी टकराव रोकने के गुर सिखाएंगे।

दरअसल पीलीभीत का बाघ मित्र प्रोजेक्ट दक्षिणी खीरी वन प्रभाग, उत्तरी खीरी वन प्रभाग (दुधवा टाइगर रिजर्व का बफर एरिया), कतर्नियाघाट वाइल्ड लाइफ सेंचुरी, अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में लागू किया जा चुका है।

# नमक की लड़ाई फिर गहराई, दो सप्लायर आमने-सामने

## लंबे समय से राशन की दुकानों पर की जा रही है नमक की बिक्री, जिम्मेदारों की मौखिक स्वीकृति पर चल रहा सप्लाई का खेल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



**अमृत विचारः** सरकारी राशन की दुकानों पर बिकने वाले नमक की सप्लाई को लेकर रार बढ़ गई है। अभी तक इसको लेकर खुलकर सामने आने से सप्लायर बचते रहे, लेकिन अब नए सप्लायर को जिम्मेदारों ने मौन स्वीकृति दी, और पिछले डेढ़ दशक से नमक की सप्लाई करते आ रहे कारोबारी के व्यापार पर ब्रेक लगता दिखा तो लड़ाई उजागर हो गई है। पुराने सप्लायर ने डीएसओ दफ्तर पहुंचकर विरोध जताया। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि कोटे की दुकानों पर नमक सप्लाई कौन करेगा?

सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों पर राशन की दुकानों पर नमक, चाय पत्ती व अन्य सामान की बिक्री लंबे समय से की जा रही है। शासनादेश का हवाला देते हुए अधिकारी इसे सही करार देते आए हैं। हालांकि यह भी तर्क रहता है कि किसी कार्ड धारक पर इसे खरीदने का दबाव नहीं बनाया जाएगा, न ही विभाग का इससे कोई लेना देना है। जनपद में करीब 750 राशन की दुकानें हैं। जबकि शहर में इनकी संख्या 40 के आसपास है। नमक आदि बिक्री के लिए कोई ठेका वगैरह नहीं किया जाता है।

बताते हैं कि अधिकारियों की मौखिक स्वीकृति के बाद सप्लाई चालू करा दी जाती है। अभी तक जनपद की अधिकांश दुकानों पर लक्ष्मी ट्रेडर्स की ओर से नमक की सप्लाई दी जा रही थी। फर्म संचालक के अनुसार 2007 से वह सप्लाई करते आ रहे हैं। कई बार इसे लेकर आरोप प्रत्यारोप भी लगे। हर बार अफसर यह कहकर टाल गए कि किसी भी कार्डधारक पर नमक व अन्य सामग्री जबरन खरीदने का दबाव नहीं बनाया जाता है। इधर, अब बीते कुछ दिनों से नमक के इस खेल को लेकर लड़ाई गहरा गई है।

दरअसल, अब एक नए सप्लायर को मौखिक स्वीकृति दे दी गई है। जिसके बाद कुछ दुकानों पर दूसरे का नमक पहुंचना शुरू हुआ तो पुराने सप्लायर की चिंता बढ़ गई है। शनिवार को सप्लायर ने इसे लेकर पूर्ति विभाग के अधिकारियों से विरोध जताया। इस दौरान मामला गरमाया भी, लेकिन कुछ नतीजा नहीं निकल सका। इसके पीछे राजनीतिक दबाव मुख्य वजह बना हुआ है। शायद यही वजह रही कि जिम्मेदारों ने भी आपस में बातचीत कर सुलह करने की बात कहकर टाल दिया है। प्रयास यह भी रहा कि शहर और ग्रामीण की अलग-अलग सप्लाई आपस में बांट ली जाए, लेकिन इस पर भी सहमति नहीं बन सकी है।

### सप्लायर दिग्गज नेताओं के करीबी, फंसे जिम्मेदार

नमक दोनों सप्लायर एक ही दल से जुड़े बताए जा रहे हैं। दोनों खुद को एक-एक दिग्गज का करीबी होना बताते हैं। एक पक्ष तो इसे लेकर खुलकर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहा है। सप्लायरों के बीच खुद की सप्लाई चालू कराने की लड़ाई के बीच जिम्मेदार फंसते दिखाई दे रहे हैं। नमक की सप्लाई को लेकर एक तरह से जंग सी छिड़ गई है। जिसका नतीजा निकलता नहीं दिख रहा। जिसके चलते चर्चाएं तेज हो गई है।

### नमक के 800 कट्टे से अधिक प्रतिमाह होते हैं सप्लाई

पुराने सप्लायर के अनुसार राशन की अधिकांश दुकानों पर प्रतिमाह करीब 800 कट्टे नमक की सप्लाई होती है। पूरनपुर और अमरिया में नहीं थी। बीसलपुर में जरूर एक जिम्मेदार ने दूसरा सप्लायर लगा दिया था, जो अभी भी काम कर रहा है। बिलसंडा में भी राजनीतिक रसूख रखने वाला सप्लायर है। कोरोना काल के बाद सरकार की ओर से राशन में नमक की सप्लाई की जा रही है। इस दौरान जनपद स्तर से यह सप्लाई बंद कर दी गई थी। अब नमक बंद होने के बाद से दोबारा से राशन की दुकानों पर नमक पहुंचाया जाने लगा है।



इसका ठेका नहीं किया जाता है। शासनादेश के आधार पर सप्लाई हमारी फर्म 2007 से कर रही है। 2018 में सप्लाई बंद किए जाने के आदेश पर हाईकोर्ट की शरण ली और स्टे मिला था। इसमें निर्णय होने तक सप्लाई न रोकने और दूसरा सप्लायर न बनाने के आदेश थे। अब दूसरे सप्लायर को राजनीतिक दबाव में मौखिक स्वीकृति दे दी गई है। अधिकारियों से मिले थे, लेकिन समाधान नहीं हुआ। हमें लिखकर दे दिया जाए कि हम सप्लाई नहीं करेंगे।

– **संजीव मिश्रा**, प्रोपराइटर लक्ष्मी ट्रेडर्स



राशन की दुकानों पर बिकने वाले नमक, चाय पत्ती आदि से विभाग का कोई लेना-देना नहीं है। कोटेदार और सप्लायर आपस में शासनादेश के अनुसार इसकी बिक्री कराते हैं। एक सप्लायर ने आकर अपनी बात रखी थी। इसमें विभागीय स्तर से किसी तरह का कोई ठेका नहीं होता है। यह उनका आपसी मसला है।

– **विकास कुमार**, जिला पूर्ति अधिकारी

# युवक लापता पुलिस हिरासत से भागने का शोर

**घुंघचिहाई, अमृत विचारः** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक लापता हो गया। उसे दस दिन पहले पुलिस ने हिरासत में लिया था। अब न तो पुलिस उसके बारे में जानकारी दे पा रही है, न ही परिजन। युवक के घर पर ताला लटका हुआ है। हिरासत से फरार होने का शोर मचने के बाद पुलिस ने भी युवक की तलाश तेज कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम लुकटिहाई के महेश पुत्र राम औतार ने पिछले वर्ष दूसरी शादी की है। उसका शाहगढ़ की रहने वाली पहली पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। पहली पत्नी की तरफ से युवक के खिलाफ केस कर दिया गया था। जिसका कोर्ट से वारंट जारी किया गया था। पड़ोसियों की मानें तो पुलिस युवक को 19 सितंबर को पकड़कर ले गई थी। जिसके बाद से युवक लापता है। अभिरक्षा से फरार होने की चर्चा तेज हो रही है। युवक के घर पर भी ताला लटका है। पिता रामऔतार की मानें तो वह भी बेटे को तलाश रहे हैं।

# जांच रिपोर्ट कल तक कमिश्नर व शासन को भेजे जाने की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पांच सदस्यीय टीम के जांच पूरी करने पर मची खलबली
- बीसलपुर-शाहजहांपुर हाईवे भूमि अधिग्रहण में हुए खेल का मामला

**अमृत विचारः** बीसलपुर-शाहजहांपुर प्रस्तावित हाईवे के भूमि अधिग्रहण में हुए खेल का मामला शासन स्तर तक पहुंचने से खलबली मची है। उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद जिला प्रशासन की ओर से गठित पांच सदस्यीय टीम ने अपनी जांच पूरी कर ली है। अब इसमें डीएम संयुक्त रिपोर्ट लगाएंगे। माना जा रहा है कि मंगलवार तक स्ट्रक्चर को लेकर कराई गई इस जांच रिपोर्ट को कमिश्नर व शासन को भेज दिया जाएगा।

करीब 47 किमी लंबे प्रस्तावित बीसलपुर-शाहजहांपुर हाईवे के भूमि अधिग्रहण में खेल कर दिया गया। इस हाईवे में जनपद के बीसलपुर क्षेत्र की सबसे अधिक भूमि अधिग्रहित की गई है। बताते हैं कि लखनऊ, बरेली, उत्तराखंड के लोगों ने किसानों को लालच देकर हाईवे के एलाइनमेंट की जमीन खरीद ली।

मोटा मुआवजा हड़पने की नियत से खरीदी गई जमीनों पर बिना नक्शा पास कराए बड़े गोदाम व अन्य भवन बनवा दिए गए। खास बात यह है कि इन जमीनों की खरीद पिछले वर्ष सितंबर में की गई थी। जबकि नोटिफिकेशन 29 दिसंबर 2023 को जारी हुआ था। इस मामले की शिकायत अफसरों तक पहुंची तो मामले का खुलासा हुआ।

इधर मंडल स्तर से मिले निर्देश के बाद डीएम संजय कुमार सिंह ने सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को भूखंडों के ऊपर बनाए गए स्ट्रक्चरों की जांच के लिए टीम गठित करने के निर्देश दिए गए।

> इस मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई थी। संभवता जांच पूरी कर ली गयी है। जल्दी जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।
>
> – **संजय कुमार सिंह**, डीएम

इसके बाद पांच सदस्यीय टीम गठित की गई।

इसमें एआईजी स्टांप, आरईएस व पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता, एसडीएम बीसलपुर और एनएचएआई का एक प्रतिनिधि शामिल किया गया था। शनिवार शाम तक टीम ने स्ट्रक्चर को लेकर मिली जांच पूरी कर ली, जिसे डीएम को सौंपा जाएगा। इसके बाद संयुक्त जांच रिपोर्ट कमिश्नर और शासन को भेजी जाएगी। अधिकारियों की मानें तो जांच रिपोर्ट मंगलवार तक भेज दी जाएगी। दरअसल भूमि अधिग्रहण का खेल अंदरखाने चल रहा था। मगर अखबारों की सुर्खिया बनने के बाद सारा खेल बिगड़ गया।

# नदी किनारे का रास्ता बंद करने पर भड़के ग्रामीण



रास्ता बंद करने पर एकत्र होकर विरोध जताते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, दियोरियाकलां

**अमृत विचारः** नदी पर पुल बन जाने से दक्षिण साइड में चल रहे रास्ते को कुछ लोगों ने अवैध कब्जा करके बंद कर दिया गया। इसकी जानकारी लगने पर ग्रामीणों एकत्र होकर विरोध किया। ग्रामीणों ने मौके पर रास्ता बनाने का प्रयास भी किया। मगर अवैध कब्जा करने वालों ने रोक दिया। ग्रामीणों ने एसडीएम बीसलपुर को ज्ञापन देकर रास्ता दिलाए जाने की मांग की है।

एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि बेनीपुर गांव के पूरब में हाल ही में माला नदी पर पुल निर्माण किया गया है। जिसके कारण पुल के दक्षिण की तरफ जानवरों को पानी पिलाने, दसवां संस्कार के समय नदी में स्नान करने के लिए जो रास्ता दिया गया था, उसे कुछ लोगों ने बंद कर दिया है। ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन देने वालों में नरेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, ख्यालीराम, शिवचरण लाल, भजन लाल, तेज बहादुर, भगवत सरन, प्रमोद कुमार, सोमपाल आदि थे।

# सफाई कर्मचारियों के गायब रहने से बिलसंडा के गांवों में गंदगी का अंबार

संवाददाता, बिलसंडा



बिलसंडा के गांव माहमदपुर में सड़क पर फैली कीचड़। ● अमृत विचार

- कूड़े के ढेरों से उठ रही बदबू से लोग परेशान, बीमारियों का खतरा

**अमृत विचारः** सफाई कर्मियों के ड्यूटी से नदारद रहने से गांवों में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। मच्छरों की बढ़ती तादाद के कारण गांवों में संक्रामक रोग फैलने का डर है। मगर सुधार पर किसी का ध्यान नहीं। सफाई कर्मी बाबूगिरी करने में लगे हैं।

इन दिनों गांवों में सफाई व्यवस्था बेपटरी हो रही है। जबकि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा भी चल रहा है। जगह-जगह कूड़े के ढेर और चोक नालियों से सड़क पर जलभराव हो गया है। मच्छरों भी बढ़ गए हैं। सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में जिम्मेदारों का कोई प्रयास नहीं। अनाधिकृत रूप से एडीओ पंचायत कार्यालय में सफाई कर्मचारी बाबू गिरी करते हुए देखे जा सकते हैं। इन सफाई कर्मियों को गांवों में सफाई व्यवस्था करने की वजाय बाबूगिरी करने में ज्यादा फायदा दिखाई दे रहा है। ग्राम पंचायत बमरौली, करेली में सिर्फ एक एक सफाई कर्मी की तैनाती है। जिसकी वजह से सफाई व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी है। बमरौली में प्रधान रोशन लाल, करेली में ग्राम पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार शर्मा ने ग्राम पंचायत में अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती करने की मांग की। उधर गांव इरादतपुर पगार के मलखान कश्यप, राकेश, शिवराम, मनीष, मेवाराम, झब्बूलाल समेत अन्य ग्रामीणों ने भाजपा विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा को पत्र भेजकर गांव में तैनात सफाई कर्मी के पिछले कई महीनों से नदारद रहने की शिकायत की। उनका कहना था कि सफाई कर्मी के ड्यूटी से गायब रहने की वजह से गांव में सफाई व्यवस्था चौपट है। इसका समाधान कराने की मांग की गई।

# समाज को जातियों में बांटने का काम कर रही भाजपा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पार्टी पदाधिकारियों के साथ जाते सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल। ● अमृत विचार



ग्राम चंदोई में कार्यक्रम स्थल के बाहर मार्ग पर बेतरबीत खड़े वाहन। ● अमृत विचार

- पीडीए सम्मेलन के जरिए सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने सरकार पर साधा निशाना

**अमृत विचारः** पीडीए सम्मेलन में शामिल होने आए सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने भाजपा सरकार पर सीधा निशाना साधा। उन्होंने जातीय जनगणना को जरूरी बताकर भाजपा पर जातियों को बांटने का काम करने का तंज कसा। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के लिए संगठन की एकजुटता पर जोर दिया।

शहर से सटे चंदोई गांव स्थित एक बरात घर में रविवार को समाजवादी पार्टी की ओर से पीडीए सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहे। उन्होंने कहा कि जब तक जातीय जनगणना नहीं होगी, तब तक सभी लोगों को समान अधिकार मिलना संभव नहीं है। उन्होंने भाजपा पर जाति के आधार पर समाज का बंटवारा करने का आरोप लगाया। कहा कि यह न केवल समाज के लिए हानिकारक है, बल्कि विकास की गति को भी प्रभावित कर रहा है। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी समेत कई बिंदुओं पर भाजपा सरकार को घेरने की कोशिश की। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने सपा कार्यकर्ताओं को एकजुटता का संदेश दिया गया।

### ..जब कमरे से बाहर किए गए स्थानीय नेता

पीडीए सम्मेलन के बाद प्रदेश अध्यक्ष चंदोई गांव में सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सतेंद्र कुमार मौर्य के आवास पर गए। बताते हैं कि कमरे में खाना चल रहा था। इस बीच बहेड़ी विधायक के साथ आए कुछ कार्यकर्ता बाहर खड़े थे। पीलीभीत के कई सपा नेता प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात करने के लिए पहुंचे। इस पर स्थानीय नेताओं को धक्का देकर बाहर किया जाने लगा। तंज कसते हुए यह भी पूछ लिया क्या आप लोगों को भोजन करना है? इसको लेकर स्थानीय सपा नेताओं में रोष दिखा। हालांकि स्थानीय नेताओं का कहना था कि उन्हें नहीं पता था कि खाना चल रहा है। वह तो सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर संगठन से जुड़ी बात करने गए थे।

### बेतरतीब खड़े वाहनों से राहगीरों को हुई खासी दिक्कत

पीडीए सम्मेलन के दौरान काफिले में शामिल वाहन बेतरतीब तरीके से खड़े कर दिए गए। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के दौरान पहले टनकपुर हाईवे पर नकटादाना चौराहा पर जहां-तहां वाहन खड़े थे। इसके बाद कार्यक्रम स्थल के बाहर मझोला मार्ग पर भी वाहनों की पार्किंग बेतरतीब होने से जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि वहां मौजूद पुलिस कर्मी वाहनों को हटवाते रहे।

### पूरनपुर में सपा के प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत



**पूरनपुर।** प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के प्रथम बार आगमन पर समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने कार्यकर्ताओं संग भव्य स्वागत किया। कजरी निरंजनपुर गांव के पास फूलमाला पहनाकर व मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक अरशद खां, पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर यादव, पूर्व चेयरमैन मुन्ने मियां अंजाना, प्रदेश सचिव फारूख कादरी, कुलविन्दर सिंह, नोमान अली वारसी, जैगम खान, ओम शर्मा, संजय खान, सिकंदर खान, इमरान वली खान, हरीश वर्मा, नरेंद्र वर्मा, सियाराम शर्मा, अनवर खान अनु, कल्याण सिंह आदि मौजूद रहे।

### कार्यक्रम के दौरान मंच से उतार दिए कई नेता

वैसे तो प्रदेश अध्यक्ष से तो हर कोई खुश दिखा। मगर, कार्यक्रम के दौरान बहेड़ी के एक नेता और उनके साथ आए कुछ कार्यकर्ताओं की भाषा शैली पर स्थानीय नेताओं ने सवाल उठाए। इसे लेकर उनमें नाराजगी भी दिखी। कुछ स्थानीय नेताओं को तो मंच से उतार दिया गया।

# एसपी को पत्र देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**दियोरियाकलां, अमृत विचारः** दियोरियाकलां पुलिस पर आरोपियों से साठगांठ करने का आरोप लगा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आमडंडा की रहने वाली शीला देवी पत्नी बालिस्टर ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पुत्र कौशल कुमार को मलखान, शिवकुमार, जसवीर और इंद्रपाल ने 21 मार्च 2013 को अगवा कर लिया था। जिसे पिंकी देवी व अंगोरा देवी ने देखा था। इसकी रिपोर्ट कोतवाली में 26 फरवरी 2013 को दर्ज हुई थी। कुछ समय बाद बेटा बरामद हो गया। उसने चारों अभियुक्तों द्वारा अपहरण किए जाने की बात बताई थी, लेकिन दियोरिया पुलिस ने अभी तक चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि दो सितंबर को आरोपियों ने दोबारा हमला कर दिया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# छुअत सिला भइ नारि सुहाई, पाहन तें न काठ कठिनाई

## रामलीला महोत्सवः अहिल्या उद्धार व राम-लक्ष्मण के जनकपुरी में भ्रमण की लीला दिखाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** शहर के मोहल्ला परमठ मंदिर में श्रीराम लीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रविवार को अहिल्या उद्धार, जनकपुरी अवलोकन और मीना बाजार की लीला का मंचन कलाकारों की ओर से किया गया। जिसे देखकर भक्त भावविभोर हो उठे।

लीला की शुरुआत उस वक्त होती है जब गुरु विश्वामित्र आश्रम में राम लक्ष्मण को प्राचीन कथाओं का श्रवण कराते हैं। तभी जनकपुरी से आए दूत मुनि विश्वामित्र को सीता स्वयंवर का निमंत्रण देते हैं। अगले दिन मुनि विश्वामित्र के साथ राम लक्ष्मण जनकपुर को प्रस्थान करते हैं। आगे चलते हुए एक निर्जन स्थान पर पहुंचकर मुनि बोले हे रघुकुल नंदन यह तपोभूमि गौतम ऋषि की है। उनकी पत्नी अहिल्या शाप वश पत्थर की शिला बन गई थीं। इन्हें अपने चरण रज की धूल प्रदान करने की कृपा करें।



परमठ मंदिर में अहिल्या उद्धार लीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

प्रभु श्रीराम के चरणों का स्पर्श पाकर अहिल्या अपने वास्तविक रूप में आकर बोली- हे! करुणा निधान आप ऐसे ही सदैव मुझ पर कृपा बनाए रखें। इतना कहकर उन्होंने पति लोक को गमन किया। यह मंचन देख सभी प्रभु राम की जय जयकार करने लगे। जनकपुर पहुंचकर विदेहराज ने कुलगुरु शतानंद के साथ मुनि विश्वामित्र का स्वागत कर यथोचित सम्मान किया, और राम लक्ष्मण का परिचय प्राप्त कर अत्यंत हर्षित हुए। रात्रि में राम-लक्ष्मण मुनि की आज्ञा पाकर जनकपुर देखने के लिए नगर में पहुंचे। वहां नगर की सुंदरता को देख दोनों भाई बहुत प्रफुल्लित हुए। उन्होंने रंग भूमि में सीता स्वयंवर के लिए रखे शिव धनुष को भी देखा। राम-लक्ष्मण ने शिव धनुष को आदर सहित प्रणाम किया और वापस मुनि के पास लौट चले। दोनों भाई मुनि की सेवा करते हैं। मुनि उन्हें शिव धनुष के बारे में सम्पूर्ण ब्रतांत सुनाते हैं। यह मंचन देख सभी भक्त प्रभु राम की जय जयकार हर्षित हो उठे।

### लीला देखने वालों में ये लोग रहे मौजूद

महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, प्रेम सिंह, केशव सक्सेना, संजीव शर्मा, अंकुर गुप्ता, राकेश सरीन, विश्वास प्रकाश सक्सेना, रमाकांत पांडेय, डा. विश्वनाथ दीक्षित, नरेश शुक्ला, भानु प्रताप सिंह, अमरीश शर्मा, डा. शैलेंद्र नाथ मिश्रा, आयुष सक्सेना, अवनीश शर्मा, अमित जौहरी, आकाश कश्यप हिमांशु कश्यप, संजय पांडेय, सोमनाथ, निशांत तिवारी, अंकुर रहे।

## बीसलपुर में पार्वती जन्म लीला का मंचन

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचारः** श्रीराम लीला मेले में रविवार को पार्वती के जन्म की लीला का मंचन किया गया। लीला में दिखाया गया कि महाराज हिमालय के यहां पुत्री का जन्म होता है। नारद ऋषि कन्या का नाम पार्वती रखते हैं। वह कन्या की हस्तरेखा देख उनके गुणों का बखान करते हैं। पति के बारे में बताते हैं कि इन्हें ऐसा पति मिलेगा जो श्मशान में निवास करेगा। उसके अंग पर सर्प, कांतर, बिच्छू आदि होंगे। वह पार्वती से तपस्या करने को कहते हैं। इधर, भगवान शंकर समाधि में रहते हैं। भगवान नारायण उनको दर्शन देते हैं। पार्वती का विवाह करने के लिए आग्रह करते हैं। शंकर जी पार्वती की परीक्षा के लिए सप्त ऋषि को भेजते हैं, लेकिन पार्वती अपने संकल्प से नहीं हटती हैं। इसके पूर्व कामदेव शिव की समाधि भंग करने का प्रयास करता है। इससे रुष्ट होकर वह कामदेव को भस्म कर देते हैं। मेला कमेटी प्रबंधक गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि सोमवार को महादेव विवाह का मंचन होगा।



बीसलपुर में आयोजित मेले में मंचन करते कलाकार।

# रामलीला से पहले नगर में शोभायात्रा निकाली

संवाददाता, बीसलपुर


**अमृत विचारः** नगर में रामलीला मेला गणेश पूजन के साथ रविवार को शुरूहो गया। रामलीला से पहले दिन में कस्बे में धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। नगर में कई जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत रविवार शाम चार बजे से कटरा बाजार से मेला कमेटी के तत्वावधान में गणेश शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। सबसे आगे गणेश प्रतिमा की झांकी आकर्षक ढंग से सजाई गई थी। यात्रा के पीछे ठेलों पर विभिन्न देवी देवताओं के स्वरूप सजाए गए। बैंड बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा का श्रद्धालुओं ने कई जगह स्वागत किया। देव प्रतिमाओं की पूजा अर्चना की। प्रमुख मार्गों से होते हुए शोभायात्रा मेला मैदान पर पहुंची, जहां गणेश पूजन किया गया।



धूमधाम से निकली शोभायात्रा में शामिल गणपति बप्पा की झांकी।

पूजन के अवसर पर अशोक भट्ट ने विधि विधान से कराया। इस मौके पर लीला प्रबंधक गोपाल अग्रवाल, मोहित मित्तल, अभय मित्तल, विपिन कुमार पांडे, सचिन अग्रवाल, दीपू अग्रवाल, मृदुल किशोर त्रिगुणायत आदि मौजूद रहे।


अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं










अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

दि कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक लि0, नैनीताल

दि कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक लि0 उत्तराखण्ड राज्य का एक प्रमुख नगरीय सहकारी बैंक (Urban Cooperative Bank) विगत 42 वर्षों से उत्तराखण्ड राज्य की सम्मानित जनता की सेवा में समर्पित।

हमारी विशेषताएं :-

1. बचत खाते में प्रतिमाह ब्याज भुगतान । (Monthly payment of interest in Saving Bank A/c)
2. इंटरनेट बैंकिंग सुविधा युक्त उत्तराखण्ड का प्रथम नगरीय सहकारी बैंक।
3. सी०बी०एस० (CBS), आर०टी०जी०एस० (RTGS), एन०ई०एफ०टी० (NEFT), लॉकर, ए०टी०एम० व क्यूआर कोड (QR Code) सुविधा।
4. जमा योजनाओं में अन्य बैंकों से अधिक एवं आकर्षक ब्याज दरें।
5. व्यापारियों, स्वनियोजित/पेशेवर व्यक्तियों, वेतनभोगियों व अन्य के लिए आकर्षक ब्याज दरों पर यातायात, वाहन, भवन, उपभोग ऋण, बैंक की सावधि जमा व अन्य तरल अमानतों एवं स्वर्ण आभूषणों के विरुद्ध तत्काल प्रोसेसिंग एवं शीघ्र ऋण/अग्रिम।
6. मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, वीर चन्द्र सिंह गढवाली पर्यटन स्वरोजगार योजना, दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास विकास योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं अन्य सरकारी योजनाओं में बैंक की भागीदारी।


विशेष आकर्षण :-


- 1 वर्ष से 2 वर्ष तक के मियादी जमा खाते में 7.25% (वरिष्ठ नागरिकों हेतु 7.75%) ब्याज दर।
- विशेष योजना सावधि जमा एकल निवेश में रु. 25 लाख व अधिक की धनराशि पर 8% ब्याज दर।

अधिक जानकारी के लिये कृपया हमारी वेब साईट www.kurmanchalbank.com देखें।

कृपया बैंक की निकटतम शाखा में संपर्क कर खाता खुलवाएं एवं आकर्षक ब्याज दरों के साथ इंटरनेट बैंकिंग सुविधा का लाभ उठाएं।

(अक्षय कुमार साह)
सचिव/ मुख्य कार्यकारी अधिकारी






# पितृ पक्ष में 70 फीसदी घट गया कारोबार, अब नवरात्र का इंतजार

## दुकानदार खाली बैठकर गुजार रहे दिन, बाजारों में छाया रहता है सन्नाटा, दो दिन बाद बाजारों में लौटने लगेगी रौनक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : पितृ पक्ष में खरीदारी से लेकर कोई शुभ कार्य करने से लोग बचते हैं। इस कारण इन दिनों बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है। चाहे कपड़े की दुकान हो या सराफा बाजार हर तरफ मंदी छाई हुई है। व्यापारियों के अनुसार कारोबार में करीब 60 से 70 फीसदी गिरावट आई है। हालांकि तीन अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि शुरू हो जाएंगे हैं। इसको लेकर व्यापारी तैयारी में जुट गए हैं। उम्मीद है कि नवरात्र में बाजार उछाल मारेगा। शहर में प्रतिदिन करीब 50 लाख रुपये से अधिक का कारोबार होता है, जो पितृपक्ष में 20 लाख से भी नीचे आ गया है।

पिछले करीब दो सप्ताह से पितृ पक्ष चल रहे हैं। इस वजह से बाजारों में चहल पहल कम हो गई है। माना जाता है कि पितृ पक्ष में लोग नए मांगलिक कार्य, कपड़े, जेवर, बर्तन व वाहनों की खरीदारी से बचते हैं, जिसका सीधा असर बाजार के कारोबार पर पड़ता है। पितृ पक्ष के चलते बाजार में इन दिनों सन्नाटा पसरा है। जहां पितृ पक्ष से पहले शहर के स्टेशन रोड, चूड़ी वाली गली, जेपी रोड, चौक बाजार, लाल रोड समेत अन्य बाजारों में रौनक रहती थी। वहां अब दुकानों में व्यापारी खाली बैठे हैं। दुकानों पर यदाकदा कोई ग्राहक आ जाए तो बहुत है। ऐसे में दुकानदार परेशान हैं। उनका खर्च तक नहीं निकल पा रहा है। इसलिए रेडीमेड की दुकानों पर कई दुकानदारों ने आफर भी देना शुरु कर दिया हैं। ताकि माल निकल जाए। यहीं हाल शहर के सराफा बाजार का है। शहर की सभी ज्वैलर्स की दुकानें ग्राहकों की भरमार रहती थी, लेकिन वहां भी अब कारोबारी ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में दुकानदारों को नवरात्रि की शुरुआत का इंतजार है। तीन अक्टूबर से शुरु होने वाले नवरात्रि को लेकर भी बाजार में तैयारी शुरु हो चुकी है। दो अक्टूबर को पितृ पक्ष का अंतिम दिन होगा और इसके बाद नवरात्र के शुभारंभ के साथ कारोबार के लिए नए द्वार खुलने की उम्मीद है। व्यापारियों का मानना है कि नवरात्र के बाद करवाचौथ, धनतेरस और दीपावली जैसे त्योहारों का सिलसिला उनके लिए मंदी का दौर खत्म कर व्यापार को नई रफ्तार देगा। उनका कहना है कि बाजार में जिस तरह की चहल-पहल दिख रही है, उससे पूरी उम्मीद है कि अगले 30 दिन बाजार के लिए बहुत अच्छे साबित होंगे। नवरात्र में सबसे अधिक खरीदारी सराफा, इलेक्ट्रॉनिक आइटम और बाइक और कारों की होती है। इसलिए यहां अधिक तैयारियां देखने को मिल रही है।


शहर में बर्तन की दुकान पर ग्राहकों का इंतजार करते कारोबारी। ● अमृत विचार


जेपी रोड पर कपड़े की दुकान पर ग्राहक के इंतजार में बैठे दुकानदार। ● अमृत विचार


आने वाले शारदीय नवरात्रों की तैयारियों में जुटे दुकानदार और कर्मचारी।

### नवरात्र में खरीदारी को होने लगी बुकिंग

पितृ पक्ष समाप्त होने में तीन दिन बचे हैं। नवरात्र के दिनों में अधिकतर लोग बाइक और कार की खरीदारी करते हैं। इसको लेकर लोगों ने पहले ही बुकिंग करा दी है, जो नवरात्र में वाहन खरीदेंगे। इन दिनों इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल की डिमांड सबसे अधिक है। इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल विक्रेताओं की मानें तो नवरात्र में खरीदारी करने के लिए हर दुकान पर करीब पांच से 10 वाहनों की बुकिंग हो चुकी है। इसी तरह अन्य बाइकों की बुकिंग चल रही है। बजाज शोरूम के मलिक सौरभ अग्रवाल की मानें तो पीलीभीत में नवरात्र में बाइक का बाजार उठता है, लेकिन अधिक रफ्तार दशहरा और दिवाली के समय होती है। नवरात्र के लिए अभी तक शोरूम पर 20 बाइकों की बुकिंग हो चुकी है। आगे कारोबार बेहतर होने की उम्मीद है। कार शोरूम संचालक शोभित गुप्ता ने बताया कि इस बार सीएनजी कार की डिमांड अधिक है। जिसका स्टॉक भी ऊपर से पूरा नहीं मिल पा रहा है। लोगों ने पहले ही बुकिंग करा दी है। नवरात्र के समय बेहतर कारोबार होने की उम्मीद है।

### इलेक्ट्रॉनिक के सामान में चलेगा ऑफर

सर्दी की शुरुआत होते ही लोगों ने गीजर और हॉट एंड कूल एसी के बारे में पूछताछ शुरु कर दी है। जिसकी खरीदारी लोग नवरात्र के दिनों से शुरु कर देते हैं। ग्राहकों का रुख देखते हुए बाजार में इसको लेकर व्यापारियों ने तैयारी शुरु कर दी है। इलेक्ट्रॉनिक का कारोबार करने वाले व्यापारियों ने नए प्रोडक्ट का ऑर्डर लगा दिया है। एलईडी टीवी की डिमांड बढ़ी है। ग्राहकों को उम्मीद है कि नवरात्रि के बाद आने वाले त्योहारों पर कंपनी की ओर से आफर निकाले जाएंगे। इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी अफरोज जिलानी ने बताया कि फेस्टिवल आफर चलते हैं। अभी कोई आफर नहीं आया है। जल्द आने की उम्मीद है।


रक्षाबंधन और तीज के बाद से ही कपड़े का बाजार डाउन है। पितृ पक्ष में नाममात्र ग्राहकी रह गई है। अब नवरात्रि में बेहतर कारोबार होने की उम्मीद है। इसको लेकर तैयारी कर ली गई है। मौसम के हिसाब से कपड़े के ऑर्डर भी लगा दिए गए हैं। जिनका स्टॉक भी नवरात्रि के बाद आना शुरू होगा। **–जितेंद्र गुप्ता** कपड़ा व्यापारी


बर्तन का कारोबार ठप पड़ा है। पितृपक्ष में लोग बर्तन खरीदना तो बिल्कुल अशुभ मानते हैं। इसलिए ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है। पितृपक्ष समाप्त होने का इंतजार कर रहे हैं। बर्तन की सबसे अधिक खरीदारी दिवाली और दशहरा के वक्त पर होती है। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। **– पंकज अग्रवाल** बर्तन व्यापारी

## एक नजर

### छात्रा का फोटो खींचकर आई लव यू लिख कर दिया वायरल

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने बताया कि उसकी 14 वर्षीया पुत्री शहर में एक इंटर कॉलेज में कक्षा नौ की छात्रा है। मोहल्ले में आरोपी दीपक की नानी रहती हैं। उसका अपनी नानी के यहां आना-जाना है। आरोपी उसकी बेटी को कॉलेज आते-जाते समय छेड़ता है और गंदे कमेंट करता है। आरोपी ने उनकी बेटी का फोटो मोबाइल से खींच इंस्टाग्राम पर आई लव यू लिखकर वायरल कर दिया। इससे बेटी और परिवार की बदनामी हो रही है। महिला ने आरोपी के घर जाकर शिकायत की तो उन्होंने बेटे को समझाने के बजाय उन्हीं के साथ अभद्र व्यवहार किया। आरोपी शहर में एक निजी अस्पताल में काम करता है। 26 सितंबर को दोपहर डेढ़ बजे आरोपी ने उसके बेटे को रास्ते में रोक लिया और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि सबको बदनाम कर दूंगा। आरोपी फोटो का दुरुपयोग करके उसके परिवार की बदनामी कर सकता है। उसकी बेटी को आरोपी से जान माल का खतरा बना हुआ है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**निगोही।** गांव मिश्रीपुर निवासी संजय सिंह रविवार शाम छह बजे बाइक से डालमिया चीनी मिल निगोही से जा रहे थे। सामने से शाहजहांपुर से कार आ रही थी। बझेडा पुलिया के निकट कार और बाइक की भिड़ंत हो गई। जिससे बाइक सवार संजय गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# भक्ति मार्ग में व्यक्तिगत साधन नहीं, ईश्वर की कृपा का महत्व

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **कथाव्यास ने भक्तों को समझाया ज्ञानी और भक्त के बीच का अंतर**
- **श्रीरामकथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में उमड़ी भीड़**

**अमृत विचार**: श्रीराधा माधव संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में मोहल्ला साहूकारा स्थित श्रीराधा रमण मंदिर में चल रही राम कथा के चौथे दिन रविवार को कई प्रसंगों का वर्णन किया गया। कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा कि भक्त भगवान की कृपा पर आश्रित रहता है। भक्त और ज्ञानी में यही अंतर है।

ज्ञानी कहता है अगर भाग्य में है तो अवश्य मिलेगा, लेकिन भक्त कहता है भाग्य में तो कुछ नहीं है। भगवान की कृपा होगी तो मिलेगा। भक्ति को एकमात्र भगवान की कृपा का आश्रय होता है। ज्ञानी कहता है मैं प्रभु को पाकर रहूंगा, लेकिन भक्त कहता है मेरी कोई योग्यता व पात्रता नहीं है। वह आ जाएं तो उनकी कृपा होगी। रामायण में जब श्री भरत प्रभु राम के पास चित्रकूट जाते हैं तो यही विचार करते हैं कि मैं सब प्रकार से अपराधी हूं, मेरे कारण ही श्रीराम को वनवास हुआ है। मैं स्वीकार करने योग्य नहीं अगर प्रभु राम मुझे स्वीकार कर लें ,मेरा आग्रह स्वीकार कर लें तो उनकी कृपा होगी। कहा कि भक्ति मार्ग में व्यक्तिगत साधन का महत्व नहीं भगवान की कृपा का महत्व है। क्योंकि भक्त जानता है भगवान साधन से नहीं अपनी कृपा से मिलते हैं।

# तिरुपति प्रसाद कांड की सीबीआई जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बरेली जाकर कमिश्नर को दिया ज्ञापन**

**अमृत विचार**: तिरुपति बालाजी मंदिर में चढ़ाए जाने वाले महाप्रसाद में चर्बी और मछली के तेल की मिलावट को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पीलीभीत से विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के तमाम कार्यकर्ता रविवार को बरेली गए और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन कमिश्नर को सौंपा। इसमें मामले की सीबीआई जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई।

कमिश्नर को दिए गए ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्राचीन काल से हिंदुस्तान धार्मिक विविधता और आस्था के लिए जाना जाता है। सनातन धर्म की जड़े इस देश की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर में गहरी है। इस पवित्र भूमि पर हजारों सालो से मंदिर, धर्मशालाएं और आश्रम लोगों की धार्मिक आस्था और सामाजिक सेवा के केंद्र रहे हैं। वर्तमान में एक विचित्र और चिंताजनक स्थिति देखी जा रही है। अधिकांश प्रमुख मंदिरों पर सरकार का सीधा नियंत्रण है। इसके परिणामस्वरूप कई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। ज्ञापन में देश के सभी मंदिरों से सरकारी नियंत्रण हटाने की बात कही गई। ये मांग की गई कि तिरुपति बालाजी मंदिर के भोग महाप्रसाद में मिलावट के मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए। दोषियों को शीघ्र कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए उनके जघन्य ने अपराध के लिए कठोरतम दंड मिले।

ज्ञापन देने वालों में पीलीभीत के विहिप जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण गंगवार, अध्यक्ष, जगदीश सक्सेना, शिरीष सक्सेना, हरीश दुलवानी, नंदकिशोर, विभाग मठ मंदिर प्रमुख अंब्रिश ,जिला संगठन मंत्री प्रिंस गौड़,जिला मंत्री प्रवीन मोहन अग्रवाल,अमित गुप्ता,जिला संयोजक विधि प्रकोष्ठ नीरज शुक्ला,संतोष मिश्रा, रामानुज, महेश पाठक, रणवीर पाठक, अजय राठौर, आदित्य रत्नाकर, ईश्वरी प्रसाद, नरेश वर्मा, परमजीत कौर, राजेंद्र कौर, हरप्रीत कौर, अंजू गंगवार,माधुरी,सोनी पटेल,दक्षता पटेल,संजीव गुप्ता,कुणाल,नारायण हरि,राकेश आदि रहे।


कमिश्नर को ज्ञापन देने बरेली जाते विहिप व बजरंगदल कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### किसान ऋण पोर्टल पर सदस्यों का डाटा फीड कराएं



**पीलीभीत, अमृत विचार** : जिला सहकारी बैंक लिमिटेड शाखा पीलीभीत पर समिति के सचिवों की बैठक हुई। जिसमें शाखा प्रबंधक सौरभ गंगवार ने कहा कि वर्ष 2023 और 2024 का जो भी सदस्य लेनदेन कर रहे हैं उन सभी सदस्यों की फीडिंग किसान ऋण पोर्टल यानि आईएसएस पोर्टल पर जल्द से जल्द डाटा फीड कराएं। बैठक में बिठौराकलां बी पैक्स सचिव मनोज कांत मिश्रा, कल्यानपुर नौगवां सचिव आनंद कुमार वर्मा, दहगला बी पैक्स सचिव रामकुमार, अजीतपुर बी पैक्स सचिव अभिनय यादव, रिजवी मलिक और पीलीभीत बी पैक्स सचिव मोहम्मद रहीस मौजूद रहे।

### स्काउट गाइड शिविर संपन्न कराएं समस्त विद्यालय




**पीलीभीत, अमृत विचार** : भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश पीलीभीत द्वारा आयोजित सीबीएसई विद्यालयों के प्रधानाचार्य की बैठक शनिवार को बेनहर पब्लिक स्कूल में सिटी मजिस्ट्रेट/जिला मुख्य आयुक्त विजय वर्धन तोमर की अध्यक्षता में हुई। सर्वप्रथम अतिथियों को स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया और स्काउट गाइड प्रार्थना हुई। समस्त प्रधानाचार्य को स्काउट/गाइड की गतिविधियों की जानकारी दी। स्काउट गाइड पंजीकरण, नवीनीकरण के लिए अवगत कराया। जिला मुख्य आयुक्त ने कहा कि स्काउट गाइड के शिविरों को अनिवार्य रूप से समस्त विद्यालय संपन्न कराएं। बताया कि वह भी पूर्व में स्काउट रहे हैं। स्काउट गतिविधि एक प्रकृति और समाज से जोड़ने का कार्य करती है। संचालन जिला संगठन आयुक्त स्काउट अभिषेक पांडे ने किया।

### तेंदुआ ने नीलगाय को बनाया निवाला

**खुटार, अमृत विचार** : गांव प्रतापपुर में तेंदुआ की लगातार चहलकदमी बरकरार है। जिस कारण ग्रामीण खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं। आशंका है कि तेंदुआ खेतों में डेरा डाले हुए है। इसके बावजूद वन विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। क्षेत्र के गांव प्रतापपुर निवासी अधिवक्ता कृष्ण प्रताप सिंह ने बताया कि वह रोजाना खेत की तरफ छुट्टा पशुओं और नीलगाय से धान की फसल रखाने जाते थे। शनिवार शाम करीब पांच बजे कुछ लोग खेत की तरफ गए थे। लौटकर उन्होंने बताया कि खेत में एक नीलगाय मृत पड़ी है। कृष्ण परिवार के संजय सिंह, सानू सिंह, बृजेश सिंह आदि लोगों के साथ लाठी डंडों से खेत पर पहुंचे। जहां किसी जानवर के अवशेष धान के खेत में मिले और आसपास पगचिन्ह मिले। आशंका जताई कि यह नीलगाय है। उधर, खुटार थाने में होमगार्ड राम सिंह शनिवार शाम पैदल घर जा रहे थे। करीब 200 मीटर दूर खेत में तेंदुआ दिखाई दिया। तो उनके होश उड़ गए।

# अहिल्याबाई होल्कर प्रतियोगिता संपन्न, विजेता पुरस्कृत

संवाददाता, मझोला

**अमृत विचार**: चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह डा. डालचंद ने विद्यार्थियों को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन परिचय के बारे में बताया। प्रतियोगिता बाल वर्ग और किशोर वर्ग में हुई। इसमें कक्षा छह से कक्षा 10 तक के प्रतिभागियों के लिए बहु विकल्पीय प्रश्न और कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता कराई गई। बालक बहुविकल्पीय प्रतियोगिता में सुहानी वर्मा ने प्रथम, साहिबा द्वितीय, शीतल तृतीय स्थान पर रहीं। किशोर वर्ग की बहुविकल्पीय प्रतियोगिता में पवित्रा कुमारी और वैष्णवी मौर्य प्रथम, अंकिता देव और संजना द्वितीय जबकि मानवी व काजल मौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग की निबंध प्रतियोगिता में प्रिया कुमारी प्रथम, सोनम पाठक द्वितीय, किरण राठौर तृतीय रही। प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।


प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं। ● अमृत विचार

### बापू के सिद्धांतों और योगदान पर पोस्टर बनाए



**मझोला, अमृत विचार** : एसके पब्लिक स्कूल बिरहनी में गांधी जयंती को लेकर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता हुई। इसमें विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के जीवन, सिद्धांतों और उनके योगदान को दर्शाते हुए विभिन्न रचनात्मक पोस्टर बनाए। सत्य, अहिंसा और स्वदेशी जैसे सिद्धांतों को पोस्टरों के माध्यम से खूबसूरती से प्रस्तुत किया। हर पोस्टर में महात्मा गांधी के संदेश और उनके स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को उजागर किया गया। प्रधानाचार्य जीवन शर्मा ने रचनात्मकता की सराहना की। इस मौके पर शिक्षक प्रमोद कुमार, माहे निगार, बलजीत कौर आदि मौजूद रहे।

### हादसे में घायल महिला की मौत

**बरखेड़ा, अमृत विचार**: कस्बे के वार्ड नंबर एक की रहने वाली 35 वर्षीय लक्ष्मी देवी पत्नी रामनिवास उर्फ पप्पू अपनी व पुत्री की दवा लेने के लिए 24 सितंबर को पति संग बाइक से अमरिया क्षेत्र में दवा लेने गई थी। अमरिया से एक किलोमीटर पहले गड्ढे में बाइक का पहिया जाने पर झटका लगा और लक्ष्मी देवी गिरकर घायल हो गई थी। उनको मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया था। हालत में सुधार न होने पर परिजन उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां शनिवार देर शाम महिला की मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर आ गए। जिसके बाद रविवार को गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कराया गया। मृतक के चार बच्चे हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# सर्राफा मार्केट में कारोबारी लगवाएंगे सीसीटीवी कैमरे

संवाददाता, बिलसंडा

- **शांति समिति की बैठक में एसओ के सुझाव पर दी सहमति**

**अमृत विचार**: त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। एसओ के सुझाव पर व्यापारियों ने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने की हामी भरी।

थानाध्यक्ष प्रमेंद्र सिंह ने रविवार को आयोजित बैठक में त्योहारों पर सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। उन्होंने सर्राफा बाजार में कारोबारियों से अपने-अपने प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी कैमरे भी लगवाने का आग्रह किया। जिस पर दुकानदारों ने सहमति जताई। उधर कमल पार्क तिराहे पर संचालकों द्वारा हर समय ई रिक्शा आड़े तिरछे खड़ा किए जाने की वजह से लगने वाले जाम को लेकर भी शिकायत रखी। इस पर थानाध्यक्ष ने सोमवार को सभी ई रिक्शा संचालकों की बैठक बुलाने की बात कही।

आठ अक्टूबर को नगर के रामलीला मैदान पर होने वाले मां दुर्गा जागरण की सुरक्षा व्यवस्था और पांच नवंबर से शुरू होने वाले रामलीला मेले को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष रमेश गुप्ता एडवोकेट, मेला प्रबंधक रवि शुक्ला, व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष अरविंद अवस्थी, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रम गंगवार, नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता , सर्राफा कारोबारी हरिशंकर वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, प्रमोद वर्मा उर्फ पप्पू रहे।


शांति समिति की बैठक में मौजूद व्यापारी व अन्य। ● अमृत विचार

### परंपरागत तरीके से मनाएं त्योहार, नई परंपरा न डालें



- **अमरिया थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक में दी चेतावनी**

**अमरिया, अमृत विचार** : त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से पूर्व में ही निषेधाज्ञा लागू कर दी गई थी। रविवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें परंपरागत तरीके से पर्व मनाने को कहा गया। थाना परिसर में हुई बैठक में आगामी दुर्गा पूजा, नवरात्रि, दशहरा, दीपावली आदि पर्वों के दृष्टिगत थाना परिसर अमरिया में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्म गुरुओं, ग्राम प्रधानों, एवं धार्मिक आयोजन करने वाली समितियों से जुड़े लोगों को शामिल किया गया। एसओ ब्रजवीर सिंह ने कहा कि पर्व को परंपरागत तरीके से मनाएं। किसी तरह की नई परंपरा न डाले। खासकर सोशल मीडिया पर माहौल खराब करने से जुड़े मेसेज आदि पर विशेष ध्यान न दिया जाए। अगर कोई खुराफात करता दिखाई दे तो सूचना पुलिस को दें, उस पर सख्त एक्शन लिया जाएगा। धार्मिक स्थलों में सीसीटीवी कैमरा लगवाने का भी आग्रह किया गया। इस मौके पर परमजीत सिंह ,शेर मोहम्मद ,खालिद,मोहम्मद नईम, छत्रपाल, सोबरन सिंह, मिन्हाजुद्दीन खां, हसीब अंसारी ,व्यापार मंडल अध्यक्ष असगर अली, इमरान कादरी आदि रहे।

# दशहरा मेला को लेकर विवाद बरकरार

## सांस्कृतिक धरोहर को लेकर असमंजस में नगरवासी, प्रशासन भी नहीं निकाल सका हल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शहर के दशहरा मेला (रामलीला के अतिरिक्त) को लेकर शुरू हुआ विवाद थमता नहीं दिख रहा है। गत दिनों प्रशासन के साथ सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट और पालिका बोर्ड सदस्यों की हुई बैठक भी मेला कौन कराएगा, इसका निर्णय नहीं हो सका। हालांकि दोनों पक्ष (पालिका प्रशासन एवं ट्रस्ट के सरवराहकार) मेला कराने पर अड़े हैं। भले ही पालिका प्रशासन ने इस मामले पर कोई कवायद न शुरू की हो, लेकिन ट्रस्ट ने रामलीला के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तिथि निर्धारित उनकी सूची तक सार्वजनिक कर दी है।

शहर की सांस्कृतिक धरोहर पर छिड़ी रार से हर कोई हलकान है। हर कोई मेला होगा कि नहीं इसको लेकर चिंतित है। हालांकि पालिकाध्यक्ष भले ही मेला कराने की बात पुख्ता के साथ कर रही हों, लेकिन दशहरा मेले को लेकर अब तक किसी तरह की कवायद शुरू न करने से पालिका प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। पालिका सदस्यों के मुताबिक गत वर्षों में दशहरा मेले को लेकर दो माह पहले ही टेंडर प्रक्रिया कराई जाती थी और इसके बाद मेला मैदान में काबिज दुकानदारों को जगह खाली करने की नोटिस जारी होती थी। मगर, इस पर पालिका प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। जबकि मेला कराने का समय बेहद करीब आ गया है।


मेला मैदान से खोखे से सामान हटाता दुकानदार। ● अमृत विचार

> लखीमपुर का दशहरा मेला में कोई नई पद्धति स्वीकार नहीं, मेला जहा होता वही हो। नगर पालिका अपने कर्तव्यों से पीछे न हटे सभी बाधाए दूर करे जिला प्रशासन कड़े कदम उठाए अवैध वसूली पर रोक लगे राम लीला वा सांस्कृतिक कार्यक्रम जिस तरीके से होते थे हो।

> मेलादशहरा2022 में एकगैंग बनाथा जो मेलेको ठेकेपर लेकर कराना चाहताथा परन्तुउस समय कीअध्यक्ष निरुपमामौनी बाजपई के कारण सफल नहीहो पाया

सोशल मीडिया पर दशहरा मेले को लेकर इस तरह वायरल हो रहे कमेंट।



“ मेले को लेकर प्रशासन एवं पालिका बोर्ड सदस्यों संग बैठक हुई थी, जिसमें ट्रस्ट ने जमीन संबंधी दस्तावेज एसडीएम को दिखाए थे, जिसमें उन्होंने ने भी माना कि जमीन का मालिक ट्रस्ट ही है। मेला ट्रस्ट ही कराता आया है और कराएगा भी। पालिका प्रशासन लोगों में भ्रम फैलाता आया है कि मेला वह कराता है। मेला कराने के लिए मैदान भी खाली होना शुरू हो गया है।
**- विपुल सेठ, सरवराहकार, सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट मथुरा भवन**



नगर पालिका ही मेला कराती थी और इस बार भी पालिका ही कराएगी। चाहें जैसे कराएं। फिलहाल गत दिवस प्रशासन एवं ट्रस्ट के साथ सदन की बैठक हुई थी, जिसे ट्रस्ट के सरवराकर ने मेला कराने के लिए कहा था, जिसे सदन ने स्वीकार नहीं किया। मेला किस विधा से कराएंगे वह नहीं बता सकते।
**-डॉ. इरा श्रीवास्तव, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद लखीमपुर**

## तीन घटनाओं का खुलासा, एक गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना फूलबेहड़ पुलिस ने चोरी की तीन घटनाओं का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से नगदी, सोने-चांदी के जेवर और मोबाइल बरामद होने का दावा किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का चालान किया है। एसआई पवन प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने थाना पढ़ुआ के गांव टापरपुरवा निवासी छोटकन्न को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 3480 रुपये की नगदी और बड़ी संख्या में सोने-चांदी के जेवर, मोबाइल आदि बरामद हुआ है। पुलिस का दावा है कि आरोपी ने थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में दो और शारदा नगर क्षेत्र में एक चोरी की वारदात को करने स्वीकार किया है।

## शहीद भगत सिंह स्कूल में कवि सम्मेलन दो को

**अलीगंज, अमृत विचार :** शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल कोरारा का वार्षिकोत्सव एवं कवि सम्मेलन दो अक्टूबर को होगा। आयोजक ग्राम प्रधान कमलेश कुमार ने बताया कि वार्षिकोत्सव पूर्वान्ह 10 बजे से किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। शाम छह बजे से होने वाले कवि सम्मेलन में रामकिशोर तिवारी (बाराबंकी), कृष्ण कुमार मौर्य सरल (लखनऊ), विजय तन्हा (शाहजहांपुर), अजय प्रधान (बाराबंकी), कमलकांत तिवारी (बरेली), डॉ नीरज पांडे (रायबरेली), शशि श्रेया (लखनऊ), अशोक अग्निपंथी लखनऊ को आमंत्रित किया गया है।

# दो दिन में 203 गर्भवतियों की निःशुल्क जांच

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


● **25 दिन बाद फिर से महिला अस्पताल में एक रुपये में जांच सुविधा मिलनी शुरू हो गई है**

| तारीख | ओपीडी | अल्ट्रासाउंड जांच |
|---|---|---|
| 26-27 सितंबर | 571 | 143 |
| 28 सितंबर | 264 | 60 |

**अमृत विचारः** डीएम की पहल पर पलिया सीएचसी की अल्ट्रसाउंड मशीन महिला अस्पताल में शिफ्ट हो गई है। इससे गर्भवतियों को 25 दिन बाद फिर से महिला अस्पताल में एक रुपये में जांच सुविधा मिलनी शुरू हो गई है। बुधवार शाम मशीन लगने के बाद दो दिन में 203 गर्भवतियों को निशुल्क जांच सुविधा मिली है। जबकि मशीन ठीक न होने के कारण तीमारदार निजी सेंटरों पर जाकर 800 से 1000 रुपये खर्च करने के लिए मजबूर थे।

महिला अस्पताल में रोजाना 250 से 300 नए पर्चे बनते हैं। वहीं 70 से 80 पुराने पर्चे पर गर्भवतियों को परामर्श मिलता है। इसमें से करीब 70 से 80 गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड जांच कराने के लिए लिखा जाता है। इनमें उन महिलाओं की संख्या सर्वाधिक होती है, जिनकी गर्भावस्था तीन, छह एवं सात माह की होती है या फिर आठ से नौ माह के बीच की। क्योंकि शासन के निर्देश पर जच्चा बच्चा की कुशलता जानने के लिए इन माह वाली गर्भवतियों की जांच कराना जरूरी है। मगर, 25 दिन तक अल्ट्रासाउंड मशीन खराब रहने से गर्भवतियों की जांच नहीं हो पा रही थी। ऐसे में तीमारदार यह अनिवार्य जांचे निजी सेंटर पर कराकर 800 रुपये लेकर 1000 रुपये तक खर्च करने के लिए मजबूर थे। ऐसे में गर्भवतियों से लेकर तीमारदारों की मुश्किलें दिन पर दिन बढ़ती जा रहीं थी। मगर, जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम के नाराजगी जताने के बाद जिम्मेदारों ने पलिया सीएचसी से अल्ट्रासाउंड मशीन मंगवाकर महिला अस्पताल में लगवा दी, जिसके बाद एक बार फिर से गर्भवतियों को एक रूपये में इलाज और जांच की सुविधा महिला अस्पताल में मिलनी शुरू हो गई है।

“ पलिया सीएचसी से मंगवाई गई अल्ट्रासाउंड मशीन महिला अस्पताल में लग गई है। इससे गर्भवतियों की जांच कराई जा रही है। बृहस्पतिवार को 73 और शुक्रवार को 70 गर्भवती महिलाओं की जांच हुई है।
**-डॉ. ज्योति मेहरोत्रा,** सीएमएस महिला अस्पताल


अल्ट्रासाउंड कक्ष में जांच करते रेडियोलॉजिस्ट।

## शारदा और सुहेली नदियों की बाढ़ से प्रभावित ग्रामों में पांव पसार रहे संक्रामक रोग

**पलिया कलां, अमृत विचार :** क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों में बाढ़ का पानी उतरने के बाद अब संक्रामक रोग फैलने लगे हैं। स्थानीय सीएचसी से लेकर विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मरीजों की भीड़ भी बढ़ने लगी है। शारदा एवं सुहेली नदियों के उफनाने से गांव नगला, मरौचा, श्रीनगर, मेला घाट, अतरिया, खाले पुरवा, चौरी, पतवारा, बिजौरिया, धूसर, बसंतापुर कलां, बुद्धा पुरवा, मकनपुर, फरसहिया, मुजहा, चंबरबोझ, देवीपुर, कोठिया, गुलरा, भगवंतनगर आदि ग्रामों में बाढ़ का पानी भर गया था। अब गांवों के अंदर भरा पानी तो उतर गया, किंतु अभी भी वहां के बड़ी संख्या में खेत, खलिहान व पहुंच मार्ग पानी से भरे हुए हैं, जिनमें फसल अवशेष एवं घास- फूस, कूड़ा- कचरा सड़ रहा है। जिससे उठने वाली दुर्गंध इधर-उधर फैल रही है और इससे गांव में बच्चे, बूढ़े, महिलाएं एवं अन्य लोग विभिन्न बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर भरत सिंह ने क्षेत्र की आशा, एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को बाढ़ प्रभावित ग्रामों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए हैं, लेकिन इस सबके बावजूद स्थानीय सीएचसी से लेकर क्षेत्र के पीएचसी केंद्रों पर मरीजों की भीड़ कम नहीं हो रही है।

# तीन अक्टूबर को ध्वज पूजन के साथ शुरू होगी श्री रामलीला

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● **12 को दशहरा और 13 को राजगद्दी के साथ होगा मेला का समापन**

**अमृत विचारः** नगर के मेला मैदान में होने वाली श्री रामलीला तीन अक्टूबर से ध्वज पूजन के साथ शुरू होगी। 12 अक्टूबर को रावण वध दशहरा और 13 को भरत मिलाप राजगद्दी के साथ मेले का समापन होगा।

श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र गिरि मोंटी, महामंत्री पंकज गुप्ता ने बताया कि तीन अक्टूबर से ध्वज पूजन के बाद मंचन शुरू किया जाएगा। चार अक्टूबर को शिव बारात, पांच को नारद मोह, रावण तपस्या, छह को राम जन्म, ताड़का वध, अहिल्या उद्धार, सात को नगर दर्शन, धनुषयज्ञ, लक्ष्मण परशुराम संवाद, राम विवाह, आठ को राम वनवास, नौ को केवट संवाद, दशरथ मरण, भरत मिलाप, 10 को सीताहरण, सबरी प्रसंग, 11 को लंका दहन, हनुमान रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, 12 को कुम्भकरण, मेघनाथ, रावण वध दशहरा और 13 अक्टूबर को मोहम्मदी रोड पर भरत मिलाप, राजगद्दी के साथ मेला का समापन होगा। रामलीला के मंचन का समय प्रतिदिन शाम तीन से छह बजे तक और रासलीला का समय रात आठ बजे से 12 बजे तक रहेगा।

## ट्रामा सेंटर में अजगर देख मचा हड़कंप



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खीरी क्षेत्र की पुलिस चौकी ओयल के बेहजम तिराहा स्थित ट्रामा सेंटर में विशालकाय अजगर देखे जाने से मरीजों उनके तीमारदारों और अस्पताल कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने उसे पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। बेहजम तिराहा पर स्थित ट्रामा सेंटर में कहीं से विशालकाय अजगर आ गया। रविवार की दोपहर उस पर लोगों की नजर पड़ी। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना वन रेंज शारदानगर और देवकली को दी।

## रंजिशन दीवार गिराने में चार के नामजद रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरिया बुजुर्ग में रंजिशन दीवार गिराने पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने चार लोगों के नामजद रिपोर्ट दर्ज की दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरिया बुजुर्ग निवासी सीमा देवी पत्नी संदीप राठौर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गांव निवासी ललित पुत्र श्रीचंद, श्रीचंद पुत्र मनोहर, अभिषेक पुत्र सुरेश, उमा देवी पत्नी सुरेशचंद रंजिशन गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन लोगों ने उसकी पक्की दीवार गिरा दी।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

शिखर नर्सिंग होम
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्सः-
Dr. R.K. Verma M.D., P.D.C.C. Critical Care Fellowship in Diabetes (General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya M.S. (Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta M.S. (General Surgeon)
Dr. T. Singh M.S. (Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगो की कम्प्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशुल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम. (A.N.M.) For Females only Course Code- 13 Recognized by Indian Nursing Council Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow College Code - 092
बी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow) College Code - 969
डी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to B.T.E. (Lucknow) College Code - 2065
कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com, shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB MNAMS CATARACT REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

PRIME HOSPITAL प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

## महिला को मिली जान से मारने की धमकी

**मितौली, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के कचियानी पुरवा गांव में दिव्यांग की पत्नी को दबंगों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मामला कचियानी पुरवा का है। पीड़ित मंजू देवी पत्नी राजकुमार ने बताया कि वह घर पर अकेली थी। उसका पति महोली संजय मिश्रा के प्लाट पर था। आरोप है कि उस समय ओमप्रकाश, अंकुल, सुधीर पुत्र ओमप्रकाश व पुत्री सारिका देवी आदि गालियां देने लगे। लाठी, डंडा, ईंट पत्थर से लैस होकर फौजदारी करने पर आमादा हुए। घर में घुसकर मुझे मारने दौड़े और कहा तेरा पति लंगड़ा आज उसको जान से मार देंगे। तुम लोग मेरा कुछ नहीं कर पाओगे। मैं होमगार्ड हूं। मेरा थाने में बहुत वर्चस्व है। कोई भी प्रार्थना पत्र लेकर जाओगे तो फाड़ कर फेंक दिया जाएगा।

### वन विशेषज्ञों का दावा, जंगल पर बढ़ता जैविक दबाव, बाढ़ की स्थिति में भोजन का अभाव भी कारण

# वन्य जीवों में बढ़ रही आक्रामकता, नहीं निकल रहा समाधान, दहशत में किसान

धर्मवीर गुप्ता, बांकेगंज

**अमृत विचारः** तराई में मानव-वन्यजीव संघर्ष बड़ी चुनौती बन गया है। वन्य जीवों में आक्रामकता बढ़ती जा रही है। वन विभाग इसका समाधान नहीं खोज पा रहा है। जंगल के आसपास रहने वाले लोगों की भी दिक्कतें बढ़ी हैं।

बाघ और तेंदुआ के हमले आम बात है, लेकिन अब भेड़ियों और सियारों के बढ़ते हमलों से दहशत है। आमतौर पर मानव से डरने वाले भेड़िए और सियारों में बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति ने वन्यजीव विशेषज्ञों को चिंतन के लिए विवश कर दिया है। गर्मियों के मौसम में बाघ और तेंदुए पानी की तलाश में जंगल से निकलकर आबादी के पास तक



दुधवा टाइगर रिजर्व में बाघ।

- **कारण तलाशने के लिए विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा अध्ययन**
- **आबादी में आकर हमले कर रहे वन्य जीव, दहशत में ग्रामीण**

पहुंच जाते हैं। इस दौरान यह हिंसक वन्यजीव खेतों में काम कर रहे लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर देते हैं। गंभीर रूप से घायल इंसानों को अपनी जान भी गंवानी पड़ती है। विशेषज्ञों की मानें तो वन्यजीव मानव पर हमला करने से बचते हैं। वे तभी आक्रामक होते हैं जब उनके वासस्थल में अनावश्यक जैविक दबाव और भोजन की कमी हो। बीमारी या चोट के कारण अपना प्राकृतिक शिकार करने में असमर्थ होने, रेबीज या अन्य किसी वायरस की चपेट में आने से भी वन्य जीव आक्रामक होते हैं। ऐसे में इन वन्यजीवों के व्यवहार में आ रहे परिवर्तन के बारे में जानना वन्यजीव और मानव दोनों के लिए हितकारी है।

### विशेषज्ञ बोले- वन्य जीवों को कैद करना या मार देना उचित नहीं



जंगल में मानव और उनके पालतू मवेशियों का दखल बढ़ता ही जा रहा है, जिस पर वन विभाग कोई प्रभावी रोक नहीं लगा पा रहा है। जंगल के बाहर गन्ने के खेत उनके लिए सहज आवास बन जाता है, जिससे संघर्ष की स्थिति बढ़ती जा रही है। मानव से संघर्ष के मामले में सिर्फ वन्यजीवों को दोषी बताकर उन्हें पिंजरे में डालना और मार देना गलत है। **-आनंद कुमार, वन्य जीव प्रतिपालक- दुधवा**



वन्य जीव मानवों का शिकार करने से बचते हैं। गंभीर बीमारी या वायरस जनित बीमारी, भोजन का अभाव, मानव के सामने आने पर स्वयं के लिए खतरे का आभास होने पर ये अवश्य आक्रामक हो जाते हैं। भेड़िया तो नदियों के कछार में मांद बनाकर समूह में रहते हैं। बेहतर होगा कि बृहद शोध के बाद वन्यजीवों को जंगल के अंदर रोके जाने की योजना बनाई जाए। **- डॉ. जितेंद्र शुक्ला, वन्यजीव विशेषज्ञ**



भेड़ियों की आक्रामकता का एक कारण वायरस जनित बीमारी भी हो सकती है। रही बात पेस्टिसाइड युक्त चारा खाने वाले पशुओं का शिकार करके खाने के कारण आक्रामकता बढ़ने की तो इसकी संभावना नहीं है, क्योंकि इससे उनके शरीर पर तो प्रभाव पड़ सकता है, किंतु उनमें इतनी आक्रामक नहीं आएगी। **-डॉ. अंकुर वर्मा, पशु चिकित्साधिकारी- बांकेगंज**

### इंसानों के साथ वन्य जीवों की सुरक्षा भी जरूरी

संघर्ष से उत्पन्न परिस्थितियों से बचने के लिए वन्यजीवों को पकड़कर चिड़ियाघर में बंद कर देना अथवा उन्हें मार देना समस्या का समाधान नहीं है। इससे जहां अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ की लाल सूची में शामिल बाघ और भेड़िए जैसे वन्यजीवों के विलुप्त होने का खतरा बढ़ जाएगा वहीं वन भी असुरक्षित हो जाएंगे, जिनसे अंततः पर्यावरण को नुकसान होगा।

### बच्चे को मारे जाने से बढ़ी थी भेड़ियों की आक्रामकता

जानकार बताते हैं कि 1995-96 में प्रदेश के पूर्वांचल में प्रतापगढ़, सुल्तानपुर आदि जनपदों में भी भेड़ियों में आक्रामकता बढ़ी थी, जिसके पीछे मूल कारण भेड़िए के बच्चे को कुछ ग्रामीणों द्वारा मारा जाना था। उस दौरान शासन के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर सैकड़ों भेड़ियों को मौत की नींद सुला दिया गया था।

### मानव से सामना होने पर हो रहा संघर्षः उप निदेशक

दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के उपनिदेशक डॉक्टर टी. रंगाराजू ने बताया कि वन्यजीवों में आक्रामकता बढ़ने जैसी कोई बात नहीं है। बाढ़ का पानी जंगल में भर गया है, भेड़िया तो नदियों के किनारे ही रहता है। वहां तो इस समय पानी भी अधिक है। बाढ़ से जलभराव से वन्य जीव बाहर निकल रहे हैं। बाहर मानव से सामना होने पर संघर्ष बढ़ना स्वाभाविक है।

# गन्ने की पत्तियां तोड़ने गये किसान पर बाघ का हमला

### हैदराबाद क्षेत्र में गांव भदैया के खेतों में गया था किसान, प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर, ग्रामीणों का हंगामा

संवाददाता, बिलहरी/रोशननगर।

**अमृत विचारः** दक्षिण खीरी वन प्रभाग की महेशपुर रेंज क्षेत्र के गावों में आदमखोर बाघ का आतंक कायम है। एक माह के अन्तराल में बाघ दो लोगों को अपना निवाला बना चुका है। शनिवार को गांव पन्नापुर में विपिन कुमार पर हमला करने के बाद रविवार को भदैंया में गन्ने की पत्ती काटने गये युवक पर बाघ ने हमला कर घायल कर दिया है। घरवाले घायल युवक को गोला सीएचसी लेकर गए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गुस्साए ग्रामीणों ने महेशपुर वन रेंज कोठी का घेराव कर अधिकारियों से नाराजगी जताई है।

बिलहरी बीट के गांव इमलिया और मूड़ा अस्सी सहित दर्जनों गांव के लोग बाघ की दहशत में जी रहे हैं। वन विभाग की टीमें लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं, फिर भी अब तक बाघ ट्रेंकुलाइज नहीं किया जा सका है। रविवार सुबह हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव भदैया निवासी तेजपाल (42) पुत्र रोहनलाल अपने 10 साथियों के साथ जानवरों के खाने के लिए गन्ने की पत्ती तोड़ने के लिए खेत पर गया था, जहां गन्ने के खेत में छिपे बैठे बाघ ने तेजपाल पर पीछे से हमला कर दिया। हमले के बाद तेजपाल चिल्लाने लगा, तो साथ गये 10 साथियों ने शोर मचाया और डंडे से बाघ पर वार किया तब बाघ तेजपाल को छोड़कर गन्ने के खेत में घुस गया। बाघ ने तेजपाल के सिर, पीठ, हाथ, गले को बुरी तरह से जख्मी कर दिया था। साथी घायल तेजपाल को गांव उसके घर ले गये। परिवार वालां ने एम्बुलेंस को फोन कर बुलाया। घायल अवस्था में एम्बुलेंस से गोला सीएचसी लेकर गए, जहां तेजपाल का प्राथमिक उपचार के



भदैंया गांव में लगी भीड़। ● अमृत विचार

### मुआवजे के लिये वन कर्मचारियों से मिले किसान नेता

बिलहरी। भारतीय किसान यूनियन अमन संधू के किसान नेताओं ने बाघ द्वारा पीड़ित युवकों को अतिशीघ्र मुआवजा देने के लिये वन विभाग के कर्मचारियों से भेंट कर उन्हें आगाह किया है। भारतीय किसान यूनियन अमन संधू के अथक प्रयासों से वन विभाग द्वारा घायल किसान तेजपाल पुत्र रोशन को सरकार द्वारा दी जाने वाली एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन और पांच हजार रुपये वन विभाग की टीम द्वारा मौके पर दिये गये। वन विभाग द्वारा किसान नेता अमनदीप सिंह संधू को इलाज के लिये हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया है।

- **आक्रोशित ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को घेरा**

बाद डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाघ के हमला होने की खबर आसपास के गावों में आग की तरह फैल गई। इस दौरान ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे वन दरोगा रोहित श्रीवास्तव, तेजपाल, डिप्टी रेंजर सुरेन्द्र पाल, फारेस्ट गार्ड राजकुमार ने घटना स्थल पर पहुंचकर तेंदुआ होने की पुष्टि की है। वनकर्मियों ने ग्रामीणों से सर्तक रहने, खेतों में समूह बना कर शोर मचाते हुआ जाने को कहा।

रेंजर नरेश पाल सिंह ने पीड़ित के परिवार वालों से मिलकर इलाज के लिए पांच हज़ार रुपये की सहायता राशि दी, और आश्वासन दिया कि जो भी इलाज में खर्च होगा वह विभाग देगा। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आखिर यह आदमखोर बाघ कब तक लोगों को अपना निवाला बनाएगा। बाघ की दहशत में लोग अपनी फसलों की रखवाली नहीं कर पा रहे हैं। लोगों की फसल नहीं बचेगी तो परिवार को कैसे चलाएंगे। किसानों का कहना है कि तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश से गन्ने की फसल पूरी तरह से जमीदोंज हो गई है। पूरा गन्ना जमीन पर गिर गया है। यदि गन्ना नहीं बंधवाएंगे तो बर्बाद हो जाएंगे।



गोला सीएचसी में घायल का उपचार करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

युवक पर वन्यजीव द्वारा हमला कर घायल करने की सूचना मिली थी। इस पर घटना स्थल की सघन कॉम्बिंग थर्मल ड्रोन से कराई गई। मगर, क्षेत्र में किसी वन्यजीव की उपस्थित नहीं मिली और न ही किसी वन्यजीव के स्पष्ट पगमार्क मिले हैं। हालांकि सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय निवासियों को सतर्क किया गया है। लोगों को क्षेत्र में समूह बनाकर जाने की सलाह दी गयी है। वन कर्मियों को क्षेत्र में सतत निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया है।
**- संजय कुमार बिश्वाल, प्रभागीय वनाधिकारी दक्षिण खीरी वन प्रभाग**



महेशपुर वन रेंज कोठी का घेराव करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### गुस्साए ग्रामीणों ने घेरी वन रेंज चौकी

**बिलहरी।** बाघ के लगातार हो रहे हमलो से नाराज तमाम ग्रामीणों ने वन रेंज महेशपुर का घेराव कर बाघ को पकड़ने की मांग कर धरने पर बैठ गये। बाघ पकड़ने और घायलों को मुआवजा दिये जाने की बात करते हुए हंगामा करते रहे। कुछ देर बाद वन विभाग के अधिकारी, तमाम पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों से रेंजर नरेशपाल सिंह, पुलिस ने वार्ता की और कहा कि घायलों को मुआवजा दिया जायेगा और बाघ को जल्द पकड़ने का प्रयास किया जाएगा, जिस पर ग्रामीण मान गए और धरना स्थगित कर वापस चले गए।

## हृदय स्वस्थ रखने को संतुलित खानपान के प्रति रहें जागरूक




गोला सीएचसी में जागरुकता रैली निकालते डॉक्टर। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- **विश्व हृदय दिवस पर सीएचसी के डॉक्टरों ने किया जन जागरण**

**अमृत विचारः** सीएचसी पर विश्व हृदय दिवस को लेकर गोष्ठी, एनसीडी स्क्रीनिंग एवं जागरूकता कैंप का आयोजन कर लोगों को खानपान के बारे में जागरूक किया गया।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार ने कहा कि हर साल 29 सितंबर को वर्ल्ड हार्ट डे मनाया जाता है, ताकि लोगों को दिल की बीमारी के बारे में जागरूक किया जा सके। दिल की बीमारी आज बुढ़ापे का रोग नहीं है, युवा भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। दुनिया में हर साल लाखों लोग हृदय रोग की वजह से मृत्यु के शिकार हो जाते हैं। डॉक्टरों ने कहा कि कोलेस्ट्रोल का बढ़ना धूम्रपान, शराब पीना, अत्यधिक तनाव, अनुवांशिकता, मोटापा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग के कारण हैं। हृदय रोग से बचने के लिए अपनी लाइफ स्टाइल को दुरुस्त बनाना पड़ेगा। खाने में जंक फूड, मैदा से बने फूड, ज्यादा तले भुने भोज्य पदार्थों का सेवन न करें।

नियमित संतुलित आहार लें। तंबाकू, शराब, बीड़ी, सिगरेट का प्रयोग न करें। मानसिक तनाव न लें। नियमित व्यायाम एवं योग करें। एक उम्र के बाद नियमित रूप से बॉडी चेकअप कराना जरूरी हो जाता है। सीएचसी डॉ अजय कुमार वर्मा, डॉ देवराज वर्मा, फार्मासिस्ट विवेक शर्मा, एनसीडी स्टाफ नर्स जावित्री देवी, काउंसलर मंजीत सिंह, स्टाफ नर्स रीना बाला, शशि, शैलेश सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।


### सार-संक्षेप

#### अक्टूबर से ही कोल्हू चलाने की अनुमति दी जाए



**रजागंज, अमृत विचार:** चीनी मिलों के साथ ही कोल्हू संचालन संबंधी जिलाधिकारी के निर्देश से आहत कोल्हू संचालकों ने विधायक अमन गिरि से मिलकर समस्या समाधान की मांग उठाई है। इस पर विधायक ने कोल्हू संचालकों को भरोसा दिया है। कोल्हू कृषि यूनियन जलालपुर सिकंदराबाद और सेहरुआ के कोल्हू संचालक, किसान और श्रमिक अपनी शिकायतों को लेकर क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि से मिले। कोल्हू संचालकों का कहना है कि यदि नवंबर माह में कोल्हू चलेंगे तो छोटे किसानों को मिल से समय से गन्ना सप्लाई पर्ची न मिलने और भुगतान नगद न मिलने से नवरात्रि व दीपावली में होने वाले त्योहारी खर्च और बच्चों की फीस कैसे जमा करेंगे। खेतों में काम करने वाले मजदूरों को मजदूरी के साथ ही डीजल, खाद, दवाएं, बीज कैसे मिलेगा। यदि अक्टूबर माह में कोल्हू नहीं चलते हैं तो संचालकों समेत सभी जरूरत मंदों को काफी कठिनाइयां झेलनी पड़ेंगी। कहा कि जब गुलरिया, अजबापुर कुंभी चीनी मिलें किसानों का गन्ना रिजेक्ट कर देती है, तब हम लोग उनके गन्ने को लेकर उनका सहारा बनते हैं। इस पर गोला विधायक अमन गिरि ने सभी कोल्हू संचालकों, किसानों और श्रमिकों को पूर्ण आश्वासन दिया कि वह पूर्ण रूप से इनके साथ में है। वह जिलाधिकारी से बात कर किसी का हित प्रभावित नहीं होने देंगे।

#### स्वास्थ्य शिविर में 111 बुजुर्गों को मिला इलाज



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के एनपीएचसीई कार्यक्रम के तहत वृद्धा आश्रम में स्वास्थ्य शिविर लगा। इसमें 111 बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी गई। जिला अस्पताल के जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ. शिखर बाजपेई ने बताया कि बुजुर्गों को स्वस्थ रखने के लिए जिला अस्पताल की टीम ने सलेमपुर कोन स्थित वृद्धा आश्रम में स्वास्थ्य शिविर लगाया। इसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अक्षत मिश्रा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मंजेश ने बुजुर्गों का परीक्षण कर दवाएं दी। इसमें जिरियाट्रिक संबंधी 61, नेत्र संबंधी 42 और दांतों की समस्या से ग्रसित आठ मरीजों को दवाएं दी गई।

#### पीएचसी को सीएचसी में बदल स्टाफ बढ़ाने की मांग

**भीरा, अमृत विचार :** कस्बे कि पीएचसी को सीएचसी में बदल स्टाफ बढ़ाने की मांग जोर पकड़ रही है। नागरिकों ने प्रमुख सचिव चिकित्सा, डीएम और सीएमओ को पत्र भेजकर पीएचसी को सीएचसी घोषित करने और स्टाफ बढ़ाने की मांग की है। नगर पंचायत भीरा सहित आसपास के दर्जनों ग्रामों की हजारों की आबादी है। भीरा में पीएचसी है। जहां मरीज उपचार के लिए आ रहे हैं, लेकिन सुविधाओं की बेहद कमी है। महिला चिकित्सक के साथ अन्य चिकित्सकों का टोटा है। एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधा नहीं है। इससे मरीजों को झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाना पड़ता है। वर्तमान समय में प्राथमिक स्वास्थ्य पर 120 से 170 मरीजों की ओपीडी प्रतिदिन हो रही है गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी करने के साथ महिला मरीजों का उपचार करने के लिए एक नर्स पोस्ट है। उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारी सुभाष गोयल, पूर्व ग्राम प्रधान संजय शुक्ला, गन्ना समिति के पूर्व संचालक मोहकम सिंह, नसीब सिंह लखविंदर सिंह तफसीर अहमद आदि ने पीएचसी को उच्चीकृत कर सीएचसी बनाए जाने की मांग की है।

## 1.35 लाख की बकाया उधारी मांगी तो पीड़ित को धमकाया

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** मेडिकल स्टोर खोलने के लिए उधार दिए गए रुपये में से बाकी 1.35 लाख रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने पीड़ित को गाली-गलौज की और उसे डराया धमकाया। पीड़ित ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला स्वरूप नगर निवासी सुधांशु सिंह ने बताया कि उसने चंदपुरा निवासी सतेंद्र वर्मा को उसने वर्ष 2023 में मेडिकल स्टोर खोलने के लिए तीन लाख 80 हजार रुपये उधार दिए थे। रुपये देने के काफी समय बाद भी मेडिकल नहीं खुला तो उसने अपने रुपये वापस करने की मांग की। कई बार कहने के बाद सतेंद्र ने उसे दो लाख 45 हजार रुपये वापस किए, लेकिन एक लाख 35 हजार रुपये वापस नहीं किए हैं। उसने जब रुपये वापस करने का दबाव बनाया तो उसके साथ गाली गलौज की और डराया धमकाया। पीड़ित ने कोतवाली सदर पुलिस को तहरीर दी है।

## लापता ई-रिक्शा चालक का एक सप्ताह बाद भी सुराग नहीं

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- **पुलिस टीम छान रही गांवों की खाक, अहमदनगर के मालवा ढाबा पर मिली लोकेशन**

**अमृत विचारः** नगर से एक सप्ताह पूर्व ई रिक्शा समेत लापता हुए युवक का अभी तक पता नहीं चला है। जबकि उसका ई रिक्शा मैलानी थाना क्षेत्र के बांकेगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में खड़ा पाया गया था। युवक की आखिरी लोकेशन खुटार रोड पर अहमदनगर के पास मालवा ढाबा की मिली थी। उसके बाद फोन बंद है। पुलिस युवक की तलाश में खीरी ब्रांच नहर और मैलानी थाना इलाके के तमाम गांव को खंगाल चुकी है। परिवार बेहद परेशान है। रविवार को परिजनों ने तमाम लोगों के साथ कोतवाली पहुंच बेटे की तलाश की गुहार लगाई है।

नगर के मोहल्ला ईदगाह निवासी शब्बीर का बेटा आफताब आलम 23 सितंबर को लगभग तीन बजे घर से ई रिक्शा लेकर गया था, जो देर रात तक वापस नहीं लौटा तो उसकी तलाश की गई। कुछ पता नहीं चला था। परिजन अनहोनी की आशंका को लेकर परेशान हो हैं। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। बुधवार की सुबह राहगीरों को गोला कुकुरा रोड पर जंगल के बाद एक पुलिया के निकट ई रिक्शा खड़ा दिखाई दिया था। जिसकी सूचना बांकेगंज पुलिस चौकी को दी गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच ई रिक्शा को सुरक्षित स्थान पर खड़ा कर लिया था और सूचना कोतवाली पुलिस को दी थी। युवक का अब तक कोई पता नहीं चला है, जिससे उसके परिजन हाल बेहाल हैं। कोतवाल चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि पुलिस ने लापता युवक की तलाश में एक टीम गठित की है। जो खीरी ब्रांच नहर के किनारे से लगाकर मैलानी इलाके के तमाम गांवों में पहुंच कर युवक की तलाश कर चुकी है, पर कोई सफलता नहीं मिली है।

## दुर्गा जागरण की तैयारियों में जुटे ग्रामीण

संवाददाता, बिझौली

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र का आगाज बृहस्पतिवार से हो रहा है। इसको लेकर मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिरों की साफ-सफाई कर सजाया संवारा जा रहा है।

गांव के भगवती माता मंदिर, फकीर बाबा स्थित दुर्गा मंदिर, काली मंदिर और चिंतापुरवा में दुर्गा भगवती मंदिर आदि में 9 दिन तक होने वाले कार्यक्रम को लेकर दुर्गोत्सव समितियों ने पंडाल आदि लगाने की शुरुआत कर दी है। इन नौ दिवसीय पर्व पर बरगदिया, बिझौली एवं चिंतापुरवा आदि गांवों में झांकी व रोजाना देवी जागरण होगा। इन गांवों में बृहस्पतिवार शाम सात बजे कलश स्थापना पूर्व सपा विधायक रामशरन व पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश चन्द्र कनौजिया करेगें। जागरण को लेकर पंडित लक्ष्मीकान्त ने बताया कि नवरात्र में मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। तीन अक्टूबर से संगीतमय 12वां मां दुर्गा जागरण समारोह शुरू होगा।



गांव चिंतापुरवा में नवरात्र पर होने वाले दुर्गा जागरण की तैयारी करते भक्त।

### रामलीला को लेकर तैयार होने लगा रावण का पुतला



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर के ऐतिहासिक दशहरा मेला के 160वें आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है। इसको लेकर मेला कमेटी एवं रामलीला के पात्रों का उत्साह चरम पर हैं। रविवार को मथुरा भवन पर रावण के पुतले को बनाने का काम देर रात तक चलता रहा। रामलीला का शुभारंभ तीन अक्टूबर से होगा। रामलीला कराने वाले सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट के सरवराहकार विपुल सेठ ने बताया कि रामलीला को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। मेला मैदान भी खाली होना शुरू हो गया है। रामलीला का शुभारंभ तीन अक्तूबर को गणेश पूजन एवं ध्वजारोहण से होगा। इसके लिए गणेश पूजन मथुरा भवन में हर साल की तरह इस बार भी होगा। इसके बाद शाम करीब पांच बजे पहली सवारी मेला मैदान के लिए रवाना होगी और फिर मेला मैदान में ध्वजारोहण होगा।मेल का समापन भगवान राम के राजतिलक के साथ 14 अक्टूबर को संपन्न होगा।

## किसानों का ऐलान, लाठी चलाओ या गोली हमें चाहिए न्याय

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **पर्चा बहाल करने की मांग को लेकर तीसरे दिन भी धरने पर डटे रहे किसान**

**अमृत विचारः** मोहम्मदी गन्ना समिति में डेलीगेट के पर्चे निरस्त होने के बाद किसान आरपार की लड़ाई के मूड में आ गए हैं। समिति गेट पर किसानों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। किसानों ने ऐलान करते हुए कहा कि प्रशासन लाठी चलाए चाहे गोली। उन्हें जब तक न्याय नहीं मिलता है। प्रशासन ने धरना स्थल पर पुलिस के साथ ही पीएसी भी तैनात की है।

रविवार को सपा, भाकियू व अन्य राजनीतिक दलों ने किसानों के साथ समिति गेट पर प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि डेलीगेट के 48 पर्चे गैरकानूनी ढंग से निरस्त किए गए हैं। जब तक निरस्त किए गए पर्चे बहाल नहीं हो जाते हैं। उनका आंदोलन जारी रहेगा। किसानों ने चुनाव अधिकारी मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। किसानों ने मांग रखी कि निरस्त किए गए सभी नामांकन पत्रों को बहाल किया जाए और पूरे निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराए जाएं। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य दिलीप सिंह, सपा नेता क्रांति कुमार सिंह, जयकरन बाजपेई, राजेश्वर, सचिन सिंह, सुधांशु सिंह, प्रेम कुमार, इकरार खान, कुलदीप सिंह, प्रदीप वर्मा, सतीश कुमार, सिया सिंह आदि रहे।



समिति गेट पर धरना प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

### निरस्त होगा चुनाव

उपजिलाधिकारी मोहम्मदी डा. अवनीश कुमार ने रविवार रात प्रदर्शनकरियों के बीच गन्ना समिति मोहम्मदी का चुनाव निरस्त किए जानें का एलान किया। इस पर किसानो ने लिखित आदेश मांगा। देर रात सहकारी गन्ना विकास समिति के आरओ रोहित कुमार सिंह का चुनाव निरस्त करने संबंधित जिलाधिकारी को प्रेषित पत्र की प्रति धरनास्थल पर दिखाई गई।

## विधायक ने मृतक की पत्नी को दी बीस हजार की सहायता

**मैलानी, अमृत विचारः** पलिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम संसारपुर में डेंगू से मृतक मोनू शर्मा घर पहुंचे विधायक रोमी साहनी ने मृतक की पत्नी अंशु देवी को 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी है। ब्लॉक बांकेगंज के गांवों में महीनों से बुखार का प्रकोप चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बुखार से कई लोग अभी भी पीड़ित हैं। गांव संसारपुर में कुछ दिन पहले डेंगू बीमारी से मोनू शर्मा पुत्र प्रेम प्रकाश शर्मा की मौत हो गई थी। विधायक रोमी साहनी को जानकारी होते ही मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

मैं अपने पुत्र राजेन्द्र कश्यप एवं उसकी पत्नी सुशीला देवी व उसके पुत्र मुकेश को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा।
**तोताराम पुत्र बिहारी लाल निवासी ग्राम भिंडारा थाना न्यूरिया, जिला पीलीभीत**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### एसआई और सिपाहियों को दिए गश्त तेज करने के निर्देश

**बेहजम, अमृत विचार** : तीन दिन के भीतर दो बड़ी चोरी की वारदातों से नीमगांव थाना पुलिस कर्मियों के होश उड़ गए हैं। शुक्रवार को एसओ सुनीता कुशवाहा ने सभी एसआई और सिपाहियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि रात की गस्त में तेजी लाएं। सतर्कता और सक्रियता के साथ गस्त करें। दिन में सघन नजर रखें। जेल से छूटे अपराधियों व थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी करें। साथ ही हाल में ही चोरी की दोनों घटनाओं का खुलासा शीघ्र करने के निर्देश हल्का दरोगा को दिए।

### तैयार डाटाबेस में जमानतदारों के भी नाम, जेल से छूटे अपराधियों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

# पुलिस ने एक्शन प्लान बनाकर तैयार की अपराधियों की कुंडली

संवाददाता, बेलरायां/लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** कोतवाली तिकुनिया पुलिस ने अपराधों पर अंकुश लगाने व अपराधियों की हर गतिविधियों पर नजर रखने के लिए खास प्लान तैयार किया है। क्षेत्र में सक्रिय अपराधी पुलिस के निशाने पर आ गए हैं।

गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीटरों समेत चोरी, लूट के मामले में जेल से छूटे अपराधी कहां हैं और वह क्या कर रहे हैं। इनकी जमानत किसने ली है। इसकी जानकारी जुटाने के साथ ही उनकी हर गतिविधियां पुलिस की नजर में रहेंगी। कोतवाली तिकुनिया का अधिकांश क्षेत्र दुधवा टाइगर रिजर्व से घिरा है। भारत-नेपाल सीमा होने के कारण यह इलाका काफी संवेदनशील है। खुली सीमा होने के कारण अन्य प्रदेशों के भी शातिर अपराधी अपराध करने के बाद नेपाल भाग जाते हैं। इससे पुलिस उन्हें आसानी से गिरफ्तार नहीं कर पाती। कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र में 70 हिस्ट्रीशीटर हैं। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया ने कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए खास प्लान तैयार किया है।

> हिस्ट्रीशीटरों के साथ ही पिछले दो साल से सक्रिय अपराधियों का डाटा बेस तैयार कराया जा रहा है। इसमें जमानतदारों का भी डेटा शामिल किया गया है, जो अपराधी जेल से छूटे हैं और अपराधों में लिप्त हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें बनाई गई है। **–अमित सिंह भदौरिया प्रभारी निरीक्षक तिकुनिया**

इस प्लान के मुताबिक सभी गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीटर कब से कहां हैं और क्या कर रहे हैं। इसकी जानकारी जुटाई गई है। क्रियाशील और अपराध कर भागे हिस्ट्रीशीटरों व गैंगस्टरों की सूची तैयार हो चुकी है। इस सूची में उनके जमानतदारों का भी डेटा शामिल है। पिछले दो सालों में चोरी, लूट, तस्करी आदि अपराध के मुताबिक कैटेगरी तय की जा रही है। यदि वह जेल से छूटे हैं तो वर्तमान समय में कहां रह रहे हैं और क्या करते हैं। इसकी भी पुलिस जानकारी जुटाकर उसे सूचीबद्ध कर रही है। प्रभारी निरीक्षक ने इन अपराधियों की निगरानी की जिम्मेदारी हल्का दरोगा और बीट सिपाहियों को सौंपी है। साथ ही यह टीम पेशेवर अपराधियों पर नजर रखेगी। क्रियाशील व भागे अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए तीन गठित की गई हैं।

### चोरी का सामान खरीदने वाले भी पुलिस की रडार पर

अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में तिकुनिया पुलिस का यह कदम मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। अपराधियों के तैयार कराए जा रहे इस डेटाबेस में न सिर्फ अपराधियों के नाम, बल्कि उनके जमानतदारों तक के नाम दर्ज किए जा रहे हैं। इसमें डकैती, लूट, चोरी, नकबजनी, वाहन, मोबाइल चोरी और चोरी के सामान की खरीद करने वालों की सूची भी अलग से तैयार की जा रही है। सूची में छोटे संगठित गैंग के कितने अपराधी जेल में बंद हैं, कितने सजायाफ्ता या विचाराधीन हैं, इसकी जानकारी भी इकट्ठा की जा रही है।

# छोटी काशी के काव्य महाकुंभ में 100 घंटे पूरे, मनाईं खुशियां

### विश्व रिकॉर्ड के लिए आयोजन, भारत माता के जयकारों से गूंजा पांडाल

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला में काव्य पाठ के 100 घंटे पूरे होने पर जश्न मनाते आयोजक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कपिलश फाउंडेशन के तत्वावधान में 25 सितंबर से प्रारंभ हुए दुनिया के सबसे लंबे कवि सम्मेलन/मुशायरा ने सफलतापूर्वक 100 घंटे पूरे होने पर आयोजक मंडल ने खुशियां मनाते हुए भारत माता के जयकारे लगाए हैं। आयोजन विश्व रिकॉर्ड की ओर होने पर एक दूसरे को बधाई दी।

कपिलश फाउंडेशन के बैनर तले मोहम्मदी रोड स्थित रॉयल लॉन में हो रहे सबसे लंबे कवि सम्मेलन में संस्था के संरक्षक लखीमपुर के व्यवसायी ज्ञान प्रकाश शुक्ला उर्फ ज्ञानू महाराज, श्यामजी अग्निहोत्री, पूर्व विधायक विनय तिवारी, संस्था अध्यक्ष शिप्रा खरे, संयोजक यतीशचंद्र शुक्ल, श्रीकांत तिवारी कांत, रविसुत शुक्ल सहित सैकड़ों साहित्यकार मौजूद रहे, जिन्होंने भारत माता के जयकारे के साथ 100 घंटा का सफर पूर्ण होने पर खुशियां मनाईं। शनिवार रात और रविवार को जेवा परवीन, निर्मल सिंह, विनोद शर्मा सागर, नीरजा नीरू, सुमन मिश्रा, सरोज सिंह परिहार, दाउद अली, राजेश बाजपेई, वकार काशिफ, दीपक सागर, कैप्टन अभय आनंद, तेजस मिश्रा, डॉ शिवचंद्र प्रसाद, नवनीत मिश्रा नवल, शैलेश मिश्रा, मनोज पांडे, मुसाफिर, मनोज कुमार शुक्ला, संजय श्रीवास्तव निर्देश, सहित दर्जनों कवियों, साहित्यकारां ने काव्यपाठ किया।

संस्था के संरक्षक नानकचंद्र वर्मा, उत्तर प्रदेश रेडक्रॉस सोसाइटी के अधिशासी सदस्य और पूर्व ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ रविंद्रनाथ वर्मा, सुधीर अवस्थी, प्रदीप अर्कवंशी, बृजेश तिवारी, डॉ स्मिता तिवारी सहित अनेक काव्य प्रेमी और साहित्यकार मौजूद रहे।

## प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** महिला कल्याण समिति की ओर से कस्तूरबा भवन में निःशुल्क सौंदर्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। सात दिवसीय शिविर की मुख्य अतिथि सौन्दर्य विशेषज्ञ स्नेहा जयसवाल रहीं।

स्नेहा जयसवाल ने छात्राओं को प्रशिक्षण दिया। समापन पर छात्रा प्रतिभा, काव्या सोनी, मालती प्रजापति,शुभी पाल, दिव्यांशी, शिवानी, गुड़िया व प्रियंका बाजपेई ने नृत्य पेश किया। प्रशिक्षिक स्नेहा ने बच्चों से प्रश्न पूंछे, जिसमें मालती, दिव्यांशी,शुभी, पूनम, निधि,सना व काव्या सोनी ने सही उत्तर दिया। इस पर उन्हें पुरस्कृत किया। प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को संस्था की ओर से प्रमाण पत्र दिया गया। नूपुर महेंद्र, मीना जायसवाल, पवन यादव, ममता मौर्य, रेनू धवन, कुसुम जौहरी,मधु पुरी, रजनी टंडन एवं लता द्विवेदी मौजूद रहीं। संचालन सचिव मधुर ढींडा ने किया।



छात्रा को प्रमाण पत्र देती संस्था सदस्य।

# भाकियू ने पंचायत में उठाई किसानों की समस्याएं



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की बैठक में किसानों की समस्याओं के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर समाधान के लिए उप जिलाधिकारी मोहम्मदी को ज्ञापन सौंपा गया।

थाना मोहम्मदी की पुलिस चौकी रेहरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रायपुर स्थित दरियाई सिंह के आवास पर किसान पंचायत हुई। मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन के राकेश टिकैत के बेटे चौधरी गौरव सिंह से किसानों ने पराली, धान, गेहूं खरीद आदि की समस्याएं बताईं। मुख्य अतिथि ने अधिकारियों से मिलकर समाधान कराने का आश्वासन दिया। तमाम किसानों द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था पर आक्रोश व्यक्त करते हुए एसडीएम डॉ अवनीश कुमार को 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर उनके निदान की मांग की। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में किसान नेताओं ने धान की पराली का निवारण कराने के लिए पराली जलाने की अनुमति दें या किसानों के खेत में पराली हटाकर उसकी उचित व्यवस्था की जाए। वहीं 23 सितंबर को साहबगंज में राजकीय पद्धति आश्रम पर धरना प्रदर्शन करने वालों को रेहरिया चौकी के दीवान पवन रावत और कांस्टेबल गौतम लोगों को डराने धमकाने का आरोप लगाया। चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान न हुआ तो आंदोलन करेंगे। भाकियू के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी गौरव टिकैत, प्रदेश अध्यक्ष पं राजपाल शर्मा, बिजेंद्र यादव अजीत सिंह बापू, दिलबाग सिंह संधू, बलबीर सिंह, शिवेंद्र प्रताप उर्फ मोनू यादव, अमरदीप सिंह आदि रहे।

# प्रेमी के घर पहुंची महिला ने किया हंगामा, दी तहरीर

संवाददाता सिंगाही

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव भैरमपुर में उस समय हड़कंप मच गया, जब गोंडा जिले की रहने वाली एक महिला अपने प्रेमी के घर पहुंच गई और शादी का प्रस्ताव रखा। इसको लेकर जमकर हंगामा हुआ।

पीड़ित महिला ने बताया कि वह गोंडा जिले की रहने वाली है। वह दिल्ली में मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रही थी। दिल्ली में ही गांव भैरमपुर निवासी सूरज भी मजदूरी करता था। तभी उसकी सूरज से इंस्टाग्राम के जरिए धीरे-धीरे संबंध मधुर हो गए। सूरज ने खुद और उसे साथ जीने मरने की कसम भी खिलाई। सूरज ने उससे शादी का प्रस्ताव रखा और शारीरिक संबंध बनाने लगा। आरोप है कि कुछ दिनों तक इसी तरह से दोनों के बीच प्रेम संबंध चलते रहे। जब उसने शादी को कहा तो सूरज टरकाने लगा। दबाव बनाने पर सूरज दिल्ली गांव भैरमपुर भाग आया।

रविवार को महिला पूछते हुए किसी तरह से गांव भैरमपुर पहुंची तो सूरज और परिवार के लोग भड़क गए। शादी का प्रस्ताव ठुकरा दिया। इस पर हंगामा हुआ। महिला ने थाना सिंगाही पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी युवक और उसके परिवार वालों को थाने बुलाया, जहां दोनों के बीच समझौता वार्ता चल रही है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि महिला शादीशुदा है। दोनों के बीच समझौता वार्ता चल रही है।

# गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिलने से आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- गांव चंदपुरा के निकट सड़क किनारे पड़े थे, अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** थाना पढ़ुआ क्षेत्र में चंदपुरा गांव के निकट दो पशुओं की हत्या कर दी और हत्यारे मांस लेकर भाग निकले। सुबह सड़क के किनारे अवशेष मिलने पर लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने अवशेषों को जमीन में दबाकर जांच शुरू कर दी है।

थाना पढ़ुआ क्षेत्र के गांव चंदपुरा के निकट शनिवार की रात सड़क किनारे तस्करों ने दो गोवंशीय पशुओं का वध कर दिया और उनका मांस लेकर भाग गए। रविवार की सुबह जब ग्रामीण मार्ग पर निकले तो उन्होंने पशुओं के अवशेष पड़े देखे। पशुओं की हत्या की खबर समूचे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। जानकारी मिलते ही गौरक्षा दल से रिंकू पांडेय व शिवम पांडेय बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देकर कड़ी नाराजगी जताई। मौके पर थाना प्रभारी हरिकेश राय भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित लोगों को समझाया। इसमें शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने जेसीबी बुलाकर गड्ढा खुदवाया। कुछ अवशेषों को कब्जे में लेकर शेष अवशेषों को दबाया।

> दोनों पशु चंदपुरा के राजकुमार थे, जो रात में चोरी हो गए थे। पशुओं के अवशेष कब्जे में लिए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन की जा रही है। – **हरिकेश राय, प्रभारी निरीक्षक थाना पढ़ुआ**



मौके पर लगी लोगों की भीड़ । ● अमृत विचार

### दो साल पहले चार हजार में खरीदे थे दो बैल

गांव चंदपुरा निवासी राजकुमार ने बताया कि घर के बाहर उसके एक जोड़ी बैल बंधे थे। इन बैलों को वह दो साल पहले 20 हजार रुपये में खरीदकर लाया था। अपना और दूसरे के खेतों की बैलों से जुताई कर परिवार का भरण पोषण करता था। रात में उसके बैल घर के बाहर से चोरी हो गए। वह बैलों को काफी देर तक बैलों की तलाश करता रहा, लेकिन बैल नहीं मिले। सुबह जब वह गोकशी होने की सूचना पर मौके पर पहुंचे तो देखा बैल उसके थे।

# बंधा न बांधने की मांग पर अड़े ग्रामीण

संवाददाता, निघासन

- ग्रामीण बोले- बांध बांधने से दोबारा मुश्किल में होंगे हालात
- आबादी और खेतिहर भूमि को बाढ़ ने किया प्रभावित



दरी बिछाकर रानीगंज गुरुद्वारे के सामने बैठे किसान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रानीगंज घाघी नाले पर फटा बंधा न बांधने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने रानीगंज गुरुद्वारा के सामने दरा बिछा दिया और धरने पर बैठ गए। उनका कहना है कि बांध फटने से किसानों और ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

उनका कहना है कि बांध बांधने से बाढ़ ने इलाके में काफी तबाही मचाई है। पूर्व गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी के प्रयासों से रानीगंज घाघी नाले से सटा बंधा बनवाया गया था। बाढ़ आने के बाद यह बांध कई बार बांध फट गया। लेकिन हाल ही में आई भीषण बाढ़ में ग्रामीणों ने खुद ही बांध को काट दिया था। ग्रामीणों का कहना है कि बांध बंधने से बाढ़ ने बहुत तबाही मचाई है।

रानीगंज, गोविंदपुर खडरिया, बिहारीपुरवा, शिवलालपुरवा आदि गांवों में बाढ़ के पानी ने खासा नुकसान पहुंचाया। खेतों में खड़ी फसल भी बर्बाद हो गई। लुधौरी से रानीगंज होते हुए मदनापुर संपर्क मार्ग भी कई जगह से कट कर बह गया। रानीगंज बांध की जांच करने पहुंचे तहसीलदार भीमचंद के सामने ही कई किसान और ग्रामीण गुरुद्वारे के सामने दरा बिछाकर बैठ गए और बंधा न बंधने की मांग पर अड़े रहे ।

हालांकि तहसीलदार ने मौजूद लोगों के बयान दर्ज कर उन्हें आश्वस्त किया है। किसान डॉ. जसवीर सिंह ने बताया कि बाढ़ आने से बंधा फट जाता था, जिससे पानी इधर उधर होकर अपना रास्ता खुद ही बना लेता था, लेकिन इस बार आई पहली भीषण बाढ़ में बांध न फटने से आबादी क्षेत्र जलमग्न हो गया। किसानों की खड़ी फसल भी पानी के साथ बहकर चली गई। कई जगह मार्ग कटने से आवागमन बाधित रहा है।

> रानीगंज घाघी बांध का निरीक्षण करने गए थे। वहां ग्रामीण बंधा बनवाने की बात पर सहमत नहीं है फिलहाल वहां मौजूद लोगों के बयान दर्ज कर लिए है। रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। **– भीमचंद तहसीलदार, निघासन**

रानीगंज के दो परिवारों के पक्के मकान के सामने तेज धार चलने से वह भी पानी के साथ ध्वस्त हो गए। धरने पर किसान तेजपाल सिंह, इकबाल सिंह, बलदेव सिंह, देवेंद्र सिंह, कश्मीर सिंह संदीप सिंह सहित तमाम ग्रामीण बैठे।

## प्रबंधक प्रधानाचार्य समिति करेगी शिक्षकों का सम्मान

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद के सभागार में विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति की बैठक में 1000 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने की। महामंत्री शैलेंद्र सक्सेना ने कहा कि आयोजन गोकर्ण तीर्थ के निकट नीलकंठ मैदान में एक अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से होगा। समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बताया कि बैठक में 1000 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

आयोजन की मुख्य अतिथि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, विशिष्ट अतिथि सीडीओ अभिषेक कुमार, एसपी गणेश प्रसाद साहा, विधायक अमन गिरि और भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह रहेंगे। बैठक में समिति के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में अनुज खरे, संजय तिवारी, डीपी श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, रूपेश सक्सेना, संजीव शुक्ला, सुऐश त्रिवेदी, रामनरेश वर्मा, श्रीप्रकाश सिंह, आलोक तिवारी, नीरज दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# पत्थर-बजरी डालकर बिना कोलतार के छोड़ दी सड़क



लखीमपुर हाइवे से चौरसिया नहर तक बदहाल सड़क। ● अमृत विचार

संवाददाता, अलीगंज

- कई गांवों को जोड़ने वाली सड़क की किसी को सुधि नहीं

**अमृत विचार :** क्षेत्र के अंतर्गत लखीमपुर हाईवे रोड से जुड़ा हुआ लिंक मार्ग बरसों बीत जाने के बाद भी अधिकारियों की लापरवाही से नहीं बन सका है, जिस पर पड़े पत्थरों के कारण लोगों को शार्टकट मार्ग का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

हाईवे से सिमरिया रोहनिया होते हुए चौरसिया नहर के पास तक इस मार्ग पर कई साल पहले पत्थर डाल दिए गए थे। इस मार्ग पर एक रफ्टा पुल और एक पुलिया का निर्माण होना है, लेकिन अभी तक किसी भी सांसद, विधायक की नजर इस रोड पर नहीं पड़ी। सड़क से आने जाने वाले गांव वालों का कहना है कि यह रोड बनने से चौरसिया, रोहनिया, सिमरिया गांव वालों को काफी आराम मिल सकती है। लेकिन नेताओं की अनदेखी के कारण इस रोड पर अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ है, जबकि लिंक मार्ग से सिमरिया तक रोड बनी हुई है।

सिमरिया से आगे रोड की हालत बहुत ही खराब है। ग्रामीणों ने बताया कि भाजपा की ही सरकार में इस रोड को लोक निर्माण विभाग ने पास किया था। तब पत्थर और बजड़ी डाली गई, लेकिन तारकोल न पड़ने से सड़क पर घास उग आई है। पत्थर और बजड़ी भी गायब हो जाने से गहरे गड्ढे हो गये हैं, जिस पर आना जाना मुश्किल हो रहा है। अब लोग बाबा की सरकार में इस रोड के बनने की आस लगाए हैं।

## सार-संक्षेप

### पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट में मनाई शहीद भगत सिंह जयंती



**संपूर्णानगर, अमृत विचार** : सरदार भगत सिंह मानव सेवा संस्थान के आह्वान पर शनिवार को स्थानीय पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट पर शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई और उन्हें याद किया गया। मुख्य अतिथि सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर एके पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कॉलेज प्रशासन के अतिरिक्त संस्थान के मुखिया प्रेम प्रकाश कुशवाहा के संरक्षण में अनेक लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शहीद भगतसिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ. एके पांडेय ने भगतसिंह के जीवन एवं संघर्षों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों को अपने अन्दर छुपी प्रतिभाओं को पहचान कर राष्ट्र के बेहतरी के लिए काम करने हेतु प्रोत्साहित किया। पूर्व प्रधान रानीगंगर विजय तिवारी ने कहा कि बेहतर राष्ट्र निर्माण युवाओं की भागीदारी के बिना सम्भव नहीं है। कार्यक्रम में सपा नेता लल्लन प्रसाद, रवि प्रताप सिंह, वीरेंद्र सिंह, उमाकांत, कमलजीत, अजय तिवारी, मुकेश जायसवाल आदि रहे।

### अमावस्या के कार्यक्रमों की व्यवस्था को लेकर हुई बैठक



**पलिया कलां, अमृत विचार** : नगर के प्रमुख आध्यात्मिक श्रीकुल आश्रम पर पितृ विसर्जनी अमावस्या, नवरात्रि एवं देव दीपावली पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की व्यवस्था के लिए आश्रम संचालन समिति की एक बैठक दिलीप कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखे। आश्रम के संचालक आचार्य गोविंद माधव मिश्र ने पितृ विसर्जनी अमावस्या दिन बुधवार को क्षेत्र की प्रमुख शारदा नदी तट पर सभी को पहुंच अपने पूर्वजों को जलदान, तर्पण कर भोज-भंडारा आयोजित करने को प्रेरित किया। पंडित सोमेश माधव ने नवरात्रि पर होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। महामंत्री कृष्ण कुमार गोपी एवं विश्व कांत त्रिपाठी ने देव दीपावली की व्यवस्थाओं पर सभी से ध्यान देने की बात कही। बैठक में रामू वर्मा, विकास दीक्षित, गौरव कल्याल, शेरा वर्मा, गगन मिश्रा, मनोज दीक्षित, धनेंद्र शुक्ल, किशन मिश्र, आदर्श अग्रवाल, अभिषेक मिश्रा आदि रहे।

### निबंध, पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार** : पब्लिक इंटर कॉलेज में सेवा पखवाड़ा के तहत शनिवार को विकसित भारत- 2047 विषय पर इंटरमीडिएट के छात्र छात्राओं के बीच वोकल फॉर लोकल पर भाषण प्रतियोगिता और कक्षा नौ व दस के छात्रों के बीच निबंध एवं कक्षा छह, सात व आठ के छात्रों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने प्रतियोगिता की विजेता विज्ञान वर्ग की गौरी गुप्ता, अंशिका शुक्ला, अर्पित गुप्ता, आसिम अली, शिवाशीष, अभिषेक कुमार, लवी वर्मा, सत्यम वर्मा और कक्षा 11 कॉमर्स वर्ग के शिवांश मिश्रा, आदित्य सिंह, रोहन कुमार, प्रवेश गुप्ता, गौरी गुप्ता, अलीशा बानो, अलीशा मंसूरी, संजना, अर्चना सिंह, अनुष्का बाजपेई, इरम अंसारी, निदा परवीन, नीतिका एवं कला व पेंटिंग में अनन्या गुप्ता, अमूल, कार्तिक शर्मा, अंकुश राज, पल्लवी, शिफा, विकास शाह, लालू राज को प्रमाण देकर सम्मानित किया। संचालन इतिहास प्रवक्ता रमेश चंद्र ने किया। विश्व मोहनजीत, अभय कुमार जायसवाल, सत्येंद्र कुमार पांडे, रमेश कुमार मौर्य, दिनेश कुमार राज, दर्शन कुमार गुप्त, धर्मेंद्र सिंह, सन्तोष पांडेय, राकेश कुमार वर्मा, सविता देवी, राजीव कुमार, बलवीर सिंह, सत्यपाल गंगवार, आनंद कुमार कौशल, सुरेश चंद्र, अखिलेश्वर, दिनेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

### त्योहारों पर माहौल खराब करने वालों पर होगी कार्रवाई



**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** एएसपी पूर्वी नैपाल सिंह ने थाना संपूर्णानगर परिसर में शांति व्यवस्था को लेकर संभ्रांत लोगों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों के चुनाव और आगामी त्योहारों में शांति व्यवस्था खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि इन दिनों क्षेत्र में जहां चुनावी प्रक्रिया चल रही है। वहीं आगे नवरात्रि का पर्व भी है। शांतिपूर्ण निपटाने में प्रशासन का सहयोग करें। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें। बैठक में सीओ यादवेंद्र यादव, व्यापार मंडल कंछल गुट अध्यक्ष ओमप्रकाश मद्धेशिया, इश्तियाक अहमद खान, ग्राम प्रधान भानपुरी कॉलोनी प्रभुनाथ, अब्दुल रहीम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश भास्कर, भाजपा नेता सतीश श्रीवास्तव, बसपा नेता शिव प्रकाश, साबिर अली सहित तमाम प्रधान, व्यापारी व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### शहीद भगत सिंह के जन्मदिन पर कवि सम्मेलन आयोजित



**पड़रिया तुला, अमृत विचार :** शहीद ऐ आजम भगत सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पड़रिया तुला के शहीद स्मारक स्थल पर एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें श्रंगार, हास्य व वीर रस के कवियों ने अपनी अपनी रचनाओं से समा बांध दिया। जिससे देर रात तक श्रोताओं की तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंजता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री अभिजात मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। सिद्धार्थनगर से आई कवयित्री पूनम मिश्रा ने मां शारदे की आराधना पढ़ी। हास्य कवि नर कंकाल, श्रृंगार के कवि नवल सुधांशु, हासिम फिरोजाबादी, कवियत्री रंजना हया व ओमपाल सिंह निडर ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके अनुपम अवस्थी, उमाशंकर मिश्रा, विंग कमांडर धनन्जय सिंह,जसपाल सिंह पाली, जयप्रकाश मिश्रा, कोबरा कमांडो ओमकार सिंह, डॉक्टर सत्येंद्र यादव, धीरेन्द्र यादव अंकित त्रिवेदी,पीके यादव, रामजीत सिंह,दिनेश गुप्ता सहित भारी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

### नेपाल में हो रही बारिश से मोहाना नदी का जलस्तर बढ़ा



**बेलरायां/पलिया कलां, अमृत विचार :** नेपाल के पहाड़ों पर पिछले चार दिन से हो रही झमाझम बारिश से मोहाना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है। कई जगहों पर उफनाई मोहाना नदी का पानी सीमावर्ती खेतों में घुस गया है, जिससे फसलें एक बार फिर जलमग्न हो गई हैं। पशुओं के चारे की भी समस्या पैदा हो गई है। कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र में मोहाना के बढ़ते जलस्तर को देखकर लोग परेशान हो उठे हैं। नेपाल से निकली मुहाना नदी पलिया तहसील क्षेत्र के थारु ग्राम बनगवां, कजरिया, सूंड़ा, बिरिया, ढकिया, नझोटा, बंदरबरारी, जयनगर ,चंदन चौकी आदि में होते हुए निघासन तहसील क्षेत्र में प्रवेश करती है और कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र के नेपाल सीमा से होते हुए गिरिजा बैराज में जाकर मिलती है। इस नदी के उफनाने से गंगानगर, रननगर, कड़िया, डांगा, दीपनगर, नया पिंड, खैरटिया समेत कई गांव प्रभावित होते हैं। नेपाल की पहाड़ियों पर पिछले चार दिन से अच्छी वर्षा होने से मोहाना नदी में पानी बढ़ गया है और उसका पानी नदी के किनारे स्थित खेतों में भरने लगा है। इससे खेतों में खड़ी फसलों पर एक बार फिर बाढ़ का संकट मंडराने लगा है। बार-बार धान, गन्ना, उड़द, मक्का, लोबिया आदि फसलें जलमग्न होने से किसान परेशान हो उठे हैं। कई किसानों ने बताया कि इस बार उन्होंने जो लागत लगाई थी, उसे निकाल पाना भी कठिन होगा। प्रशासन को बर्बाद फसलों का सर्वे करा कर उन्हें मुआवजा दिलाना चाहिए।

# किसान सुखी...तो सब सुखी के संकल्प को साकार कर रही सरकार

मुरादाबाद कार्यालय

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि किसान सुखी, तो सब सुखी, किसान दुखी तो सब दुखी। भाजपा की प्रदेश और केंद्र सरकार इसी संकल्प को साकार कर रही है। प्रधानमंत्री का विजन समाज के हर वर्ग का कल्याण करना है। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि किसानों की आय दोगुनी होगी। इसके लिए खेती के साथ पशुपालन पर भी ध्यान देना होगा। निराश्रित गोवंश की रक्षा, संरक्षण, संवर्धन प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

- **निराश्रित गोवंश की रक्षा संरक्षण, संवर्धन प्रदेश सरकार की प्राथमिकता: धर्मपाल सिंह**

वह रविवार को कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के गागन तिराहा के निकट भाजपा किसान व पिछड़ा वर्ग मोर्चा की ओर से आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देशी गोवंश के पालन, संरक्षण से किसान समृद्ध हो रहा है। गाय के नस्ल सुधार की आवश्यकता है। मुर्गी पालन, बकरी पालन पर भी सरकार अनुदान और बैंकों से ऋण दिला रही है। बकरी पालन को लाभकारी बताते हुए मंत्री ने कहा कि डेंगू बुखार में बकरी का दूध बहुत उपयोगी है। उत्तर प्रदेश आज दुग्ध उत्पादन में नंबर एक है। कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि सरकार ने किसानों के हित में हमेशा काम किया है। सरकारी ट्यूबवेलों पर मुफ्त पानी मिल रहा है। कृषि विभाग की ओर से छूट पर सोलर पंप दे रही है। केंद्र सरकार सालाना 6000 रुपये किसान सम्मान निधि दे रही है। जल्द ही इस योजना की 18वीं किस्त किसानों के खाते में जाएगी। सम्मेलन में राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष तेजा गुर्जर व अन्य मौजूद रहे।

## बारिश से प्रभावित हुआ उत्पादन, बाहर से आवक भी घटी, एकाएक ऊपर चढ़े भाव

# मध्यम वर्ग की हैसियत को फिर चुनौती देने लगीं सब्जियां

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** पिछले कुछ दिनों में तेजी से दाम बढ़ने के बाद सब्जियां न सिर्फ गरीबों की पहुंच से पूरी तरह बाहर हो गई हैं बल्कि मध्यवर्ग की हैसियत को भी चुनौती देने लगी हैं। हालत यह है कि एक-दो सब्जियों को छोड़कर किसी भी सब्जी का भाव 50 रुपये किलो से नीचे नहीं रह गया है। तोरई जैसी सीजनल सब्जी 70 रुपये और लौकी 50 से 60 रुपये तक बिक रही है। सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला टमाटर फिर 80 रुपये तक पहुंच गया है।



- **तोरई जैसी सीजनल सब्जी भी 70 रुपये किलो**

छले 15 दिन में सब्जियों के भाव 50 से सौ फीसदी तक बढ़ गए हैं। टमाटर का भाव लगभग दुगना हो गया है। सब्जी कारोबारियों के मुताबिक अगस्त में टमाटर का अधिकतम फुटकर भाव 40 रुपये था जो लगातार बढ़ते हुए अब 80 से 85 रुपये किलो तक पहुंच गया है। खराब गुणवत्ता का टमाटर भी 60 रुपये से कम नहीं मिल पा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि एक बारिश से टमाटर की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है, दूसरे मांग के अनुरूप बाहर से भी उसकी आवक नहीं हो रही है।

टमार की तरह प्याज का भाव भी लोगों को सबसे ज्यादा परेशान कर रहा है। फिलहाल प्याज 70 रुपये किलो तक बिक रहा है, कुछ समय पहले तक इसका भाव 30 से 40 रुपये के ही बीच था। शिमला भी सौ रुपये किलो से नीचे उतरने का नाम नहीं ले रही है। इसके अलावा गोभी जैसी गैरमौसमी सब्जी का भाव 120 रुपये है। बींस पर भी 30 रुपये तक चढ़ गए हैं। हरे धनिये के रेट चार सौ से पांच सौ के बीच चल रहे हैं। नया आलू 50 और पुराना 30 रुपये किलो बिक रहा है।

### कुछ बारिश का असर, कुछ मुनाफाखोरी

सब्जी कारोबारियों का कहना है कि बारिश से सब्जी की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है, इसके अलावा बाहर से आने वाली सब्जियों की आवक भी एकाएक घटी है। इनमें ऐसी सब्जियां भी हैं जो इस मौसम की नहीं हैं और कोल्ड स्टोरेज से मार्केट में सप्लाई होती हैं। डेलापीर मंडी के व्यापारी शुजा उर रहमान ने बताया कि सितंबर में हुई बारिश से सड़कों को भी नुकसान पहुंचा है, इससे सप्लाई चेन बाधित हुई है। मंडियों में सब्जियां समय पर नहीं पहुंच रही हैं। कुतुबखाना मंडी के व्यापारी रमेश मौर्य ने बताया कि जुलाई औरअगस्त में तो बारिश सब्जियों के लिए फायदेमंद थी लेकिन सितंबर में तेज बारिश से काफी सब्जी खराब हो गई।

### अब दिवाली तक झेलनी पड़ेगी महंगाई

सब्जी कारोबारियों का कहना है कि कुछ ही दिन बाद नवरात्र शुरू होने जा रहे है, इसी के साथ शादियों का भी सीजन शुरू हो जाएगा। इसके बाद दिवाली जैसा बड़ा त्योहार है, इस कारण सब्जियों पर महंगाई घटने के बजाय और बढ़ने की आशंका है। सब्जी व्यापारियों का यह भी कहना है कि बारिश के बाद जिले में प्रभावित हुआ उत्पादन सामान्य होने में समय लगेगा। त्योहारों में मांग बढ़ेगी तो बाहर की सब्जियों के दाम भी बढ़ेंगे।

## आयुर्वेद अपनाकर करें खानपान का प्रबंधन

**बहजोई,अमृत विचार:** संभल कल्कि महोत्सव के दूसरे दिन प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य डा. विश्वरूप चौधरी ने केवल दिनचर्या बदलने से ही दवा से छुटकारा मिलने की बात कही।

आयुर्वेदाचार्य विश्वरूप चौधरी ने कहा कि खानपान का प्रबंधन कर स्वास्थ्य को ठीक रखा जा सकता है। समय प्रबंधन से ही दवाइयां को छोड़कर सभी बीमारियों का उपचार संभव है। बेहतर जीवन जीने के लिए प्रत्येक गतिविधि समय से करनी होगी। सुबह 8:00 बजे के बाद भोजन करना चाहिए। शाम 6:00 बजे के बाद भोजन नहीं करना चाहिए। रात्रि में भोजन या कोई अन्य खाद्य पदार्थ नहीं लें, क्योंकि हमारा शरीर और इसके अन्य अंग इस आधार पर काम करते हैं। रात्रि में किडनी दिन के बदले कम कार्य करती है। उन्होंने तमाम प्रक्रियाओं के तहत जोड़ों का दर्द, शुगर, बीपी, कैंसर जैसी बीमारियों से ठीक किया जा सकता है। आचार्य मनीष ने आयुर्वेद से उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# ग्रामीण को तेंदुए ने किया घायल, पकड़ा गया

## पीलीभीत से आए डॉ. दक्ष ने ट्रेंकुलाइजर गन से निशाना साध किया बेहोश

संवाददाता, टांडा ( रामपुर )

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव करखेड़ा के जंगल में रविवार सुबह तेंदुआ ने वीडियो बना रहे एक ग्रामीण को घायल कर दिया। ट्रेंकुलाइज कर वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ लिया। टीम उसे पीलीभीत के जंगल में छोड़ने के लिए ले गई।

गांव करखेड़ा निवासी एक ग्रामीण रविवार सुबह 8 बजे पशुओं के लिए चारा लेने खेत पर गया था। वहां उसे गन्ने के खेत के पास फंदे में फंसा तेंदुआ दिखा। इसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। भीड़ को देख तेंदुए ने जोर लगाकर फंदे की जंजीर तोड़ दी और मोबाइल से वीडियो बना रहे एक ग्रामीण शकील पर हमला कर दिया। लोगों के शोर मचाने पर तेंदुआ भागकर



बेहोश तेंदुए को उठाते वनकर्मी। ● अमृत विचार

धान के खेत में छिप गया। इस बीच सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी। डीएफओ राजीव कुमार वन विभाग की टीम के साथपहुंचे और तेंदुए को पकड़ने के लिएकांबिंग शुरू कर दी। वन विभाग की टीम ने धान के खेत में जाल बिछाया। निगरानी के लिए ड्रोन का प्रयोग भी किया।

टांडा नगर पालिका से जेसीबी और एक स्काई लिफ्ट मंगाई गई जिस पर सवार होकर पीलीभीत से आए डॉ. दक्ष गंगवार सहित टीम के अन्य सदस्य तेंदुए की तलाश करने लगे। तेंदुआ टीम ने गन्ने के खेत में उसे तलाश किया। डॉ. दक्ष ने ट्रेंकुलाइजर गन से निशाना साधकर उसे मूर्छित कर दिया। इसके बाद चिकित्सक ने उसे एक और इंजेक्शन लगाया। पूरी तरह बेहोश होने के बाद टीम तेंदुए को पिंजरे में कैद करके पिकअप से पीलीभीत ले गई।

### 9 घंटे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन

तेंदुआ दिखाई देने के बाद ग्रामीणों में हलचल मच गई। धीरे-धीरे करके यह खबर आसपास के गांवों में भी फैल गई। जानकारी मिलने के बाद डीएफओ टीम के साथ मौके पहुंच गए। इसके बाद कांबिग शुरू की गई। करीब 9 घंटे की मेहनत के बाद तेंदुए को पकड़ लिया गया।

> ग्राम करखेड़ा में तेंदुए की सूचना पर सर्च अभियान चलाया गया। 9 घंटे की मशक्कत के बाद ट्रेंकुलाइजर की मदद से वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ लिया। उपचार के बाद उसे पीलीभीत के वन में छोड़ा जाएगा।
>
> – राजीव कुमार, डीएफओ

## एक्सिस बैंक के बिजनेस अधिकारी को रोडवेज बस ने कुचला

**बरेली,अमृत विचार :** विकास भवन रोड पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के पास शनिवार देर रात रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार एक्सिस बैंक के बिजनेस अधिकारी की मौत हो गई।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक थाना कैंट क्षेत्र के बंगला नंबर-14 में रहने वाले अनुराग सिंह एक्सिस बैंक में बिजनेस अधिकारी थे। वह शनिवार रात करीब 11 बजे डीडीपुरम कार्यालय से अपने घर के लिए आ रहे थे। उनकी बाइक डीआईओएस कार्यालय के पास पहुंची कि तभी दिल्ली से आ रही तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी और उनका सिर पहिये के नीचे आने से कुचल गया और मौके पर ही मौत हो गई। अनुराग के पिता राजेश सिंह का आवास विकास कॉलोनी के सामने जनरल स्टोर है। पिता, भाई अनुपम सिंह और मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

# हाईवे चौड़ीकरण के ज्यादा मूल्यांकन वाले मामले चिन्हित

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** बीसलपुर-शाहजहांपुर हाईवे के चौड़ीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना से पहले कौड़ियों के भाव जमीन खरीदकर करोड़ों का खेल करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है एनएचएआई ने जमीनों के ज्यादा मूल्यांकन वाले मामलों को चिह्नित करने के बाद आर्बिट्रेशन दायर करने की तैयारी शुरू कर दी है।

बीसलपुर-शाहजहांपुर हाईवे के चौड़ीकरण के प्रोजेक्ट में अधिकारियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर धांधली किए जाने के स्पष्ट प्रमाण मिले हैं। अब तक की छानबीन में सामने आया है कि हाईवे चौड़ीकरण का एलाइनमेंट लीक होने के बाद बाहरी लोगों ने यहां कौड़ियों के भाव जमीनों को खरीदा। तीन गांवों में जमीनें खरीदने के बाद ज्यादा मुआवजा झटकने के लिए वहां कई ढांचे भी खड़े करा दिए गए

- **अब आर्बिट्रेशन दायर करने की तैयारी कर रहा है एनएचएआई**
- **अधिग्रहीत भूमि का दोबारा मूल्यांकन कराने के लिए भी पैरवी**

थे। इसके बाद मुआवजा हड़पने की तैयारी थी, लेकिन जांच में मामला पकड़ में आने के बाद सारी प्रक्रिया जहां के तहां रोक दी गई।

एनएचएआई ने अब उन सभी मामलों को चिह्नित कर लिया है जिनमें जमीन का ज्यादा मूल्यांकन किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि अब इन मामलों पर आर्बिट्रेशन दायर करने की तैयारी की जा रही है। दोबारा मूल्यांकन कराने के लिए भी आग्रह किया गया है। बताया जाता है कि एसडीएम बीसलपुर ने इन मामलों पर पीलीभीत के जिलाधिकारी को पहले ही रिपोर्ट भेज दी थी, जिस पर हुई जांच में मिले तथ्यों के साथ एनएचएआई और बीसलपुर तहसील प्रशासन की संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई बढ़ेगी।

# सरकार के नियंत्रण से मुक्त किए जाएं मंदिर

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट के विरोध में रविवार को विश्व हिंदू परिषद ने नेहरू युवा केंद्र पर सभा करने के बाद आक्रोश रैली निकाली और मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचकर अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल को ज्ञापन दिया। विहिप नेता और कार्यकर्ता यहां कुछ देर धरने पर भी बैठे और हनुमान चालीसा का पाठ किया।

नेहरू युवा केंद्र में सुबह 11 बजे विहिप की सभा में हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने तिरुपति मंदिर के प्रसाद के लड्डुओं में जानवरों की चर्बी और मछली का तेल के मिलावट पर गुस्सा जताया। विहिप के प्रांत संगठन मंत्री राजेश कुमार ने कहा कि अंग्रेजों के समय से ही मंदिरों की संपत्ति लूटने के उद्देश्य से उनका नियंत्रण सरकारों के अधीन रखा गया, दुनिया के और किसी धर्म में ये व्यवस्था नहीं है। हिंदू मंदिर भी सरकार के नियंत्रण से बाहर होने चाहिए। बोले, तिरुपति मंदिर की घटना से धार्मिक

- **प्रसाद में मिलावट के खिलाफ विहिप ने निकाली जन आक्रोश रैली, हनुमान चालीसा का पाठ**

भावनाओं को गहरी चोट पहुंची है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।आरएसएस के सह प्रांत कार्यवाह राजपाल ने कहा कि हिंदू समाज को भेदभाव भुलाकर और समाज हित में एकजुट होकर ऐसे कुकृत्यों का विरोध करना चाहिए।

सभा के बाद विहिप कार्यकर्ता नारे लगाते हुए कमिश्नरी पहुंचे।रविवार होने के कारण मंडलायुक्त नहीं थी। विहिप कार्यकर्ता उन्हीं को ज्ञापन देने की जिद पर अड़ गए और धरने पर बैठ गए। काफी देर नारेबाजी भी की। बाद में अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल को ज्ञापन सौंपा। मांग की कि तिरुपति बालाजी मंदिर के भोग महाप्रसाद प्रकरण की सीबीआई जांच कराकर दोषियों को शीघ्र कठोरतम दंड दिलाना सुनिश्चित कराया जाए। इस मौके पर महानगर संघ चालक डॉ. सत्यपाल गंगवार, महानगर प्रचारक मयंक साधु व अन्य शामिल रहे ।

## बैंक की नीलामी के बाद बेच दी जमीन

**बरेली ,अमृत विचार :** बैंक की ओर से नीलाम की गई जमीन को भी ठगों ने पूरनपुर के एक व्यक्ति को बेच दिया। अब आरोपी जबरन कब्जे की कोशिश कर रहे हैं। थाना बारादरी पुलिस ने सात नामजद और 12 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नवादा शेखान निवासी नासिर हुसैन अंसारी के मुताबिक एजाजनगर गौंटिया निवासी अब्दुल वहीद ने वर्ष 2009 में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा सीबीगंज से जगतपुर के 234.10 वर्ग मीटर प्लॉट को बंधक बनाकर कर्ज लिया था। कर्ज वापस न करने पर बैंक ने प्लॉट को नीलाम करते हुए अगस्त में उनके हक में बैनामा कर दिया। अगस्त में अब्दुल वहीद की पत्नी रेशमा, बेटी सिम्मी, बेटा शादाब व शोएब ने पीलीभीत के पूरनपुर निवासी महताब मियां के हक में इकरारनामा कर दिया। 18 अगस्त को रेशमा, सिम्मी, शादाब, शोएब, माहताब मियां, मोहम्मद जाहिद, मोहम्मद बंटी 10-12 लोगों को लेकर हथियारों के साथ आए और प्लॉट का खुद को मालिक बताया। जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट की। प्लॉट में बने कमरे में रह रहे किरायेदार के साथ भी मारपीट की।

# मिनी बाईपास बस अड्डे से जल्द मिलने लगेंगी बसें

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार:** मिनी बाईपास पर बस अड्डे का भवन बनकर तैयार हो गया और फिनिशिंग की जा रही है। जल्द ही निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा और यहां से बच्चों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। यहां से बसें चलने से पुराने बस अड्डे पर लोड कम होगा और जाम की समस्या भी दूर हो जाएगी।

मिनी बाईपास पर इज्जतनगर में वर्ष 2021 से बस अड्डे का निर्माण कराया जा रहा है। बजट के अभाव में समय पर बस अड्डा बनकर तैयार नहीं हुआ है। बस अड्डे के लिए 16.72 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। शासन ने पहले किस्त तीन करोड़ जारी की लेकिन उसके बाद दूसरी किस्त जारी होने में एक साल लग गया। अब रकम जारी होने के बाद काम तेजी से चल रहा है। निर्माणाधीन बस अड्डे में दो भवन बनाए गए हैं, जिसमें लिंटर डल गया है। भवनों पर प्लास्टर कराने के साथ ही अन्य काम कराए जा रहे हैं।

- **भवन बनकर तैयार, फिनिशिंग का चल रहा काम**

### सेटेलाइट बस अड्डे के निर्माण के दौरान भी संचालन करने की तैयारी

सेटेलाइट बस अड्डे पर पीपीपी मॉडल के तहत निर्माण जल्द ही शुरू होना है। इसके बाद यहां से चलने वाली बसों को भी मिनी बाईपास बस अड्डे से चलाने का विचार किया जा रहा है। मिनी बाईपास बस अड्डे से लखनऊ, देहरादून, टनकपुर, पीलीभीत, दिल्ली और अन्य रूट की बसों का भी संचालन किया जाएगा।

> मिनी बाईपास पर बस अड्डे का काम तेजी से कराया जा रहा है। काम पूरा होने के बाद वहां से बसों का संचालन शुरू करा दिया जाएगा। इससे सेटेलाइट और पुराने बस अड्डे पर लोड कम हो जाएगा।
>
> –दीपक चौधरी, आरएम बरेली रीजन

उम्मीद है कि इसी साल काम पूरा होने के बाद नए बस अड्डे से बसों का संचालन शुरू करा दिया जाएगा।

# संगठित नहीं हुआ तो विलुप्त हो जाएगा समाज

मुरादाबाद कार्यालय

**अमृत विचार:** अगर इसी तरह बंटते रहे और संगठित नहीं हुए तो एक दिन ऐसा आएगा कि क्षत्रिय समाज विलुप्त हो जाएगा। आप लोग पहले की तरह संगठित हो गए तो एक बार फिर से अखंड भारत पर क्षत्रियों का राज होगा। यह बातें भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने मंच से कहीं। वह अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से रविवार को आयोजित क्षत्रिय स्वाभिमान व हित चिंतन समारोह में बोल रहे थे।

मूंढापांडे ब्लॉक के गांव भीतखेड़ा में रविवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने क्षत्रिय स्वाभिमान व हित चिंतन समारोह में मुख्य अतिथि मेरठ की सरधना विधानसभा सीट से भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने कहा कि अखंड भारत बनाने में क्षत्रिय समाज का विशेष योगदान रहा है। अब क्षत्रिय समाज अपनी पहचान खो रहा है। इसका कारण क्षत्रियों का संगठित न होना है। क्षत्रिय समाज की महिमा ऐसी है कि भगवान राम



पूर्व विधायक संगीत सोम को सम्मानित करते क्षत्रिय समाज के लोग।

- **क्षत्रिय स्वाभिमान सम्मेलन में बोले संगीत सोम, श्रीराम ने भी क्षत्रिय मां की कोख से लिया जन्म**

ने भी क्षत्रिय मां की कोख से जन्म लिया।

उन्होंने कहा किहमारे समाज के लोग सो रहे हैं, लेकिन, हमें उन्हें जगाना होगा। अगर नहीं जागे तो मृत उठोगे, जीवित नहीं रहोगे। कहीं मत जाओ और कुछ मत करो, लेकिन अगर साल में एक बार मैं आपको समाज के लिए पुकारुं तो एकत्र हो जाओ। उन्होंने समाज में दहेज प्रथा और नशाखोरी को खत्म करने की सभी को शपथ दिलाई।

### कानून के दायरे में काम नहीं करेंगे तो पिटवाऊंगा

विवादित बयानों से चर्चा में रहने वाले संगीत सोम ने खुले मंच से अधिकारियों को पब्लिक से जूतों से पिटवाने की चेतावनी दे डाली। उन्होंने कहा कि मेरा एक अधिकारी को धमकाने का वीडियो वायरल है। एक पत्रकार ने मुझसे पूछा कि आप का अधिकारी को धमकाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। मैंने कहा हां, मैंने धमकाया था और कम धमकाया था। मैं आज फिर इस मंच से कह रहा हूं कि अगर अधिकारी कानून के दायरे में रहकर और सही से काम नहीं करेंगे तो उन्हें पब्लिक के हाथों जूतों से पिटवाऊंगा।

# हम पूर्व सैनिक हैं, देश सेवा करते थे, अब देश सजाएंगे



गोला गोकर्णनाथ में आयोजित समारोह में बोलते जिला सैनिक कल्याण अधिकारी। ● अमृत विचार



पूर्व मेजर डॉ अंजलि गिरि को सम्मानित करते पदाधिकारी।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तृतीय स्थापना दिवस समारोह में पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर चर्चा कर उनके सेवाकाल में किए गए कार्यों का बखान किया।

लखीमपुर रोड स्थित कुम्भी ब्लॉक के सभागार में विंग कमांडर वीबी जयचंद की अध्यक्षता में हुए स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि दिनेश चंद्र शर्मा ने पूर्व

- **पूर्व सैनिक सेवा परिषद् के स्थापना दिवस में समस्याओं पर की चर्चा**

सैनिकों, वीरांगनाओं की समस्याओं पर चर्चा की। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी वीपी सिंह ने पूर्व सैनिकों के हित में चल रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। पूर्व सैनिकों से आधार कार्ड में जन्म तिथि सुधरवाने और अन्य दस्तावेजों को दुरुस्त रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि रिटायर होने के बाद फौजी जहां भी जाता है, उसको लोग आदर्श मानकर उसका अनुसरण करते हैं, बच्चे उनका क्रियाकलाप देखते हैं, उनका अनुशासन देखते हैं। परिषद के संरक्षक कार्यक्रम आयोजक राजेश्वर सिंह, अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मिश्रा, जगपाल सिंह, कृष्णगोपाल त्रिवेदी ने थल सेना, नौसेना और वायुसेना से सेवानिवृत्त हुए सैनिकों की समस्याओं पर विचार विमर्श कर कहा कि संगठन एक परिवार है, अपनी समस्याएं बिना झिझक कहें, संगठन उनका समाधान कराएगा। मेजर डॉ अंजलि गिरि, डॉ कौशल वर्मा, डॉ रवीन्द्रनाथ वर्मा, रामजी रस्तोगी, विमलेश मिश्रा ने पूर्व सैनिकों को हर संभव मदद करने की बात कही। संचालन फौजी गजेंद्र वर्मा ने किया। समारोह में कैप्टन अकरम खान, सूबेदार देवप्रकाश, नायक खगेश्वर प्रसाद, कश्मीर सिंह, निहाल अवस्थी, चन्द्रसेन, हवलदार राकेश कुमार, वीरभद्र सेन, सरदार हरपाल सिंह, मनोज त्रिवेदी, प्रेमकुमार, लालबिहारी वर्मा, विनोद कुमार वर्मा, जगदीशचंद जोशी आदि पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# छात्रावास की सुरक्षा होगी सख्त बढ़ाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के छात्रावास में छात्रों में मारपीट की घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था सख्त की जाएगी। इसके लिए सुरक्षा कर्मियों की दिन-रात ड्यूटी लगाई जाएगी और सीसीटीवी कैमरों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। वार्डन के निर्देश पर रविवार को सुरक्षा प्रभारी सुधांशु शर्मा ने छात्रावास का निरीक्षण किया।

मुख्य छात्रावास में शुक्रवार रात सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्र के साथ मारपीट की थी। इसके बाद जूनियर छात्र ने सीनियर की पिटाई की थी। इस घटना के बाद वार्डन ने सभी सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि वह दिन-रात निगरानी रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करें। सुरक्षा प्रभारी ने छात्रावास के चारों ओर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने



- **सीनियर और जूनियर छात्रों में मारपीट के बाद सुरक्षा प्रभारी ने किया निरीक्षण**

का आश्वासन दिया। सुरक्षा प्रभारी ने छात्रावास में रहने वाले छात्रों से कहा कि वे किसी भी अप्रिय स्थिति में तुरंत विश्वविद्यालय प्रशासन को सूचित करें। छात्रावास में प्रवेश और निकासी के समय छात्रों की पहचान की जांच की जा रही है। बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश को भी प्रतिबंधित किया गया है। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि सुरक्षा के लिए कई सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एक विशेष बैठक भी आयोजित की जाएगी।

## रुविवि से संबद्ध 13 महाविद्यालयों ने जारी की प्रतियोगिताओं की तिथि

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध 13 महाविद्यालयों ने अंतर महाविद्यालयी प्रतियोगिताओं की तिथियां निर्धारित कर दी है। प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन विश्वविद्यालय की टीम में किया जाएगा और यह खिलाड़ी जोन और ऑल इंडिया प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। 9-10 अक्टूबर को बैडमिंटन पुरुष एसएस कॉलेज शाहजहांपुर में, 14 अक्टूबर को एमएच पीजी कॉलेज मुरादाबाद में बास्केटबॉल पुरुष, 15 अक्टूबर को वर्द्धमान कालेज में बास्केटबॉल महिला, 19 अक्टूबर को हल्दौर डिग्री कॉलेज बिजनौर में बेस्ट फिजिक पुरुष, 22 अक्टूबर को एमजीएमसी संभल में महिला क्रिकेट, 19 अक्टूबर को एमएच पीजी कॉलेज मुरादाबाद में हॉकी महिला और पुरुष, 17 अक्टूबर को जेएसएच पीजी कॉलेज अमरोहा में कबड्डी पुरुष, 5 अक्टूबर को वर्धमान कॉलेज बिजनौर में कबड्डी महिला, 19 अक्टूबर को हल्दौर डिग्री कॉलेज बिजनौर में पावरलिफ्टिंग पुरुष, 23 अक्टूबर को विवेकानंद कॉलेज दरबारा बिजनौर में वालीबॉल पुरुष, 8 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में वालीबॉल महिला, 19 अक्टूबर को हल्दौर डिग्री कॉलेज बिजनौर में वेटलिफ्टिंग पुरुष अंतर महाविद्यालयी प्रतियोगिताएं होंगी।

**प्राथमिक विद्यालय कादरगंज वि.खं. फरीदपुर, बरेली**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक सं.-एस.एस.ए./निर्माण/ 2886-94/ 2024-25 दिनांक 26.09.2024 के अनुपालन में प्रा. वि. कादरगंज के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 03.10.2024 दिन बृहस्पतिवार को प्रात: 10 बजे प्रांगण में की जायेगी। आवश्यक प्रक्रिया पूरी न होने पर स्थिति में नीलामी पुन: दिनांक 05.10.2024 तथा 07.10.2024 को प्रात: 10 बजे से की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीकर्ता को अपना आधार कार्ड व कुछ राशि जमानत राशि के रूप में जमा करनी होगी। बोलीकर्ता का रजिस्ट्रेशन नीलामी दिनांक को प्रात: 9:00 से 10:00 बजे तक होगी। नीलामी की शर्तें विद्यालय पहुँचकर प्राप्त की जा सकती है।

गीता देवी
विद्यालय प्रबन्ध समिति
प्रा.वि. कादरगंज वि.क्षे. फरीदपुर, बरेली।

हेमाली
ऐंग्रेवर

राजेन्द्र कुमार
विद्यालय प्रबन्ध समिति
प्रा.वि. कादरगंज
वि.क्षे. फरीदपुर, बरेली।
मो. 7037042710

उपदेशो हि मूर्खाणां प्रकोपाय न शान्तये।
पय :पानं भुजंगानां केवलं विषवर्द्धनम्॥

मूर्खों को दिया हुआ उपदेश उनके क्रोध को बढ़ाता ही है शांत नहीं करता। जिस प्रकार सांपों को पिलाया हुआ दूध हमेशा उनका विष ही बढ़ाता है ।

## संपादकीय

# सुधारों की ओर

मेक इन इंडिया अभियान से देश की अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक बढ़ोतरी हो रही है। भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए इस पहल ने ऐतिहासिक दशक पूरा कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अभियान जनांदोलन बना है। देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का लगातार बढ़ना भी हमारे मेक इन इंडिया की सफलता की गाथा कह रहा है। वास्तव में देश को मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन का केंद्र बनाना देशवासियों के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम ने घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने, नवाचार को बढ़ावा देने, कौशल विकास को बढ़ाने और विदेशी निवेश को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने मेक इन इंडिया अभियान के 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए कहा कि अभियान की सफलता में देश के बड़े उद्योगों से लेकर छोटे दुकानदारों तक का योगदान शामिल है। अभियान के तहत अब जिन दो चीजों पर फोकस किया जा रहा है, उसमें पहला गुणवत्ता यानि देश में बनी चीजें वैश्विक मानकों की हों। दूसरा है 'वोकल फॉर लोकल यानी, स्थानीय चीजों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा मिले। विभिन्न क्षेत्रों पर मेक इन इंडिया पहल के सकारात्मक प्रभाव नजर आते हैं। विश्व बैंक की ईज आफ डूइंग बिजनेस रिपोर्ट में वर्ष 2014 में 142वें स्थान से वर्ष 2019 में 63वें स्थान पर पहुंचने से व्यापार की स्थिति में सुधार के लिए भारत की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है। अभियान का ही असर है कि पिछले दस साल में भारत में हर घंटे एक स्टार्टअप लांच हुआ। सरकार के निरंतर प्रयासों से 30 जून तक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 1,40,803 हो गई है, जिससे 15.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। 2014 से 2024 तक 667.4 अरब अमेरिकी डॉलर का संचयी प्रवाह आकर्षित किया है, जो पिछले एक दशक (2004-14) की तुलना में 119 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। पिछले एक दशक में विनिर्माण क्षेत्र में एफडीआई इक्विटी प्रवाह 165.1 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है, जो पिछले एक दशक (2004-14) की तुलना में 69 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है, जिसमें 97.7 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रवाह देखा गया था। भारत लगातार सुधारों की दिशा में आगे बढ़ रहा है। परंतु देश में निर्मित वस्तुओं की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि जैसी चुनौतियों के चलते अभियान के तहत सफलता के साथ ही कुछ कमियां भी देखी गईं। अभियान का उद्देश्य आयात को कम करके निर्यात को बढ़ावा देना था, लेकिन निर्यात को बढ़ावा देने में अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सके। इसके लिए देश में व्यापार के लिए स्वस्थ वातावरण का निर्माण जरूरी है।

# जन भागीदारी से ही साकार होगा विकसित भारत का सपना



महेश चंद गुप्ता
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, दिल्ली

भारत में आर्थिक असमानता एक बड़ी बाधा है। अमीर और गरीब के बीच की खाई तेजी से बढ़ रही है। एक ओर जहां कुछ क्षेत्रों में लोगों की आय और जीवन स्तर में वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में लोग गरीबी झेल रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक असमानता भी स्पष्ट है। विकसित भारत के लिए हम जितना करें, उतना ही कम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंबे समय से विकसित भारत की बात कर रहे हैं। हाल के अमेरिका दौरे में भी प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात को दोहराया है। देश का सपना एक विकसित राष्ट्र बनने का है और इसके लिए चलाए जा रहे अभियान के पीछे भारत की आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी प्रगति को तेज गति देने का उद्देश्य निहित है। इसमें कोई दो राय नहीं कि विकसित भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य देश की समग्र प्रगति को सुनिश्चित करना है, जिससे सभी नागरिकों को समान अवसर और सुविधाएं मिल मिलना संभव हो सके। अभियान के तहत बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि कई प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री बार-बार भारत को विकसित बनाने के अपने संकल्प को दोहराते हैं, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या देश की जनता इस सपने को साकार करने में मन से जुड़ी हुई है? सरकार की कोशिश अपनी जगह है, पर हम लोग इस सपने को साकार करने के लिए क्या योगदान दे रहे हैं? क्या सचमुच इस अभियान से हमारा उतना जुड़ाव है, जिसकी जरूरत महसूस की जा रही है? इन सवालों पर गहन चिंतन करने की जरूरत है। कोई भी काम जनता की भागीदारी के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है। हमारे लिए विकसित भारत का सपना केवल सिर्फ आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इस सपने को तभी साकार किया जा सकता है, जब इसमें जन-जन का जुड़ाव हो।

विकसित भारत के लिए जन आंदोलन की आवश्यकता है। जन आंदोलन बनने पर ही इसमें हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित कर पाना संभव है। अगर हम अतीत पर नजर डालते हैं तो हमें जन भागीदारी के सफल उदाहरण दिखाई पड़ते हैं। एक समय ऐसा था, जब हमारे देश में लोगों का पेट भरने के लिए भी अनाज उत्पादन नहीं होता था। देशवासियों का पेट भरने के लिए अनाज का आयात अपरिहार्य था, मगर याद कीजिए, जब देश ने अन्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की ठान ली तो जन-जन की भागीदारी इसमें हुई तो वह सपना साकार होने में देर न लगी। दुग्ध क्रांति का सपना

विकसित भारत सामाजिक न्याय और समानता की नींव पर ही खड़ा हो सकता है। जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ जन आंदोलन आवश्यक हैं। ऐसे आंदोलनों में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से जरूरी होगी।

भी ऐसा ही एक उदाहरण है। अन्न व दूध उत्पादन में सफलता के पीछे व्यापक जन जुड़ाव रहा है। देश को विकसित बनाने के लिए जन-जन को जागरूक करना ही होगा। नागरिकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। विकसित भारत सामाजिक न्याय और समानता की नींव पर ही खड़ा हो सकता है। जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ जन आंदोलन आवश्यक हैं। ऐसे आंदोलनों में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से जरूरी होगी। इसके साथ-साथ शिक्षा और रोजगार के अवसरों में समानता सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।

इसके लिए शिक्षा प्रणाली में सुधार की दरकार है ताकि सभी वर्गों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। रोजगार के अवसरों को बढ़ाना भी उतना ही जरूरी होगा। शिक्षा प्रत्येक देश के विकास का आधार होती है, लेकिन भारत की शिक्षा प्रणाली में अभी बहुत से सुधारों की दरकार है। हालांकि सरकार ने नई शिक्षा नीति बनाकर इस दिशा में काम शुरू किया है, मगर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच शिक्षा का असंतुलन, उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षकों की कमी और बुनियादी ढांचे की कमी एक बड़ी समस्या है,जिसका समाधान करने की जरूरत है। वहीं, स्कूली शिक्षा के साथ ही व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा तथा श्रम शक्ति के कौशल विकास पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। हमारे विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में सुधार करना सबसे जरूरी काम है, जिसे विशेष अभियान के रूप में लिया जाना चाहिए। विकसित भारत के एक महत्वपूर्ण पहलू के रूप में पर्यावरण को भी देखना चाहिए। औद्योगिक क्रांति के बिना विकसित भारत की कल्पना कर पाना बेहद मुश्किल है। अब छोटे-बड़े उद्योगों की स्थापना के लिए कदम बढ़ाने होंगे। आधुनिक तकनीक का सही उपयोग विकसित भारत की भावना को मजबूत करेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव और शहरी क्षेत्रों में बेहतर सेवाओं की ऊंची कीमतें एक बड़ी समस्या है। भारत की बड़ी आबादी के लिए पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना एक चुनौती है।

भारत में आर्थिक असमानता एक बड़ी बाधा है। अमीर और गरीब के बीच की खाई तेजी से बढ़ रही है। एक ओर जहां कुछ क्षेत्रों में लोगों की आय और जीवन स्तर में वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में लोग गरीबी झेल रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक असमानता भी स्पष्ट है। विकसित भारत के लिए हम जितना करें, उतना ही कम है। एक मजबूत और विकसित राष्ट्र बनने के लिए बुनियादी ढांचा आवश्यक है, लेकिन भारत इस क्षेत्र में अभी भी काफी पीछे है। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए देश के प्रशासनिक ढांचे में भी सुधार अपेक्षित है, क्योंकि भ्रष्टाचार, नौकरशाही और निर्णय लेने में देरी से विकास परियोजनाओं में बाधाएं आती हैं। सरकार की विभिन्न नीतियों और योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन न होने से भी विकास दर पर असर पड़ता है। अगर राजनीतिक और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाई जाए तो यह देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हमारे देश की बड़ी आबादी खेती पर निर्भर है, इसलिए यह सुनिश्चित बनाना होगा कि किसानों की आय को बढ़ाया और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से लैस किया जाए। कृषि उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार के लिए कृषि क्षेत्र में नवाचार और वैज्ञानिक शोध को प्रोत्साहित करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार कर ग्रामीण विकास को गति देना भी उतना ही जरूरी है।

भारत की तेजी से बढ़ती जनसंख्या देश के विकास के समक्ष एक प्रमुख चुनौती और बाधा है। बढ़ती जनसंख्या के कारण देश के संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। वर्तमान में देश की जनसंख्या 140 करोड़ है, यूनाइटेड नेशन के अनुसार, जिसके 2050 में 167 करोड़ हो जाने का अनुमान है। इसके विपरीत चीन की जनसंख्या 130 करोड़ रह जाएगी, क्योंकि चीन अपनी जनसंख्या पर तेजी से नियंत्रण कर रहा है। इसके विपरीत हम जनसंख्या के मुकाबले में चीन को पीछे छोड़ आए हैं। जनसंख्या के दबाव में स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, रोजगार और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग में वृद्धि हो रही है,लेकिन उपलब्ध संसाधन बढ़ती जनसंख्या के मुकाबले अपेक्षित गति से नहीं बढ़ पा रहे हैं। जनसंख्या के दबाव के कारण हमें अनेक समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। किसी भी विकसित देश में उच्च प्रति व्यक्ति आय, क्वालिटी ऑफ लाइफ, बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य, स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग महत्वपूर्ण हैं, लेकिन हमारे देश की जीडीपी अभी पांच ट्रिलियन भी नहीं है, जबकि अमेरिका की 30 ट्रिलियन और चीन की 20 ट्रिलियन है। अमेरिका में प्रति व्यक्ति आय 77 हजार डॉलर और चीन में 13 हजार डॉलर है जबकि भारत में प्रति व्यक्ति आय 2400 डॉलर यानी करीब नब्बे हजार रुपये ही है। आने वाले सालों में भारत में प्रति व्यक्ति आय 15 से 20 हजार डॉलर हो, तभी हम स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग की बात कर सकते हैं। अभी तो हमारे यहां क्वालिटी ऑफ लाइफ कमजोर है। स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग नहीं है। ह्यूमन डवलपमेंट इंडेक्स में 193 देशों में भारत 134 वें नंबर पर है। अगर जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो हम कभी भी विकसित भारत नहीं बन पाएंगे।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमारी जीडीपी में आठ से नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी आवश्यक है। पिछले दस सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर लाने में सफलता मिली है, लेकिन अभी बहुत बड़ी तादाद में लोग गरीबी की रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। विकसित भारत बनने की राह में जो भी बाधाएं हैं, उन्हें दूर करना होगा। नीतिगत सुधार जरूरी हों, वहां सरकार को आगे आना होगा, जहां जनता के काम करने की जरूरत हो, वहां जनता को स्वतः स्फूर्त खड़ा होना होगा। ऐसा होने पर ही भारत विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो सकेगा और अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकेगा। विकसित भारत का सपना भारत के लोगों द्वारा भारत के लोगों के लिए ही देखा जा रहा है, यह अहसास हर किसी को होना चाहिए।

## प्रसंगवश

# वेश्याएं : हेय नहीं प्रेय भी

सामान्यतया समाज में वेश्याएं हेय मानी जाती हैं, लेकिन आदि काल से हर सभ्यता में इनका अस्तित्व रहा है। हम अपने देश और समाज की ही बात करते हैं। यह वर्ग पूरी तरह हेय या घृणास्पद नहीं था। इनका सम्मान भी होता रहा है।

वैदिक काल में इन्हें सद्वर्णी कहते थे और ये लाल रंग के परिधान और आभूषण धारण करती थीं। इन्हें शुल्क वसूल करके जीविकोपार्जन की अनुमति थी,उसके पहले इनका विवाह देवता से कर दिया जाता था। ये देव दासियां भी कही गईं। शुल्क लेकर रति न करने पर दोगुना अर्थ दंड देना होता था और ऐसा ही पुरुष के बारे में भी था। यदि वह रमणोत्तर शुल्क न दे, तो दूना अर्थदंड देय होता था। वाल्मीकि रामायण में श्रीराम की वन से अयोध्या वापसी पर भरत ने शत्रुघ्न को उनके स्वागतार्थ पुर वासियों को एकत्र करने का निर्देश दिया है, जिसमें कहा गया है कि 'सूत, बैताल, राज महिषियां, गणिकाएं, ब्राह्मण आदि एकत्र किए जाएं। यही भरत जब वन में राम को मनाने के लिए गए और भारद्वाज आश्रम पर दल-बल के साथ रुके,तो ऋषि ने ब्रह्मा और कुबेर से कहकर बड़ी संख्या में सुंदरियां वहां बुलवाईं और चार रूपसियां सिर्फ भरत की सेवा में लगाईं, जिन्होंने नाच-गान आदि से उन्हें प्रसन्न किया। गणिकाओं के संघ भी थे। महाभारत में युद्ध के पहले जब श्रीकृष्ण समझौता प्रयास हेतु हस्तिनापुर गए तो कौरव पक्ष ने उनके स्वागतार्थ बहुत सी वेश्याएं भी भेजीं। उद्योग पर्व में युधिष्ठिर ने कौरवों को जो संदेश भेजा उसमें वेश्याओं के लिए भी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

गांधारी के दीर्घकालिक गर्भ धारण काल में धृतराष्ट्र की सेवा एक वेश्या ने की, जिससे युयुत्सु नामक पुत्र भी उत्पन्न हुआ। उसका पालन-पोषण शिक्षा अन्य कौरवों की भांति ही रहा। वह धर्मात्मा भी था। पुराणों में भगवान द्वारा एक गणिका के उद्धार की भी कथा है। बौद्धकाल में वैशाली की आम्रपाली वेश्या जितनी श्लाघनीय थी,उतनी ही सम्मानिता भी। तथागत भी उसे 'आर्या अम्बा' कहते थे। तत्सयय स्त्रियों को भिक्षुणी न बनाने का प्रचलन था, किंतु भगवान बुद्ध ने उसे बनाया। शारदीय नवरात्र निकट हैं और दुर्गा जी की मूर्तियां निर्मित करने के लिए वेश्यालय की मिट्टी का भी समावेश किया जाएगा।

# बिना वर्दी की नौकरी बनाम वर्दी वाली नौकरी

प्रदेश सरकार ने पिछले सप्ताह निर्णय लिया है कि राजस्व विभाग के लेखपाल,भूलेख निरीक्षक तथा नायब तहसीलदार अब निर्धारित पोशाक पहनेंगे ताकि भीड़ के मध्य उनकी पहचान सुनिश्चित हो सके तथा अवैध कब्जा अतिक्रमण आदि हटाने जैसे राजस्व कार्यों के निर्वहन के दौरान घटाने वाली अप्रिय घटनाओं में उनका बचाव सुनिश्चित किया जा सके। यूं तो प्रत्येक काल में वर्दी वाली सेवा के प्रति राज्य के नागरिकों में विशेष लगाव रहा है,परंतु बिना वर्दी के राज्य की सेवा करने और वर्दी पहन कर राज्य की सेवा करने की परिस्थियां सर्वथा भिन्न होती हैं। सामन्यतः वर्दी वाले सेवाओं में आम आदमी का सबका पुलिस की वर्दी वाली सेवा से अधिक पड़ता है। हालांकि देश के कुछ राज्यों में सेना और अर्धसैनिक बलों वाली वर्दी के व्यवहार आदि से भी आम नागरिक परिचित होते रहे हैं।

यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा को पास करने के बाद भारत की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा में जाने का सौभाग्य जिन्हें मिला उन्हें आईएएस के रूप में बिना वर्दी की सर्वोच्च सेवा में शामिल होने का अवसर मिलता है। इसी परीक्षा के माध्यम से जिन्हें आईपीएस अथवा आईआरएस के रूप तैनाती मिलती है, वह वर्दी वाली सेवा होती है। ठीक इसी प्रकार राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा के माध्यम से सफल अभ्यर्थियों को राज्य प्रशासनिक सेवा पीसीएस के रूप में बिना वर्दी की सेवा करने का अवसर प्राप्त होता है तथा इसी परीक्षा के माध्यम से पीपीएस, एआरटीओ, एक्साइज आदि विभाग की वर्दी के साथ सेवा का अवसर प्राप्त होता है। अखिल भारतीय सेवाओं तथा राज्याधीन सेवाओं में वर्दी और बिना वर्दी की सेवा के रूप में विभाजन तत्कालीन नीति नियंताओं की दूरदर्शिता



डॉ .अशोक कुमार शुक्ला
सहायक भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश

वास्तव में आम जनता के मध्य जब एक वर्दी धारण करने वाला अधिकारी और बिना वर्दी धारण किए कोई अधिकारी जाता है तो जनता बिना वर्दी वाले अधिकारी के प्रति अधिक सहज होती है।

का परिणाम था। पौराणिक काल का संदर्भ लें तो राजा रामचंद्र से लेकर अनेक शासकों के द्वारा अपना राजसी चोला उतारकर आम नागरिक के रूप में जनता के बीच पहुंचकर उनके दुख दर्द जानने के अनेकानेक उदाहरण मिलते हैं। यह उदाहरण इस तथ्य को समझने के लिए पर्याप्त हैं कि आमजन शासन की पहचान धारित करने वाली पोशाक की तुलना में सामान्य वेशभूषा में उनसे मिलने वालों के प्रति अधिक सहज अनुभव करते रहे हैं।

वास्तव में आम जनता के मध्य जब एक वर्दी धारण करने वाला अधिकारी और बिना वर्दी धारण किए कोई अधिकारी जाता है तो जनता बिना वर्दी वाले अधिकारी के प्रति अधिक सहज होती है। उत्तर प्रदेश एक ऐसे राज्य के रूप में मान्यता प्राप्त है,जिसमें आजादी के बाद रियासतों के विलय के उपरांत नवाबों और जमींदारों के अधिकार में विद्यमान भूमि के अधिकारों को बिना किसी रक्तिम क्रांति के अत्यंत सहजता के साथ नागरिकों के मध्य स्वामित्व स्थानांतरण के रूप में जमीदारी कानून बनाकर लागू कर दिया गया। हालांकि इसकी पृष्ठभूमि में संत विनोबा द्वारा समूचे प्रदेश में की गई भूदान यात्रा के द्वारा दस्यु हृदय परिवर्तन और भूदान हेतु बनाए गए वातावरण की महती भूमिका रही है । कालांतर में भूदान के अंतर्गत दान में प्राप्त समस्त भूमि को ग्राम सभा के नियंत्रण में देकर स्वयं ग्राम सभा द्वारा उसके व्यवस्थापन की नीति बनाई गई। स्थानीय भूमि के व्यवस्थापन की इस नई नीति ने लेखपाल को ग्राम भूमि प्रबंधक समिति के सचिव के रूप में प्रतिष्ठा प्रदान की तो उसके पर्यवेक्षक अधिकारी भूलेख निरीक्षक और नायब तहसीलदार को ग्राम सभा की भूमि के समुचित व्यक्तियों के मध्य वितरण और उचित प्रबंधन की धुरी में स्थापित किया।

महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के अनुरूप विकास की धुरी ग्राम में केंद्रित रखने की मुहिम के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को अपनाने वाले प्रदेश में बढ़ती हुई आबादी और सीमित भूमि की उपलब्धता के साथ स्थानीय राजनैतिक स्वार्थों के मध्य राजस्व विभाग के मुलाजिमों को ऐसी स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया कि उनकी निष्ठाएं ग्राम स्वराज और शासन के प्रति न होकर सत्ताधारी राजनैतिक दलों के अनुरूप होती चली गई। कदाचित इसी परिस्थिति के चलते राजस्व विभाग के कर्मचारी जनता से कटते चले गए और आज ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं कि गांव के लेखपाल को अपने तैनाती स्थल पर जाकर भूमि की नाप जैसे मूलभूत कार्य करने के दौरान भी विरोध का सामना करना पड़ता है ।

ऐसे में शासन का यह निर्णय इस विभाग के कार्मिकों के लिए एक नई पहचान स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगा। बशर्ते कार्मिक पोशाक की गरिमा को बरकरार रखकर सावधानी और निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे अन्यथा कई अन्य बदनाम वर्दियों में एक और नई वर्दी का नाम भी शामिल हो सकता है।

## सोशल फोरम

# संक्षिप्तीकरण के संकट

आजकल एआई (कृत्रिम बुद्धिमता) का उपयोग अक्सर दिखता है। जब कोई घटना होती है, जैसे हवाई दुर्घटना या पायलटों की हड़ताल, तब वही एआई एयर इंडिया हो जाता है। एआई के जमाने में एआई ने खबरों में धमाका कर दिया।

अमेरिका जाने वाली उड़ान में खाने के पैक में कॉकरोच निकला। इतना कार्रवाई के लिए काफी था,क्योंकि यह लापरवाही की हद है, लेकिन शिकायतकर्ता ने भी नाटक में दृश्य जोड़ दिया कि खाने से बच्चा बीमार हो गया। यह सब तो जांच से मालूम होगा कि कॉकरोच पहले दिखा या थोड़ा बहुत खाने के बाद,लेकिन एक घटना याद आती है।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

एक दमा का मरीज गंभीर हालत में वैद्य जी के पास गया। पल भर भी खांसी रुक नहीं रही थी। वैद्य जी अंदर घर में गए। वैद्य जी ने पत्नी से थोड़ा-सा गुड़ मांगा, हथेली पर रखकर उसे चूरा किया। कपड़ों वाला लकड़ी का बड़ा संदूक खोला। उसमें से तीन-चार कॉकरोच पकड़े, उनके पंख उखाड़कर फेंके और कॉकरोचों को गुड़ में मिलाकर मसल दिया। उस सामग्री से चार-पांच छोटी-छोटी गोलियां बनाईं। बाहर आए और एक-एक करके दस-पंद्रह मिनट के फासले से मरीज को वे गोलियां खिला दीं। आधा घंटा बीतते-बीतते मरीज की खांसी के साथ बलगम निकलने लगा। घंटे भर में उसे राहत मिल गई और उसके परिजन उसे लेकर वापस चले गए।

एक ओर गांव से बनारस तक की यात्रा में कॉकरोच की वजह बीमार आदमी को राहत मिल गई और दिल्ली से न्यूयॉर्क तक की यात्रा में कॉकरोच से बच्चा बीमार हो गया। तब सोशल मीडिया नहीं था। वैद्य जी के जादुई असर का व्यापक प्रचार नहीं हुआ। आज सोशल मीडिया है,जहाज की घटना का सोशल मीडिया से ही सब जगह प्रचार हुआ। माध्यम खुद बुरा नहीं होता, उपयोग अच्छा या बुरा होता है।

आज सोशल मीडिया है, जहाज की घटना का सोशल मीडिया से ही सब जगह प्रचार हुआ। माध्यम खुद बुरा नहीं होता, उपयोग अच्छा या बुरा होता है।

– फेसबुक वॉल से

# माइक्रोप्लास्टिक : पर्यावरण से मानव मस्तिष्क तक

हाल ही में मानव मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक के मौजूद होने की पुष्टि हुई है। अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ की ओर से प्रस्तुत किए गए एक शोध के अनुसार इंसानी दिमाग के ऊतकों में शरीर के अन्य अंगों की अपेक्षा बीस गुना अधिक माइक्रोप्लास्टिक पाया गया। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू मैक्सिको, ओक्लाहोमा स्टेट यूनिवर्सिटी एवं न्यू मैक्सिको ऑफिस ऑफ द मेडिकल इन्वेस्टिगेटर से जुड़े शोधकर्ताओं के द्वारा किया गया है। मानव शरीर में प्लास्टिक की मौजूदगी निस्संदेह गंभीर चिंता का विषय है।

आखिरकार हमारे शरीर में प्लास्टिक का प्रवेश कैसे संभव हुआ? इसका सीधा सा उत्तर है कि हमारे द्वारा अंतर्ग्रहण की जाने वाली वस्तुओं के माध्यम से ही प्लास्टिक का जहर हमारे भीतरी अंगों तक पहुंचा है। अब इन पदार्थों में भोजन, पानी एवं हवा तीनों शामिल हैं। शोध में यह पाया गया कि वर्ष 2016 एवं 2024 के बीच उपलब्ध नमूनों में समय के साथ माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा में तीव्र दर से वृद्धि हुई है। ऐसा पाया गया है कि वर्ष 2024 के नमूनों में वर्ष 2016 के नमूनों की तुलना में पचास प्रतिशत तक अधिक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी पाई गई। स्पष्ट है कि समय के साथ मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा लगातार बढ़ती ही जा रही है। गौरतलब है कि मानव शरीर के अन्य अंगों जैसे रक्त, नसों, फेफड़े, किडनी, लीवर, अस्थि मज्जा, घुटने एवं कोहनी के जोड़ तथा प्रजनन अंगों में भी माइक्रोप्लास्टिक की



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर शाहजहांपुर

प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। इंसानी शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी इसी का दुष्परिणाम है।

मौजूदगी के सबूत मिल चुके हैं। हालिया शोध में मनुष्य के मूत्र, वीर्य एवं स्तन के दूध तक में भी माइक्रोप्लास्टिक की उपस्थिति को प्रमाणित किया गया है। सर्वाधिक चिंताजनक बात यह है कि मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी शरीर के अन्य अंगों की अपेक्षा बीस प्रतिशत तक अधिक पाई गई है। इस बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण के पीछे कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियां ही जिम्मेदार हैं।

हम अपने दैनिक जीवन पर गौर करें तो यह पाएंगे कि शायद ही कोई क्षेत्र अथवा पहलू ऐसा हो जो प्लास्टिक से अछूता रह गया हो। खाने-पीने, लिखने-पढ़ने, उठने-बैठने से लेकर घूमने-फिरने तक प्रत्येक गतिविधि में किसी न किसी रूप में प्लास्टिक शामिल है, बल्कि अगर यह कहा जाए कि हमारा जीवन ही प्लास्टिकयुक्त हो चुका है तो इसमें कुछ भी गलत न होगा। प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। इंसानी शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी इसी का दुष्परिणाम है। प्लास्टिक आज के समय में भूमि, जल एवं वायु को प्रदूषित करने वाला सबसे बड़ा कारक है। महासागरों की सतह पर भी प्लास्टिक का ढेर जमा हो चुका है। भूमि पर तो जहां-तहां प्लास्टिक बिखरा ही हुआ है। मानव के द्वारा निष्कासित कचरे की कुल मात्रा का लगभग दस प्रतिशत प्लास्टिक कचरा है। प्लास्टिक का यह कचरा पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र एवं अंतिम रूप से मानव शरीर के लिए पूर्णतया घातक है। वर्तमान में माइक्रोप्लास्टिक की समस्या एक वैश्विक संकट का रूप ले चुकी है।

संयुक्त राष्ट्र की पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के द्वारा वर्ष 2011 में प्लास्टिक का श्रेणी विभाजन किया गया था। इसमें 20 मिलीमीटर से अधिक आकार वाले प्लास्टिक को मैक्रोप्लास्टिक, 5 से 20 मिलीमीटर आकार वाले प्लास्टिक को मध्यम प्लास्टिक एवं 5 मिलीमीटर से कम आकार वाले प्लास्टिक को माइक्रोप्लास्टिक के अंतर्गत रखा गया है। आकार की सूक्ष्मता ही माइक्रोप्लास्टिक के खतरे को और अधिक गंभीर रूप दे देती है। दरअसल माइक्रोप्लास्टिक के कण हवा, भोजन एवं पानी के माध्यम से बेहद सरलतापूर्वक मानव शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। शरीर के अंदर पहुंचकर ये कण रक्त के माध्यम से मानव मस्तिष्क तक पहुंच जाते हैं। शरीर में पहुंचने के उपरांत माइक्रोप्लास्टिक कोशिकाओं की कार्यप्रणाली को बुरी तरह प्रभावित करता है। नतीजतन कैंसर जैसे रोग शरीर पर बड़ी तेजी से आक्रमण करते हैं। आज माइक्रोप्लास्टिक के कण विश्व में हर जगह मौजूद हैं। आखिरकार इस विकट समस्या का समाधान क्या है? इतना तो निश्चित है कि यदि समस्या को गंभीरतापूर्वक लेते हुए इसके निवारण पर विचार न किया गया तो भविष्य में यह समस्या मानव शरीर के लिए एक नितांत खतरनाक संकट उत्पन्न करेगी। आंकड़े बताते हैं कि प्रत्येक वर्ष अनेकों मिलियन मीट्रिक टन प्लास्टिक महासागरों में प्रवाहित कर दिया जाता है। इसमें से अधिकांश मात्रा सूक्ष्म प्लास्टिक की होती है। महासागरों में दिन प्रतिदिन लगने वाला माइक्रोप्लास्टिक का ढेर महासागरीय तापमान में वृद्धि का एक प्रमुख कारण है।

माइक्रोप्लास्टिक के कारण जन्म लेती समस्याओं एवं चुनौतियों के निस्तारण हेतु व्यक्ति से लेकर विश्व तक प्रत्येक स्तर पर ठोस सुरक्षात्मक कदम उठाए जाने की महती आवश्यकता है। दरअसल माइक्रोप्लास्टिक जीवन की लगभग सभी प्रक्रियाओं से उत्पन्न हो रहा है। कपड़े धोने, गाड़ी चलाने से लेकर जटिल औद्योगिक गतिविधियों एवं प्लास्टिक की रीसाइक्लिंग तक से माइक्रोप्लास्टिक के कणों का जन्म हो रहा है। समुद्र की गहराइयों से लेकर पर्वत की चोटियों तक माइक्रोप्लास्टिक के कण पहुंच चुके हैं। यदि हम सब ने अभी से इस समस्या के निवारण हेतु ठोस कदम नहीं उठाए तो भविष्य में हमारी आने वाली पीढियों इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

# मानसिक तनाव मुक्त जीवन महत्वपूर्ण



जो खोल लेते दिल अपना यारों के साथ/ तो आज खोलना न पड़ता औजारों के साथ। एक ओपन हार्ट सर्जरी ऑपरेशन थिएटर के बाहर लिखी हुई ये पंक्तियां हृदय के स्वास्थ्य के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण कारक की ओर संकेत करती हैं। ये बताती हैं कि एक मानसिक तनाव-मुक्त जीवन हमारे हृदय के स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण बिंदु है। यदि हम मित्रों के साथ हंसते-बोलते रहेंगे, अपनी मानसिक परेशानियों को ऐसे लोगों के साथ साझा करते रहेंगे जो उन्हें समझ सकते हैं और हमें कुछ राहत पहुंचा सकते हैं, तो हमारा मानसिक तनाव कम रहेगा और इस बात का अच्छा प्रभाव हमारे हृदय पर पड़ेगा।

मानसिक तनाव से मुक्त रहने पर हमारा रक्तचाप कम रहता है। रक्तचाप कम रहने से हमारे दिल पर बोझ कम पड़ता है। अधिक रक्तचाप का अर्थ होता है - खून की नलियों का प्रतिरोध अधिक है और हृदय को अधिक दबाव के साथ खून को आगे फेंकना पड़ रहा है। लंबे समय तक ऐसा होने पर हृदय ढीला हो कर बढ़ जाता है और अपना कार्य अच्छी तरह से नहीं कर पता है। तब कन्जेस्टिव हार्ट फैलियर नामक बीमारी हो सकती है। रक्तचाप बढ़ने से दिमाग, आंखों, फेफड़ों अथवा किसी अन्य महत्वपूर्ण स्थान की नस फट सकती है और व्यक्ति को गंभीर हानि पहुंच सकती है।



डॉ .राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

विश्व हृदय दिवस पर मैं यह संदेश देना चाहता हूं कि हम स्वास्थ्य के सामान्य नियमों का पालन करते रहें, हम अपने मन में क्षोभ, क्रोध, असंतोष, हठ न रखें, हम अपने मन में प्रेम-भाव रखें। जीवन बहुत छोटा है यह प्रेम बांटने के लिए ही पर्याप्त नहीं है तो फिर हम मन की खराब भावनाओं के लिए समय कैसे निकाल सकते हैं? हमें नहीं मालूम है कि हमारी इस जीवन-यात्रा में हमारा पड़ाव कब आ जाए।

अभी कुछ दिन पहले लखनऊ मेडिकल कॉलेज के मुझसे अनेक वर्ष जूनियर -जो अब एसजीपीजीआई में हृदय रोग विशेषज्ञ थे - की मृत्यु हो गई। क्या हम जानते हैं कि हम यहां पर कब तक के लिए हैं? तो हम यहां जब तक के लिए हैं, तब तक प्रेम, स्नेह और सेवा जैसे भावों से मन को आप्यायित रखें। जहां यह चीज अन्य लोगों को सुख पहुंचाएगी, वहीं यह हमारे अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत लाभदायक होगी। जीवन में जहां अन्य अनेक बातें महत्वपूर्ण हैं, वहीं ये बातें भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में इस बात को ऐसे कहा गया है ...क्रोधाद्भवति संमोहः संमोहात्स्मृतिविभ्रमः/ स्मृतिभ्रंशाद बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति।

# अब ट्रैक पर मिला फायर सेफ्टी सिलेंडर

## कानपुर में पुष्पक एक्सप्रेस के लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी

- झांसी रूट पर भीमसेन से गोविंदपुरी के बीच होल्डिंग लाइन पर पड़ा मिला


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** साबरमती, कालिंदी और प्रेमपुर स्टेशन की घटना में जांच अभी चल ही रही है कि रविवार तड़के झांसी रूट पर भीमसेन से गोविंदपुरी के बीच होल्डिंग लाइन पर रेलवे का सेफ्टी सिलेंडर पड़ा मिला। लाइन पर कुछ पड़ा देख मुंबई से लखनऊ जा रही पुष्पक एक्सप्रेस के लोको पायलट एके भसीन ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी। नीचे उतरकर सेफ्टी सिलेंडर उठाकर कंट्रोल रूम को सूचना दी।

सूचना पर जीआरपी और आरपीएफ मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि सिलेंडर पर कैरिज एंड वैगन विभाग गोरखपुर लिखा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि सिलेंडर गिरा या गिराया गया, इसकी जांच की जा रही है। छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से लखनऊ जंक्शन जा रही पुष्पक एक्सप्रेस 12534 रविवार तड़के 4.03 बजे भीमसेन से गोविंदपुरी की ओर जा रही थी। ट्रेन होल्डिंग लाइन से होकर सेंट्रल की ओर बढ़ रही थी। होल्डिंग लाइन पर चलने के कारण ट्रेन की स्पीड काफी कम थी। भीमसेन से करीब पांच किमी आगे लोको पायलट एके भसीन को होल्डिंग लाइन पर सिलेंडर पड़ा दिखा।

इस पर उन्होंने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी। नीचे उतरकर देखा तो सिलेंडर पर रेलवे की पर्ची लगी थी। इस पर कंट्रोल को सूचना दी और 4.19 बजे सिलेंडर लेकर सेंट्रल रवाना हुए। सेंट्रल स्टेशन पहुंचने पर सिलेंडर आरपीएफ के सुपुर्द किया। यहां जांच में पता चला कि गोरखपुर के सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने यह फायर सेफ्टी सिलेंडर जारी किया था। यह सिलेंडर कुशीनगर एक्सप्रेस का है। ट्रैक पर सिलेंडर मिलने से कुछ समय पहले ही गोरखपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस जाने वाली कुशीनगर एक्सप्रेस वहां से गुजरी थी। डिप्टी सीटीएम आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे के कैरिज एंड वैगन विभाग को मामले की जांच सौंपी गई है।


छानबीन करती जीआरपी की टीम।



ट्रैक पर मिला सिलेंडर ।

### क्या होती है होल्डिंग लाइन

**कानपुर।** जब कोई ट्रेन आउटर पर पहुंचती है तो उसे सिग्नल का इंतजार करना पड़ता है। अगर सिग्नल मिला तो ट्रेन आगे बढ़ जाती है। सिग्नल नहीं है तो ट्रेन को आउटर व प्लेटफार्म के बीच स्थित होल्डिंग लाइन में होल्ड करा दिया जाता है। इसी बीच अन्य ट्रेनें गुजारने के बाद उस ट्रेन को प्लेटफार्म पर लिया जाता है। जहां ट्रेन को होल्ड किया जाता है वह होल्डिंग लाइन कहलाती है।

### बलिया में रेल पलटाने की साजिश की जांच करेगी एटीएस

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलिया में पटरियों के बीच पत्थर रखकर ट्रेन पलटाने की साजिश की जांच बलिया पुलिस, राजकीय रेलवे पुलिस के साथ अब एटीएस भी करेगी। एटीएस के पास कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश की जांच भी है। बतादें कि शनिवार को बलिया जिले के बकुलहा-मांझी रेलवे स्टेशन के बीच पत्थर के बड़े टुकड़े से लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस का इंजन टकराया था। हालांकि लोको पायलट की सूझबूझ हादसा टल गया।

## यूपी बार काउंसिल ने सीजेआई को भेजा पत्र

- न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा के स्थानांतरण की मांग


**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र मिश्रा के विरुद्ध 27 सितम्बर को आपराधिक अवमानना की कार्यवाही प्रारम्भ करने के लिए मामला मुख्य न्यायमूर्ति को संदर्भित करने के बाद प्रकरण तूल पकड़ता जा रहा है। यूपी बार काउंसिल ने रविवार को बैठक कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया है जिसमें मुख्य न्यायमूर्ति (सीजेआई) से मांग की गयी है कि न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा का किसी दूसरे राज्य में स्थानांतरण किया जाए। कहा गया कि जब तक उनका स्थानांतरण दूसरे राज्य में नहीं हो जाता है तब तक उन्हें किसी भी प्रकार का न्यायिक कार्य न दिया जाए। काउंसिल ने अपने प्रस्ताव की प्रति सुप्रीम कोर्ट के महानिबंधक के जरिये सीजेआई को प्रेषित की है। न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति बीआर सिंह की खंडपीठ ने 27 सितंबर को एक मामले की सुनवायी के दौरान सतीश चंद्र मिश्रा के खिलाफ आपराधिक अवमानना का केस चलाने के लिए प्रकरण को इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति को संदर्भित किया है।

# प्रदेश में मंडल और जिला स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे ट्रेड शो

- यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 का हुआ रंगारंग समापन
- 5.5 लाख विजिटर्स का बना रिकॉर्ड उद्यमियों को करोड़ों के आर्डर

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 की सफलता से खुश राज्य सरकार अब मंडल और जिला स्तर पर भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करेगी। इंडिया एक्सपो मार्ट में रविवार को ट्रेड शो के रंगारंग समापन समारोह में एमएसएमई (माइक्रो, स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइज), खादी एवं ग्रामोद्योग, हैंडलूम व टेक्सटाइल मंत्री राकेश सचान ने विभिन्न वर्गों में पुरस्कार जीतने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। कहा कि यह ट्रेड शो न केवल भारत बल्कि विश्व स्तर पर भी अपनी छाप छोड़ रहा है। पिछले साल के 3 लाख के मुकाबले इस साल ट्रेड शो में साढ़े 5 लाख से अधिक लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराकर नया रिकॉर्ड बनाया। देशी और विदेशी बायर्स से मिले करोड़ों के ऑर्डर और बिक्री ने सरकार और उद्यमियों दोनों का उत्साह बढ़ाया। अगले वर्ष एक बार फिर 25 से 29 सितंबर को इसके तीसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा। ट्रेड शो के आखिरी दिन हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रीति तिवारी ने कत्थक नृत्य नाटिका, जितेंद्र चौरसिया व टीम ने बुंदेली लोक गायन, देवेन्द्री शर्मा मंगलामुखी ने कथक नृत्य का प्रस्तुतिकरण किया।


ट्रेड शो में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल की संचालिका को सम्मानित करते एमएसएमई मंत्री।

### बरेली की अंजू की हैंडीक्राफ्ट को विदेश से मिले आर्डर

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** बरेली की अंजू की शिल्पकारी से सजे हैंडीक्राफ्ट और अपनी बुआ और बेटे के साथ लखनऊ से आई पल्लवी शर्मा की चिकनकारी विदेशियों को भा गई। ये पहली बार किसी ट्रेड शो में स्टाल लगाने आईं और उन्हें भूटान, श्रीलंका और दुबई से आर्डर मिल गए। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2024) में गली ब्वाय से ग्लोबल होने की कहानी सिर्फ अंजू व पल्लवी की नहीं है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैंकड़ों छोटे उद्यमियों के सपनों को नई उड़ान मिली है। बांस बरेली की पहचान को कायम रखने वाली बरेली की पिंकी दूसरी बार भी विदेशी खरीदार मिले हैं, लखनऊ के मो, फहीम और अकील की चिकनकारी इस बार भी विदेशियों को भाई। यही हाल पीलीभीत के के रिजवान की बांसुरी की रही, संभल के सहादत हुसैन का होर्न क्राफ्ट खूब पसंद आया। 2500 एग्जीबिटर्स और 350 विदेशी बायर्स के साथ ट्रेड शो में आए करीब पांच लाख आगंतुकों ने पांच दिनों में सैंकड़ों छोटे उद्यमियों के काम को न सिर्फ सराहा, बल्कि खरीदारी से उत्साह भी बढ़ाया। मुरादाबाद के कारोबारी वीरेश गोस्वामी कहते हैं कि उनका होम डिकोर और फर्नीचर का कारोबार को ट्रेड शो में आने से बहुत फायदा हुआ। 6 लाख तक के ऑर्डर मिल चुके हैं। 15 लाख तक की बुकिंग हुई है, जिसे आगे चर्चा कर अंतिम रूप दिया जाएगा। फिरोजाबाद के ग्लास वेयर उद्यमी प्रतीश कुमार को पिछले ट्रेड शो के मुकाबले इस बार अधिक ऑर्डर मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं है। कहते हैं कि पांच दिनों में स्टॉल पर देशी-विदेशी कारोबारी आए। ऑर्डर बहुत ज्यादा मिला है, जबकि हमारा प्रोडक्शन उतना नहीं है। इस वजह से डिलीवरी में भी देरी होने की संभावना है। पहली बार यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आईं ग्रेटर नोएडा की उद्यमी गुरिंदर कौर ने बताया कि एक ही छत के नीचे उत्पाद बेचने की जगह तो मिली ही देशी-विदेशी कारोबारियों संग साझेदारी का भी मौका मिला।

### सर्वश्रेष्ठ स्टॉल को दिया गया पुरस्कार

अंतिम दिन इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रत्येक हॉल में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल को पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार पाने वालों में अमेजन क्राफ्ट (संभल), मुगल ओवरसीज़ (मुरादाबाद), आरोग्य (गौतमबुद्ध नगर) प्रमुख रहे। इसके अतिरिक्त छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया। प्रोजेक्ट प्रतियोगिता ने प्रतिभागियों की नवाचार भावना को और भी उजागर किया। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के अध्यक्ष राकेश कुमार ने इवेंट को सफल बनाने में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# कोचिंग में छात्रा से छेड़खानी शिक्षक को किया गिरफ्तार

- कोचिंग संचालक ने काकादेव थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट
- संचालक बोले- हिंदू छात्राओं को बनाता था शिकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** काकादेव में नीट की तैयारी कर रही छात्रा के साथ कोचिंग में छेड़खानी करने वाले बायोलॉजी के टीचर को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना का सीसीटीवी वायरल होने के बाद कोचिंग संचालक ने आरोपी टीचर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी टीचर 10 मिनट तक बाथरूम में छात्रा के साथ रहा था। कोचिंग संचालक ने आरोप लगाया कि मुस्लिम टीचर हिंदू छात्राओं को ही टारगेट कर अश्लीलता करता था। पुलिस जांच कर रही है।

काकादेव स्थित आई एंड आई कोचिंग संचालक आशीष श्रीवास्तव ने तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले कोचिंग के ऑफिस में उनके नाम से बंद लिफाफा पड़ा मिला था। उसमें एक पेन ड्राइव थी। पेन ड्राइव को लैपटॉप में लगाकर देखा गया तो उसमें एक सीसीटीवी दिखा। सीसीटीवी में कोचिंग में बायोलॉजी पढ़ाने वाला शिक्षक साहिल सिद्दीकी एक छात्रा के साथ कोचिंग परिसर में गलत कार्य कर रहा था। कोचिंग संचालक ने बताया कि साहिल से जानकारी करने पर वह उनके ऊपर भड़क गया और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाने लगा। बताया कि साहिल का एक अश्लील वीडियो पहले भी सामने आ चुका है। काकादेव पुलिस ने आरोपी शिक्षक साहिल सिद्दीकी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार ने बताया कि जांच में शिक्षक के खिलाफ लगाए गए आरोप सही पाए गए हैं। आरोपी साहिल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। छात्रा को भी बयान दर्ज कराने के लिए उसके परिजनों को बुलाया गया है।

# महायोजना में भू-उपयोग रजिस्ट्री में न लिखने पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

## मुरादाबाद निवासी अधिवक्ता इम्तियाज ने दाखिल की है याचिका

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महायोजना के अनुसार सार्वजनिक उपयोगिता के लिए रजिस्ट्री में प्रस्तावित भूमि का भू-उपयोग न लिखे जाने के मामले में दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार व प्रयागराज विकास प्राधिकरण से जवाब मांगा है। उक्त आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता इम्तियाज हुसैन की जनहित याचिका पर विचार करते हुए पारित किया।



याचिका में बताया गया है कि देश सरकार द्वारा महायोजना के अनुसार पार्क, खुले क्षेत्र, हरित पट्टिका व क्रीड़ा स्थल के लिए प्रस्तावित भू-उपयोग का रजिस्ट्री में उल्लेख किए जाने संबंधी शासनादेश जारी किये गये थे, जिससे जमीन के क्रेता को प्रस्तावित भू-उपयोग की जानकारी हो सके और अवैध निर्माण की दशा में ध्वस्तीकरण सहित समस्त विधिक प्रक्रिया की जिम्मेदारी क्रेता की हो, लेकिन राजस्व विभाग के सजरा मानचित्र पर महायोजना के प्रस्तावित भू-उपयोग को सुपर इंपोज ही नहीं किया गया है और न ही स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा रजिस्ट्री के दौरान इसकी जांच की जाती है।

मूल रूप से जनपद मुरादाबाद निवासी व वर्तमान में इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ता इम्तियाज ने इस मुद्दे की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए याचिका दाखिल की, जिससे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी शासनादेशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश के सभी जनपद स्तरीय रजिस्ट्री व स्टांप विभाग को निर्देशित किया जाए, जिससे महायोजना के अनुसार प्रस्तावित भू-उपयोग पर अवैध निर्माण की रोकथाम हो सके।

याची ने समान आवेदन मुरादाबाद में भी दाखिल किया था, जिस पर लेखपाल ने स्पष्ट रूप से बताया था कि अभिलेख पर सुपरइंपोज्ड मानचित्र उपलब्ध नहीं है और याची के अनुसार ऐसी स्थिति प्रयागराज सहित समूचे उत्तर प्रदेश में है। याचिका में यह भी तर्क दिया गया कि प्रस्तावित योजनाएं यानी मास्टरप्लान तथा किसी जोन के लिए क्षेत्रीय विकास योजना इस प्रकार उपलब्ध कराई जाए, जिससे कोई व्यक्ति उसे समझ सके। मामले की अगली सुनवाई आगामी 18 नवंबर को सुनिश्चित की गई है।

## सार-संक्षेप

### मथुरा में पेड़ों की कटाई मामले में 33 और गिरफ्तार

**मथुरा, एजेंसी।** मथुरा जिले की पुलिस ने 18 और 19 सितंबर की रात ताज ट्रेपेजियम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले डालमिया फार्म में 450 से अधिक पेड़ों की कटाई में शामिल 33 और लोगों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर 33 आरोपियों को शनिवार को गुरु कृपा कुटीर से गिरफ्तार किया गया, जहां वे छिपे हुए थे। पुलिस ने बताया कि 450 से अधिक पेड़ों की कटाई करने के सरगना शिव शंकर सेठ उर्फ शंकर सेठ सहित छह आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने बताया कि अब तक 39 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें से 33 को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। इस बीच, उप-पंजीयक अजय त्रिपाठी ने कहा कि जिस 35 एकड़ भूमि पर पेड़ काटे गए हैं, उसके लिए न तो कोई पंजीकृत डीड बनाई गई है और न ही बिक्री के लिए कोई समझौता किया गया है।

### गाजियाबाद में खड़े ट्रक से टकराई स्कूटी, 3 की मौत

**गाजियाबाद, एजेंसी :** मसूरी थाना क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर खड़े ट्रक से टकराने की घटना में तेज रफ्तार स्कूटी सवार तीन युवकों की मौत हो गई। मसूरी के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि यह घटना रविवार सुबह करीब 3 बजे हुई, जब तीनों युवक स्कूटी पर सवार होकर दिल्ली से मेरठ की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि जब वे मसूरी थाना क्षेत्र में पहुंचे तो उनकी स्कूटी खड़े ट्रक से टकरा गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। डायल 112 पर सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान बिट्टू, अंशु उर्फ मनमोहन (30) और विपिन भट्ट के रूप में हुई है। तीनों दिल्ली निवासी थे।

### आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस व भाजपा से रहें सावधान

**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस व भाजपा से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से आरक्षण का विरोध करती रही है। बसपा प्रमुख हरियाणा के करनाल में 30 सितंबर को चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि हरियाणा में हो रहे विधानसभा आम चुनाव के दौरान कांग्रेस की ओर से अनुसूचित वर्ग की लगातार की जा रही उपेक्षा व तिरस्कार से यह साबित होता है कि इस पार्टी में जब अभी सब कुछ ठीक नहीं है तो आगे क्या होगा। ऐसे में अनुसूचित वर्ग कांग्रेस व भाजपा को अपना वोट देकर इसे खराब न करें। जम्मू-कश्मीर में भी मतदाताओं को कांग्रेस, भाजपा व अन्य गठबंधन के मिथ्या वादे व बहकावे आदि में नहीं आना चाहिए।



# चारबाग स्टेशन पर पकड़े गए 1.97 लाख के नकली नोट

- आंवला का रहने वाला आमिर पकड़ा गया

**लखनऊ, अमृत विचार:** जीआरपी की टीम ने रविवार को चारबाग रेलवे स्टेशन पर नकली नोट के गिरोह के सक्रिय सदस्य को दबोचा। उसके पास से 1.97 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए गए। सभी नोट 500-500 रुपये के हैं। टीम का दावा है कि पश्चिम बंगाल से संचालित गिरोह के सदस्य वहीं से नकली नोट लाकर बरेली में सप्लाई करते हैं।

जीआरपी के सीओ विकास पांडेय ने बताया कि आरोपी आमिर खान को स्टेशन पर पकड़ा गया है। मूलरूप से बरेली के आंवला सुनहरी मस्जिद के पास मोहल्ला खेड़ा निवासी आमिर दिल्ली के मदनपुर खादर सरिता बिहार में किराए पर रहता है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि सरिता बिहार में जूते की दुकान पर काम करता है। करीब डेढ़ महीने पहले दोस्त आफताब अपने मामा नज मूलहक उर्फ राजन खान को दुकान पर लेकर आया। उसके बाद से उसके मामा दुकान पर मिलने आने लगे। 11 सितंबर को शादी में शामिल होने बरेली आया, तो घर पर ही रुक गया। एक दिन आफताब के मामा का फोन आया। उन्होंने बरेली में मिलने के लिए पूछा तो उन्हें अपने गांव बुला लिया। मिलने पर उन्होंने बताया कि हम मालदा पश्चिम बंगाल से जाली नोट का काम करते हैं।

इंस्पेक्टर संजय खरवार ने बताया कि पूछताछ में आमिर ने कुबूल किया कि एक पैकेट जाली नोट पहुंचाने पर 5 से 10 हजार रुपए देने वादा किया गया। इसके बाद आरोपी मालदा राजन खान के घर चला गया।

## वर्ग पहेली-207

**बाएं से दाएं**

2. 1. बढ़िया और महीन कपड़ा 2. सन या तीसी के रेशे से बना कपड़ा; क्षौम-वस्त्र 3. उत्तरीय, दुपट्टा।
3. 1. युग का निर्माता 2. युग का सूत्रपात करने वाला।
4. लखनऊ का, लखनऊ से संबंधित।
6. 1. नायक 2. गणेश।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. जमोगने अर्थात स्वीकार करने की क्रिया 2. किसी दूसरे की बात का किसी तीसरे के द्वारा समर्थन 3. चित्रकला में बेल-बूटे आदि को एक-दूसरे से नियत दूरी और अपने-अपने ठीक स्थान पर बैठाने की क्रिया या भाव 4. सामने का निश्चय, तसदीक 5. ऋण चुकाने की एक प्रथा जिसमें ऋणी व्यक्ति अपने ऋण का भार किसी और पर डाल देता है।
2. जो दुविधा रहित हो, जिसे कोई दुविधा न हो, असमंजस न हो।
4. 1. दो व्यक्तियों या दलों का परस्पर झगड़ा या घात-प्रतिघात करना 2. बहस या तकरार करना 3. कुश्ती या खेल-कूद में मुकाबला करना 4. दो व्यक्तियों या वस्तुओं का आपस में टकराना।
5. 1. पंक्ति, कतार 2. रास्ता, मार्ग, सड़क 3. बाज़ार, हाट 4. सूर्य के भ्रमण का मार्ग 5. (पुरातत्व) भवन में आने-जाने के लिए लता।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | | |
| ■ | | ■ | | ■ | ■ |
| 3 | | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | 4 | | | 5 | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | ■ |

## वर्ग पहेली -206 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पु | ड़ा | ■ | ■ | 2 वि | ■ |
| ■ | ■ | 3 ह | ठ | यो | ग |
| 4 पा | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| 5 षा | ण् | 6 मा | सि | क | ■ |
| ण | ■ | ल | ■ | ■ | 7 रे |
| म | ■ | 8 वि | ला | य | त |
| णि | ■ | का | ■ | ■ | ना |

## सुडोकू - 120

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 4 | 1 | | | |
| | 3 | | | | 2 | | 7 | 4 |
| | | | | 3 | | 8 | | |
| | 9 | | | 7 | | | 1 | |
| 8 | | 1 | | | | 7 | | 3 |
| | 2 | | | 5 | | | 6 | |
| | | 3 | | 6 | | | | |
| 5 | 1 | | 7 | | | | 9 | |
| | | | 4 | 1 | | 3 | 2 | 7 |

## सुडोकू - 119 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 |
| 5 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 4 | 9 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 सितंबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 19.06 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग

शु. 7, बु., चं. 5, 4, 8, के. सू., 6, 9, 3, मं., 12, रा., 10, 2 गु., श. 11, 1

**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मघा 06.19 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष:** आज आप दोस्तों के साथ गेम्स में काफी रुचि ले सकते हैं। रचनात्मक विचारों के कारण लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है। साझेदारों के साथ के मतभेद दूर होंगे। कार्यक्षेत्र में अचानक धन लाभ हो सकता है। संतान के करियर की चिंता दूर होगी।

**वृष:** आज अपने निजी कार्य दूसरों के विश्वास में न छोड़ें। संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर विवाद हो सकता है। धन को लेकर किसी से वायदा न करें। यदि काम पर आप एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं तो आपको कुछ नया सीखने का प्रयास करना चाहिए।

**मिथुन:** आज व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। निजी संबंधों की समस्या को सुलझा लेंगे। समाज सेवा में आप काफी सहभागी रहेंगे। आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। यदि आप जॉब बदलना चाह रहे हैं तो दिन विशेष रूप से अनुकूल है।

**कर्क:** आज आप अपनी ही बातों में उलझ जाते हैं। काम समय पर होने के कारण आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के कारण आपके काम में कुछ परेशानियां आ सकती है। अपरिचित लोगों से अपनी निजी बातें शेयर न करें।

**सिंह:** आज अनुसंधान संबंधी प्रोजेक्ट्स से जुड़े हुए लोगों को बहुत बड़ी सफलता मिल सकती है। परिवार को भी आप पर्याप्त समय देंगे। छोटे कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यकलापों और मंत्र आदि में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**कन्या:** आज अपने शत्रुओं को कमजोर समझने की गलती न करें। घर में किसी बात के कारण आपके ऊपर दबाव बन सकता है। किसी अपने के व्यवहार से आपका हृदय दुखी होगा। छात्र अपने करियर को लेकर थोड़े भ्रमित हो सकते हैं।

**तुला:** आज नई पॉलिसी में धन निवेशित कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन प्रेम और रोमांस से भरपूर रहने वाला है। होटल और पर्यटन से जुड़े कारोबार में आय काफी तेजी से बढ़ने की संभावना है। नौकरी में स्थान-परिवर्तन करने के लिए दिन शुभ है।

**वृश्चिक:** आज आप अपने सहकर्मियों और विरोधियों के ऊपर काफी हावी रहेंगे। कई दिनों से चला आ रहा तनाव दूर होगा। समाज और कार्यक्षेत्र में लोग आपका काफी सम्मान करेंगे। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**धनु:** आज सरकारी अधिकारियों के लिए सुकून दायक हो सकता है। आपके सुझावों से बांकी लोगों को काफी अच्छा लाभ होगा। बच्चों के साथ खेलकूद का आनंद लेंगे। शत्रु आपका मनोबल तोड़ने का प्रयास करेंगे पर सफल नहीं होंगे।

**मकर:** आज अत्यधिक मेहनत वाले कार्यों से बचना चाहिए। आपको अपनी छवि की काफी चिंता रहेगी। यात्रा के दौरान सावधानी रखें। अपनी कमजोरियों पर पर्दा न डालें। कार्यक्षेत्र में आपकी इच्छानुसार काम नहीं हो रहे हैं।

**कुंभ:** आज शुभचिंतक आपको अच्छी सलाह देने का प्रयास करेंगे। कारोबार में विस्तार करने के लिए अच्छा समय है। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास और मजबूती बढ़ेगी। आप अपने लक्ष्य को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

**मीन:** आज जॉब में आपके ऊपर जिम्मेदारी का दबाव बढ़ेगा, लेकिन आप सब आसानी से संभाल लेंगे। विरोधी आपके हितैषियों से आपकी आलोचना कर सकते हैं। अति आत्मविश्वासी रवैये से आपको बचना चाहिए।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
कुदरत का कानून — सुबह : 09.55
सर्कस — रात : 07.45

&pictures
खूंखार — सुबह : 11.06
वेलकम बैक — रात : 08.00

SONY PIX
रैमपेज — दोपहर : 12.01
वंडर वूमैन — रात : 08.45

ZEE CINEMA
एनकाउंटर शंकर — सुबह : 11.29
दबंग — रात : 08.00

ZEE ACTION
खिलाड़ी — सुबह : 10.54
विश्वात्मा — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लाटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाउंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया।
पत्नी ने दरवाजा खोला।
चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा - मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला - दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

# पूर्व सरकारों की कार्य संस्कृति को किया खत्म

## प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

पुणे, एजेंसी


वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से परियोजनाओं का लोकार्पण करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पूर्ववर्ती सरकारों पर शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए योजना और दूरदृष्टि की कमी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर वही पुरानी कार्य संस्कृति होती तो पुणे मेट्रो परियोजना का काम आगे नहीं बढ़ पाता। मोदी ने कहा कि उन्होंने इस पुरानी कार्य संस्कृति को खत्म कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के दौरान ये बातें कहीं।

मोदी का 26 सितंबर को निर्धारित पुणे दौरा शहर में भारी बारिश के कारण रद कर दिया गया था। प्रधानमंत्री ने जिला न्यायालय से स्वारगेट तक पुणे मेट्रो खंड का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन किया और मेट्रो को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कहा कि पुणे मेट्रो के प्रथम चरण के पूरा होने से शहर में लोगों का आवागमन सुगम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की तरह अगर सोचने का वही पुराना तरीका होता तो पुणे मेट्रो का काम पूरा नहीं हो पाता। मोदी ने कहा कि बढ़ती आबादी के कारण शहर की गति धीमी नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसकी क्षमता बढ़नी चाहिए। यह तभी संभव है, जब सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया जाए। यही महायुति सरकार (महाराष्ट्र में) का दृष्टिकोण है।

प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से भिड़ेवाड़ा में क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले के पहले बालिका विद्यालय स्मारक की आधारशिला रखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ विरासत को भी संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत का आधुनिकीकरण हो, लेकिन यह हमारे मौलिक मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। सावित्रीबाई फुले द्वारा शुरू किए गए स्कूल का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि देश ने देखा है कि जब महिलाएं सामाजिक बदलाव की जिम्मेदारी लेती हैं तो क्या प्रभाव पड़ता है। अगर महाराष्ट्र विकास करता है तो देश भी उसका अनुसरण करेगा।

### भगवान विट्ठल के भक्तों को मिला विशेष उपहार

प्रधानमंत्री मोदी ने पुणे शहर से सीधा हवाई संपर्क स्थापित करने के लिए सोलापुर हवाई अड्डे का भी उद्घाटन किया। इसका जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान विट्ठल के भक्तों को भी आज एक विशेष उपहार मिला है। मोदी ने बताया कि टर्मिनल की क्षमता में वृद्धि हुई है और मौजूदा हवाई अड्डे के उन्नयन कार्य के पूरा होने के बाद यात्रियों के लिए नई सेवाएं और सुविधाएं बनाई गई हैं, जिससे भगवान विट्ठल के भक्तों के लिए सुविधा बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे से व्यवसाय, उद्योग और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# हिमाचल व कर्नाटक में राहुल की गारंटी हो गई विफल : शाह

चंडीगढ़, एजेंसी


● हरियाणा के गुरुग्राम के बादशाहपुर में चुनावी रैली में गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता पर लगाया आरोप

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को हरियाणा में कांग्रेस पर आरोप लगाया कि राहुल गांधी की चुनावी गारंटियां हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों में विफल हो गई हैं, जहां कांग्रेस सत्ता में है। शाह ने गुरुग्राम के बादशाहपुर में चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करती है लेकिन हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में गांधी की गारंटियां असफल हो गईं।

शाह ने कहा कि भाजपा ऐसा कोई वादा नहीं करती जिसे पूरा न किया जा सके। राहुल बाबा एंड कंपनी विकास नहीं कर सकती और डबल इंजन वाली सरकार ही राज्य का विकास करेगी। उन्होंने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार, जातिवाद, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस को गरीब, दलित, युवा और किसान विरोधी करार दिया। चूंकि भाजपा के कुछ बागी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं, इसलिए शाह ने इंद्री में लोगों से कहा कि वे वोट कमल पर डालें। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर शाह ने बादशाहपुर की रैली में कहा कि आपको वक्फ बोर्ड पर मौजूदा विधान से समस्या है हम संसद के शीतकालीन सत्र में इसमें संशोधन करेंगे। कई विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया था कि केंद्र के वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना है और कहा था कि वे इसका विरोध करेंगे। शाह ने कहा कि सेना में हर 10वां सैनिक हरियाणा से होता है। इंदिरा गांधी से लेकर मनमोहन सिंह तक ने वन रैंक वन पेंशन की मांग पूरी नहीं की और वह मोदी सरकार थी जिसने 2015 में यह लागू किया।

## एक नजर

### आईटी कंपनी के कर्मी की दफ्तर में हृदयाघात से मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में आईटी कंपनी के कर्मचारी की दफ्तर में हृदयाघात से मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा उस दौरान हुआ जब कर्मचारी शौचालय गया था। मृतक की पहचान एचसीएल टेक्नोलॉजीस के वरिष्ठ विश्लेषक नितिन एडविन माइकल के रूप में हुई है। सोनेगांव पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि नितिन मिहान इलाके में स्थित कंपनी के कार्यालय के शौचालय में शाम सात बजे गया था, लेकिन वह वहां बेहोश पाया गया। सहकर्मी उसे नागपुर स्थित एम्स ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### गुरमीत राम रहीम ने 20 दिन की मांगी पैरोल

**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख और दुष्कर्म के दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह ने 20 दिन की पैरोल का अनुरोध किया है। सूत्रों ने रविवार को बताया कि यह अनुरोध पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले किया गया है। आचार संहिता लागू होने से डेरा प्रमुख का पैरोल का आवेदन निर्वाचन कार्यालय भेज दिया गया है, जिसने जेल विभाग से अनुरोध के पीछे ऐसे आकस्मिक और आवश्यक कारण बताने को कहा है, जो चुनाव के दौरान दोषी को पैरोल पर रिहा करने को उचित ठहराते हों। डेरा प्रमुख ने पैरोल अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश के बागपत में रहने की बात कही है।

### वेल्डिंग मशीन में विस्फोट एक की मौत, तीन घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका के भरथल गांव में रविवार सुबह वेल्डिंग मशीन में विस्फोट होने से 36 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और तीन झुलस गए। अधिकारियों ने बताया कि मृतक बिजवासन इलाके के माया राम है। घायलों में राकेश, फैयाज, समीर है। घायलों का सफदरजंग अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमें द्वारका के सेक्टर 25 के पास भरथल गांव में तेल टैंकर में काम करते समय वेल्डिंग मशीन में विस्फोट से कुछ लोगों के घायल होने की कॉल प्राप्त हुई थी।

### शराब माफिया के हमले में छह पुलिसकर्मी घायल

**बेगूसराय।** लाखो थाना क्षेत्र में देसी शराब बनाने में शामिल लोगों के समर्थकों द्वारा किए हमले में थानाध्यक्ष (एसओ) और एक उपनिरीक्षक (एसआई) समेत छह पुलिसकर्मी घायल हो गए। यह घटना तब हुई, जब लाखो थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार के नेतृत्व में टीम शनिवार रात 11 बजे बहादुरपुर मुसहरी टोला में देसी शराब बनाने में शामिल लोगों के घर पर छापा मारने गई थी। पुलिस कर्मी जब वहां पहुंचे, तब अवैध शराब बनाने वालों के समर्थकों ने पुलिस दल पर पथराव कर दिया। घटना में छह पुलिसकर्मी घायल हो गए।

# कांग्रेस ने प्राथमिकी पर वित्त मंत्री से मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी

● विपक्षी दल ने चुनावी बॉण्ड योजना की एसआईटी से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग दोहराई

कांग्रेस ने रद हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के संबंध में शिकायत पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद रविवार को भाजपा पर हमला बोला और लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की। विपक्षी दल ने पूरे चुनावी बॉण्ड योजना की विशेष जांच दल (एसआईटी) से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग दोहराई।

पार्टी प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी के साथ कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि चुनावी बॉण्ड की साजिश से पैसे ऐंठने के लिए चार तरीकों का इस्तेमाल हुआ। इसके तहत प्रीपेड रिश्वत, पोस्टपेड रिश्वत, छापे के बाद रिश्वत और फर्जी कंपनियों के माध्यम से वसूली हुई। वित्त मंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए, क्योंकि वह राजनीतिक, कानूनी और नैतिक रूप से दोषी हैं। रमेश ने कहा कि प्राथमिकी अदालत के आदेश पर दर्ज की गई। कांग्रेस चुनावी बॉण्ड योजना की एसआईटी से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग कर रही है और वह इस मांग को दोहराती है। सिंघवी ने भाजपा पर लोकतंत्र कमजोर करने का भी आरोप लगाया।

### निर्मला सीतारमण दे इस्तीफाः प्रियांक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने खत्म हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के जरिए कथित तौर पर पैसा मांगने के लिए अदालत के आदेश पर निर्मला सीतारमण के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद उनसे इस्तीफा देने की मांग की। प्रियांक ने आरोप लगाया कि कंपनियों ने चुनावी बॉण्ड योजना के जरिए भाजपा को चंदा दिया और अदालत ने वैध आधार पर पुलिस को सीतारमण व अन्यों के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।

### लिंग निर्धारण सर्जरी से पहले मनोचिकित्सक की अनुमति जरूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार प्री-हार्मोनल थेरेपी या लिंग निर्धारण सर्जरी के इच्छुक ट्रांसजेंडरों को मनोचिकितसक से अनुमति लेना जरूरी है। एसओपी में कहा गया है कि जहां तक स्त्री रोग विशेषज्ञों का सवाल है तो उन्हें यह पूछना चाहिए कि रोगी को नाम और सर्वनाम के संदर्भ में किस तरह से संबोधित किया जाना चाहिए, और यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जिन शब्दों का उपयोग करें वे सुरक्षा, गरिमा व सम्मान के सिद्धांतों के अनुरूप हों। एसओपी दस्तावेज में मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की जिम्मेदारियों को रेखांकित करते हुए कहा गया है कि उन्हें विश्व स्वास्थ्य संगठन की वर्तमान प्रणाली के मुताबिक लैंगिक असंगति का मूल्यांकन और प्रमाणन करना होगा। लैंगिक असंगति का मतलब किसी के अनुभव किए लिंग और निर्धारित लिंग में फर्क होना होता है।

### सेंथिल बालाजी सहित तीन अन्य ने ली शपथ

चेन्नई। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने रविवार को द्रमुक नेता वी सेंथिल बालाजी को मंत्री पद की शपथ दिलाई। बालाजी को कुछ दिन पहले नशोधन के मामले में जमानत मिली थी। द्रमुक के तीन अन्य विधायकों आर राजेंद्रन (सेलम-उत्तर), गोवी चेझियान (तिरुविदाईमारुदुर) और एस एम नासर (अवाडी) ने भी रापद एवं गोपनीयता की शपथ ली। वहां तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि भी मौजूद थे, जो पहले ही उपमुख्यमंत्री बनाए जा चुके हैं।

### उत्तर बंगाल में बाढ़ चिंताजनक केंद्र मदद नहीं कर रहा : ममता

**कोलकाता/सिलीगुड़ी।** प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को उत्तरी जिलों में बाढ़ की स्थिति को खतरनाक बताया। उन्होंने दावा किया कि राज्य को इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार से सहायता नहीं मिल रही है। मुख्यमंत्री ने सिलीगुड़ी जाते समय कहा कि कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जैसे जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। कोसी नदी क्षेत्रों में बारिश से, बिहार के कई स्थान और बंगाल के मालदा और दक्षिण दिनाजपुर जिले के पास भविष्य में प्रभावित होंगे। केंद्र पर राज्य की मदद नहीं करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि याद दिलाने के बावजूद केंद्र ने फरक्का बैराज का रखरखाव कार्य नहीं किया और इसकी जल-धारण क्षमता काफी हद तक कम हो गई है।



# राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज में समानता मुमकिन नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी


● शक्ति अभियान में शामिल होने का महिलाओं से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किया आग्रह

सही मायने में समानता और न्याय के लिए राजनीति में अधिक महिलाओं की भागीदारी पर जोर देते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वास्तविक परिवर्तन लाने को उत्साहित आधी आबादी से रविवार को शक्ति अभियान में शामिल होने का आग्रह किया, जिसका उद्देश्य राजनीति में महिलाओं के हितों के लिए समान अवसर उपलब्ध करना है।

राहुल ने एक्स पर कहा कि एक साल पहले, महिला राजनीति को केंद्र में रखकर हमने इंदिरा फेलोशिप की शुरुआत की थी। आज, यह पहल महिला नेतृत्व के सशक्त कारवां में बदल चुकी है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाए बिना समाज में समानता और न्याय मुमकिन नहीं है। आधी आबादी, पूरा हक़-हिस्सेदारी, कांग्रेस की सोच और संकल्प का प्रतीक है। मैं एक बार फिर महिलाओं से शक्ति अभियान से जुड़ने और राजनीति का हिस्सा बनने का आह्वान करता हूं।

### दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने मनमोहन

**नई दिल्ली।** जस्टिस मनमोहन ने रविवार को दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राज निवास में हुए समारोह में शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री आतिशी समेत कई लोग उपस्थित रहे। सतीश चंद्र शर्मा को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश बनाने के बाद मनमोहन को 9 नवंबर 2023 को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाया गया था। मनमोहन प्रख्यात नौकरशाह-राजनेता, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल और दिल्ली के उपराज्यपाल रहे जगमोहन के बेटे हैं।

### उद्योगपति ओसवाल से सात करोड़ रुपये ठगे, दो गिरफ्तार

**लुधियाना।** पंजाब पुलिस ने रविवार को प्रसिद्ध उद्योगपति श्रीपॉल ओसवाल से सात करोड़ ठगने वाले अंतर्राज्यीय साइबर जालसाजों के गिरोह का भंडाफोड़ किया। लुधियाना के पुलिस आयुक्त कुलदीप सिंह चहल ने बताया कि दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 5.25 करोड़ रुपये बरामद किए गए हैं। गिरोह के सात अन्य सदस्यों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। गिरोह के सभी नौ सदस्य असम और बंगाल के हैं। जालसाजों ने वर्धमान समूह के मालिक एसपी ओसवाल के बैंक खातों से सात करोड़ निकाले। उनमें से एक ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया और उद्योगपति को फर्जी गिरफ्तारी वारंट दिखाया तथा डिजिटल गिरफ्तारी की धमकी दी।

● आरोपियों के पास से 5.25 करोड़ रुपये किए गए बरामद

# दिव्यांग बच्चों के अधिकारों पर जस्टिस नागरत्ना ने जताई चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी

● आजीवन सहायता का किया आह्वान राज्यों को दिए सुझाव

सुप्रीम कोर्ट की किशोर न्याय समिति की अध्यक्ष जस्टिस बीवी नागरत्ना ने बच्चों के लिए दिव्यांगता सहायता प्रणालियों में सुधार का आह्वान किया है, जिसमें आंकड़ों का सटीक संग्रह, आजीवन वित्तीय सहायता और शिक्षा में समावेशिता पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। दिव्यांग बच्चों के अधिकारों की रक्षा विषय पर कार्यक्रम में नागरत्ना ने दिव्यांग बच्चों के समर्थन में होने वाले प्रयासों के अंतराल को रेखांकित किया और इस मुद्दे के समाधान के लिए बहु-हितधारक दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विकलांग बच्चों की सुरक्षा के लिए एक राज्य कार्य योजना विकसित करें, जिसकी समीक्षा और निगरानी राज्यों और उच्च न्यायालयों की किशोर न्याय समितियों द्वारा की जाएगी।

## कारोबार/कृषि

# शेयर बाजार में एफपीआई ने किए 57,359 करोड़ रुपये निवेश

## फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती के बाद विदेशी निवेशकों की रुचि बढ़ी

● इस वर्ष एफपीआई का भारतीय शेयरों में निवेश एक लाख करोड़ के आंकड़े को किया पार

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में भारतीय शेयर बाजारों में 57,359 करोड़ रुपये निवेश किए हैं, जो उनके निवेश का नौ माह का उच्चस्तर है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा प्रमुख ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती के बाद एफपीआई का भारतीय बाजार में निवेश लगातार बढ़ रहा है।

डिपॉजिटरी के अनुसार इस साल 2024 में एफपीआई का भारतीय शेयरों में निवेश एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। शोध विश्लेषक कंपनी गोलफाई के स्मॉलकेस प्रबंधक और संस्थापक एवं सीईओ रॉबिन आर्य ने कहा कि आगे चलकर एफपीआई का प्रवाह मजबूत बना रहेगा। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में कटौती तथा भारत की मजबूत बुनियाद से एफपीआई दांव लगा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रास्फीति प्रबंधन तथा तरलता से संबंधित फैसले इस रफ्तार को कायम रखने के लिए महत्वपूर्ण होंगे। एफपीआई ने 27 सितंबर तक शेयरों में 57,359 करोड़ का शुद्ध निवेश किया है। अभी इस महीने का एक कारोबारी सत्र बचा है। यह दिसंबर, 2023 के बाद सबसे अधिक शुद्ध प्रवाह है।

### शीर्ष आठ कंपनियों की पूंजी 1.21 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,21,270 .83 करोड़ रुपये का उछाल आया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 53,652 .92 करोड़ बढ़कर 20,65,197 .60 करोड़, एसबीआई 18,518 .57 करोड़ बढ़कर 7,16,333 .98 करोड़, भारती एयरटेल 13,094 .52 करोड़ बढ़कर 9,87,904 .63 करोड़, आईटीसी 9,927 .3 करोड़ बढ़कर 6,53,834 .72 करोड़, टीसीएस 8,592 .96 करोड़ बढ़कर 15,59,052 करोड़, एचडीएफसी बैंक 8,581 .64 करोड़ बढ़कर 13,37,186 .93 करोड़, एलआईसी 8,443 .87 करोड़ बढ़कर 6,47,616 .51 करोड़, इन्फोसिस 459 .05 करोड़ बढ़कर 7,91,897 .44 करोड़ रुपये रहा।

## एक नजर

### जमा वृद्धि को नए उत्पाद लाने की तैयारी में एसबीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा है कि जमाकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए बैंक आवर्ती जमा और एसआईपी के संयुक्त उत्पाद सहित नए उत्पाद लाने पर विचार कर रहा है। अर्थव्यवस्था की प्रगति के साथ, ग्राहक वित्तीय रूप से अधिक जागरूक और मांग करने वाले बन रहे हैं, और उन्होंने नवीन निवेश साधनों की तलाश शुरू कर दी है। शेट्टी ने कहा कि आज ग्राहक मूल्य प्रस्ताव पर ध्यान दे रहे हैं, क्योंकि वित्तीय साक्षरता बढ़ रही है और परिसंपत्ति आवंटन की अवधारणा को अधिक महत्व मिलेगा।

### आईबीए को 1,600 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) को शुरू हो रहे नवीकरणीय ऊर्जा भारत एक्सपो (आरईआई) 2024 के दौरान 1,600 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है। बायोगैस परिचालकों, विनिर्माताओं और संयंत्र योजनाकारों का प्रतिनिधित्व करने वाला अग्रणी निकाय आईबीए इस उच्चस्तरीय आयोजन से मिलने वाले अवसरों के प्रति आशान्वित है। आईबीए के चेयरमैन गौरव केडिया ने कहा कि आरईआई–2024 में बायोगैस क्षेत्र में 1,600 करोड़ के निवेश की घोषणा होने की उम्मीद है। एक्सपो में गत वर्ष की तुलना में 20% अधिक भागीदारी होने की उम्मीद है।

### भारत में कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है : मंत्री

**औरंगाबाद।** कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा है कि भारत में कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है। दुबे ने कहा कि थर्मल पावर प्लांटों के पास अभी 20 से 25 दिनों का कोयले का स्टॉक है। भारत में अभी कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है। 2023–24 में कोयला का अब तक का सबसे ज्यादा 997 मिलियन टन उत्पादन हुआ और 2024–25 में हम इस लक्ष्य को पार करने का प्रयास कर रहे हैं। विद्युत क्षेत्र के लिए निर्बाध कोयला आपूर्ति की गई है और सर्वे में नई कोयला खदानों का पता चल रहा है।

# निश्चित आय : वित्तीय दुनिया के महत्वपूर्ण हिस्से

निश्चित आय और ऋण बाजार निवेश का क्षेत्र आज की वित्तीय दुनिया में अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। बढ़ती ब्याज दरें और मुद्रास्फीति ने निवेशकों के लिए कई चुनौतियाँ उत्पन्न की हैं, लेकिन इसके साथ ही नए अवसर भी प्रस्तुत किए हैं। व्हार्टन स्कूल का यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को फिक्स्ड–इनकम निवेश और जोखिम प्रबंधन में उत्कृष्टता हासिल करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। आइये इस पर नजर डालें...

**मुद्रा कारोबार कोष :** ये बॉण्ड विभिन्न ऋण उपकरणों में निवेश करते हैं और नियमित रूप से निश्चित ब्याज रिटर्न देते हैं।

**डेट म्यूचुअल फंड्स :** ये फंड सरकारी और कॉर्पोरेट बांड, वाणिज्यिक पत्र, मुद्रा बाजार उपकरणों आदि में निवेश करते हैं।

**बांड :** कंपनियों द्वारा पूंजी जुटाने के लिए जारी किए जाते हैं और निश्चित ब्याज दर के साथ लौटाए जाते हैं।

**मुद्रा बाजार उपकरण :** जैसे ट्रेजरी बिल्स, वाणिज्यिक पत्र। ये अल्पकालिक निवेश होते हैं, जिनकी परिपक्वता एक वर्ष से कम होती है।

**बैंक जमा :** सुरक्षित निवेश विकल्प, जिसमें छोटी और लंबी अवधि दोनों के लिए ब्याज मिलता है।

**सरकारी योजनाएं :** जैसे सामान्य भविष्य निधि और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना जो कर छूट और स्थिर ब्याज दर प्रदान करती हैं।

### निवेशकों के लिए लाभ

**स्थिरता :** यह उन लोगों के लिए आदर्श है जो सुरक्षित और स्थिर रिटर्न चाहते हैं।

**कम जोखिम :** खासकर वृद्ध निवेशक और जोखिम से बचने वाले निवेशक इन प्रतिभूतियों को पसंद करते हैं।


**नियमित आय :** रिटायरमेंट के बाद नियमित आय प्राप्त करने के लिए ये योजनाएं अच्छी मानी जाती हैं।

### ध्यान देने योग्य बातें

**मुद्रास्फीति जोखिम :** मुद्रास्फीति के बढ़ने पर इनके वास्तविक रिटर्न में कमी आ सकती है।

**ब्याज दर जोखिम :** ब्याज दरों में बदलाव से बॉन्ड की कीमतें प्रभावित हो सकती हैं।

**कराधान :** इन प्रतिभूतियों से प्राप्त आय पर कर का भुगतान करना होता है और दीर्घकालिक –अल्पकालिक कर लाभ नियम अलग होते हैं।





**सुरक्षा :** आमतौर पर, सरकारी बांड अधिक सुरक्षित माने जाते हैं।

**स्थिरता :** निश्चित आय उपकरणों से नियमित आय सुनिश्चित होती है।

**कम जोखिम :** शेयर बाजार की तुलना में कम उतार–चढ़ाव होता है।

**ऋण बाजार :** ऋण बाजार वह जगह है जहां निवेशक विभिन्न प्रकार के ऋण उपकरण खरीदते और बेचते हैं। कॉर्पोरेट बांड, नगरपालिका बांड, और अन्य ऋण साधन। इसमें दीर्घकालिक और लघुकालिक ऋण उपकरण शामिल होते हैं।

**उपयोग :** कंपनियां और सरकारें पूंजी जुटाने के लिए ऋण बाजार का उपयोग करती हैं।

**ब्याज दरें :** ऋण बाजार की ब्याज दरें बाजार की मौजूदा आर्थिक स्थिति के आधार पर बदलती हैं।

# आयकर अधिनियम समीक्षा : सरकार अगले महीने उद्योग से सुझाव करेगी आमंत्रित

नई दिल्ली, एजेंसी

● उद्योग मंडलों की गत बैठक में सरकार ने कहा था- आयकर पोर्टल में ऐसी सुविधा बनाएंगे, जिसमें सुझाव दिए जा सकेंगे

प्रत्यक्ष कर कानून को सरल बनाने की कवायद के तहत सरकार ने अक्टूबर से आयकर अधिनियम, 1961 पर निजी क्षेत्र और कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करने का प्रस्ताव किया है। इस महीने की शुरुआत में उद्योग मंडलों के साथ बैठक में सरकार ने कहा था कि आयकर पोर्टल में एक ऐसी सुविधा बनाई जाएगी, जिसमें आयकर कानून की विभिन्न धाराओं के बारे में सुझाव दिए जा सकेंगे। इसका मकसद भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है।

बजट घोषणा के बाद केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने छह दशक पुराने प्रत्यक्ष कर कानून की व्यापक समीक्षा और इसे संक्षिप्त, पढ़ने और समझने में सुगम बनाने के लिए एक आंतरिक समिति गठित की थी। सूत्र ने बताया कि उद्योग संघों के साथ बैठक में राजस्व विभाग ने सुझाव दिया कि आयकर कानून को फिर से तैयार करने पर सुझाव को लेकर अक्टूबर के पहले सप्ताह तक पोर्टल पर यह सुविधा डाली जाए। यह कवायद नया कर कानून या कर संहिता लिखने को नहीं है। पुराने प्रावधानों को हटाने से ही पृष्ठों की संख्या में करीब 100 की कमी आ सकती है। आयकर कानून की समीक्षा का उद्देश्य भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है।

### 60,000 करोड़ जुटाने की तैयारी में कई कंपनियां

**नई दिल्ली।** दो माह में हुंदै मोटर इंडिया, स्विगी और एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी सहित आधा दर्जन से अधिक कंपनियां 60,000 करोड़ जुटाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में हैं। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों ने यह जानकारी दी। एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, वारी एनर्जीज, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस, वन मोबिक्विक सिस्टम्स और गरुड़ कंस्ट्रक्शन भी आईपीओ ला रही हैं। इक्विरास के प्रबंध निदेशक मुनीश अग्रवाल को उम्मीद है कि सितंबर दिसंबर के बीच 30 से अधिक आईपीओ आएंगे।

# 7% की वृद्धि के साथ रोजगार का सृजन नहीं कर रहा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी


● आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा- सरकार को श्रम-गहन उद्योगों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि 7% की आर्थिक वृद्धि के साथ भारत पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर रहा है। इसका अंदाजा कुछ राज्यों में रिक्त पदों के लिए आवेदकों की संख्या से लगाया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को रोजगार पैदा करने के लिए श्रम-गहन उद्योगों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

राजन ने कहा कि कुछ भारतीय विशेष रूप से उच्चस्तर पर, संतोषजनक स्थिति में हैं और उनकी आमदनी अधिक है। लेकिन निचले आधे हिस्से में उपभोग वृद्धि अब भी नहीं सुधरी है और यह कोविड-पूर्व स्तर तक नहीं पहुंच पाई है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण हिस्सा है...आप सोचेंगे कि सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ, हम बहुत सारी नौकरियां पैदा करेंगे। लेकिन अगर आप हमारी विनिर्माण वृद्धि को देखें, तो यह अधिक पूंजी गहन है। उन्होंने कहा कि पूंजी-गहन उद्योग अधिक तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन श्रम-गहन उद्योगों के साथ ऐसी बात नहीं है। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा कि निचले स्तर पर सब ठीक नहीं चल रहा है।

### जीएसटीएन ने किया जीएसटी रिटर्न का आंकड़ा बहाल

**नई दिल्ली।** जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने रविवार को कहा कि जुलाई-अगस्त 2017 के मासिक रिटर्न का आंकड़ा पोर्टल पर बहाल किया गया है। ये जीएसटी लागू होने के शुरुआती महीने थे। जीएसटीएन ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह अपनी आंकड़ा नीति को लागू कर रहा है, जिसके अनुसार करदाताओं के आंकड़े केवल सात साल के लिए ही रखे जाएंगे। जिन्हें अभिलेखागार (आर्काइव) में रखा जाएगा। उद्योग जगत ने इसे लागू करने से पहले समय मांगा था, ताकि वे जीएसटी पोर्टल से आंकड़े डाउनलोड कर सकें।

## ईसी के सदस्यों का ध्यान खुद के फायदे पर : उषा

नई दिल्ली, एजेंसी



● आईओए अध्यक्ष ने संघ को अपने तरीके से चलाने के लगाए आरोप ईसी के कुछ सदस्यों का ट्रैक रिकॉर्ड संदिग्ध

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को अपने तरीके से चलाने का आरोप लगाते हुए अध्यक्ष पीटी उषा ने रविवार को कार्यकारी परिषद (ईसी) में बगावत करने वाले सदस्यों पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि उनका मकसद देश के खेल की भलाई करने की जगह खुद के फायदे और मौद्रिक लाभ लेने पर है।

उषा ने यहां एक आधिकारिक विज्ञप्ति में आरोप लगाया कि इनमें से कुछ ईसी सदस्यों का ट्रैक रिकॉर्ड बेहद संदिग्ध है। इसमें लैंगिक भेदभाव के आरोप और यहां तक कि उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले भी दर्ज हैं। भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एक खिलाड़ी के रूप में अपने 45 साल लंबे करियर में मैंने कभी ऐसे लोगों का सामना नहीं किया है जो हमारे खिलाड़ियों की आकांक्षाओं और हमारे देश के खेल भविष्य के प्रति इतने उदासीन हैं। इन व्यक्तियों का पूरा ध्यान खेल प्रशासन में उनकी लंबे समय तक उपस्थिति और नियंत्रण के माध्यम से खुद के फायदे और मौद्रिक लाभ लेने पर रहता है। इस पूर्व दिग्गज एथलीट ने बिना किसी का नाम लिए कहा यह बताना भी जरूरी है कि इनमें से कुछ ईसी सदस्यों के ट्रैक रिकॉर्ड बेहद संदिग्ध हैं। उन पर लैंगिक पूर्वाग्रह के आरोप हैं। यहां तक कि उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले भी दर्ज हैं।

कार्यकारी परिषद के 12 सदस्यों ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सीनियर अधिकारी जेरोम पोइवे को पत्र लिखकर इस दिग्गज एथलीट पर तानाशाही से काम करने का आरोप लगाया। बैठक के दौरान उषा द्वारा आईओए सीईओ के पद से रघुराम अय्यर को हटाने की उनकी मांग को खारिज करने के बाद आईओसी को पत्र लिखा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय एच पटेल, उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी देव और गगन नारंग, कोषाध्यक्ष सहदेव यादव, संयुक्त सचिव अलकनंदा अशोक और कल्याण चौबे, अन्य कार्यकारी परिषद सदस्य अमिताभ, भूपेंद्र बाजवा, रोहित, डोला, हरपाल सिंह और योगेश्वर दत्त ने पत्र पर हस्ताक्षर किए। सदस्यों ने पोइवे को लिखा कि वे आईओए के सीईओ के पद के लिए फिर से विज्ञापन देंगे।

## पीसीबी ने दी चेतावनी- फिटनेस सुधारो, नहीं तो अनुबंध समाप्त

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने छह-सात केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों को कड़ी चेतावनी जारी की है जिसमें उन्हें कहा गया है कि या तो वे अपनी फिटनेस सुधारें, वर्ना उनके अनुबंध गंवाने का जोखिम रहेगा।

पाकिस्तान टीम के फिटनेस ट्रेनर और फिजियो सोमवार को लाहौर में एक और फिटनेस जांच करेंगे क्योंकि कुछ खिलाड़ी इस महीने की शुरू में फिटनेस संबंधित जरूरी मानदंडों को पूरा नहीं कर पाए थे। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा जिन खिलाड़ियों के पास केंद्रीय और घरेलू अनुबंध हैं, उन्हें स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि फिटनेस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। दो विदेशी मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी और गैरी कर्स्टन ने पीसीबी अध्यक्ष से कहा था कि फिटनेस के संबंध में किसी भी खिलाड़ी से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

## पाकिस्तान के राष्ट्रीय चयनकर्ता पद से मो. यूसुफ ने दिया इस्तीफा

लाहौर, एजेंसी



● पिछले साल से विभिन्न भूमिकाओं में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से जुड़े हुए हैं मोहम्मद यूसुफ

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने निजी कारणों का हवाला देते हुए रविवार को राष्ट्रीय चयनकर्ता का पद छोड़ दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा मैं व्यक्तिगत कारणों से पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चयनकर्ता के रूप में अपने इस्तीफे की घोषणा करता हूं। इस बेहतरीन टीम की सेवा करना मेरे लिए शानदार रहा है। मुझे पाकिस्तान क्रिकेट के विकास और सफलता में योगदान देने पर गर्व है।

उन्होंने कहा मुझे अपने खिलाड़ियों की प्रतिभा और जज्बे पर बहुत भरोसा है। यह टीम बेहतर होने के अपने प्रयास को जारी रखेगी और मैं टीम को शुभकामनाएं देता हूं। यूसुफ पिछले साल से विभिन्न भूमिकाओं में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से जुड़े हुए हैं। वह उस राष्ट्रीय चयन समिति का हिस्सा थे जिसमें दो पूर्व टेस्ट खिलाड़ी, मुख्य कोच, कप्तान और एक विश्लेषक शामिल हैं। चयन समिति में एक अन्य पूर्व खिलाड़ी असद शफीक है।

## खेल डायरी

### भारतीय पुरुष निशानेबाजी टीम ने जीता स्वर्ण पदक

**लीमा।** भारतीय पुरुष और महिला निशानेबाजी टीमों ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2024 की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के स्वर्ण पदक अपने नाम किये। वहीं कनक ने महिला व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में कांस्य पदक जीता। पेरु की राजधानी लीमा के लास पालमास शूटिंग रेंज में शनिवार को प्रतिस्पर्धा करते हुए, कनिष्का डागर (573), लक्षिता (571) और अंजलि चौधरी (564) ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1708 का स्कोर अर्जित करते हुए भारत को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा की टीम श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में अजरबैजान (1707) के स्कोर के साथ रजत और यूक्रेन को (1704) का स्कोर कर कांस्य पदक जीता। भारतीय निशानेबाज कनक ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ लीमा जूनियर निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजी टीम के व्यक्तिगत पदकों का खाता भी खोल दिया है। भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल दो स्वर्ण, कांस्य सहित तीन पदक जीते।

### भारतीय वुशु खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण सहित सात पदक जीते

**नई दिल्ली।** भारतीय वुशु खिलाड़ियों ने रविवार को ब्रुनेई के में समाप्त हुई नौवीं जूनियर विश्व चैंपियनशिप में दो स्वर्ण सहित सात पदक जीते। भारत ने प्रतियोगिता में एक रजत और चार कांस्य पदक भी जीते। भारतीय वुशु संघ ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा यह पहली बार है जब 48 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे भारतीय खिलाड़ी आर्यन ने चीन के खिलाड़ी के खिलाफ कड़े मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा भारतीय खिलाड़ी शौर्य ने ईरान के प्रतिद्वंद्वी को हराकर एक और स्वर्ण पदक जीता। नांग मिंगबी बोरफुकन ने ताओलू जियान शू सी ग्रुप स्पर्धा में रजत पदक जीता। तनिश नागर (56 किग्रा), अभिजीत, दिव्यांशी (60 किग्रा महिला) और युवराज (42 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता। इस चैंपियनशिप में 24 सदस्यीय भारतीय टीम ने हिस्सा लिया।

### ताइवान ओपन में संयुक्त 23वें स्थान पर रहे युवराज

**ताइपे सिटी (ताइवान)।** पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाले युवराज संधू ने चीनी ताइपे में येंगडर टीपीसी गोल्फ टूर्नामेंट के चौथे और अंतिम दौर में रविवार को यहां तीन अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 23वें स्थान पर रहे जो भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ है। युवराज ने पहले दौर में 65 का कार्ड खेलकर शानदार शुरुआत की थी जिससे वह संयुक्त दूसरे स्थान पर थे। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अगले दो दौर में अपनी लय बरकरार नहीं रख पाया। उन्होंने दूसरे दौर में 71 और तीसरे दौर में 74 का स्कोर बनाया। आखिर में उनका कुल स्कोर नौ अंडर रहा। भारत के अन्य खिलाड़ियों में करणदीप कोचर (67-68-73-73) पहले दो दिनों की अच्छी शुरुआत को बरकरार नहीं रख पाए और आखिर में उन्हें संयुक्त 32वें स्थान से संतोष करना पड़ा। अजितेश संधू (67-72-69-73) भी संयुक्त 32वें स्थान पर रहे जबकि शिव कपूर (68-70-72-77) ने संयुक्त 63वां स्थान हासिल किया। थाईलैंड के सुतीपत प्रतीप्तिएंचाई ने दो शॉट की बढ़त के साथ खिताब जीता।

### भारत ने आखिरी ग्रुप मैच में लाओस को हराया



**विएंतियाने (लाओस)।** भारत ने दूसरे हाफ में दो गोल करके रविवार को यहां एएफसी अंडर-20 एशियाई कप 2025 क्वालीफायर के ग्रुप जी के अपने अंतिम मैच में मेजबान लाओस को 2-0 से हरा दिया। भारत ने गोल करने के कई मौके गंवाए लेकिन ग्वुग्म्सर गोयारी (69वें मिनट) और थांग्लासौन गंगटे (84वें मिनट) ने गोल करके पूरे अंक हासिल करने में मदद की। भारत चार टीमों के ग्रुप में तीन मैचों में छह अंक लेकर ईरान (नौ अंक) से पीछे दूसरे स्थान पर रहा, लेकिन देखना बाकी है कि प्रतियोगिता के अंतिम दौर में जगह पक्की करने के लिए यह काफी होगा है या नहीं। टूर्नामेंट 10 ग्रुप की शीर्ष टीमें और दूसरे स्थान पर रहने वाली पांच सर्वश्रेष्ठ टीम चीन में होने वाले एएफसी अंडर-20 एशियाई कप 2025 के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत का गोल अंतर 4 रहा। भारत ने पहले 45 मिनट में गोल करने के काफी प्रयास किये, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। भारत ने कई मौके गंवाए और खिलाड़ी मिले मौकों का फायदा उठाने में विफल रहे। मैंग्लेंथांग की मदद से टीम को बढ़त दिलाने में सफल रहे। फिर 84वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी थांगलासौन गंगटे ने दूसरा गोल दाग दिया।

### जिन खिलाड़ियों ने कम से कम पांच कैलेंडर वर्ष में कोई मैच नहीं खेला है वो अनकैप्ड

## अनकैप्ड खिलाड़ी बने धोनी

बेंगलुरू, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की संचालन परिषद में शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने फैसला किया कि जिन भारतीय खिलाड़ियों ने कम से कम पांच कैलेंडर वर्ष में कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेला है, उन्हें अनकैप्ड खिलाड़ी माना जाएगा, हालांकि माना जा रहा है कि यह कदम इसलिए उठाया गया ताकि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) अपने स्टार क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को रिटेन कर सके जो आखिरी बार 2019 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में देश के लिए खेले थे।

बीसीसीआई के अनुसार अगर कोई भारतीय खिलाड़ी संबंधित सत्र के आयोजन से पहले पिछले पांच कैलेंडर वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट (टेस्ट मैच, वनडे, टी-20 अंतर्राष्ट्रीय) में शुरुआती एकादश में नहीं खेला है या उसके पास बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध नहीं है तो एक कैप्ड (अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाला) भारतीय खिलाड़ी अनकैप्ड (जिसने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) हो जाएगा। शनिवार को संचालन परिषद की बैठक में यह फैसला किया था कि 10 फ्रेंचाइजी को पिछली टीम से अधिकतम छह खिलाड़ियों को बरकरार रखने (रिटेन) की अनुमति होगी जिसमें नीलामी का एक राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड भी शामिल होगा, जिसकी कीमत 120 करोड़ के बढ़े हुए टीम पर्स में से 75 करोड़ होगी। अनकैप्ड खिलाड़ी के लिए रिटेन करने का खर्चा चार-चार करोड़ होगा इसलिए सीएसके अगर धोनी को रिटेन भी करती है तो नीलामी के लिए निश्चित रूप से बचत कर सकती है। पिछली नीलामी में 2022 में एक टीम को चार खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी गई थी।

### नाम वापस लिया तो विदेशियों पर लगेगा दो साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** नीलामी में खरीदे जाने के बाद अगर कोई विदेशी खिलाड़ी बिना किसी ठोस कारण के स्वयं को सत्र के लिए अनुपलब्ध बताता है तो ऐसे खिलाड़ी पर दो साल का प्रतिबंध लगाया जाएगा। गवर्निंग काउंसिल ने 2025-2027 सत्र के नए नियमों के तहत बिना किसी ठोस कारण खरीदे जाने के बाद बावजूद स्वयं को अनुपलब्ध बताने वाले खिलाड़ी को दो साल के लिए प्रतिबंधित किया जाएगा। वहीं, छोटी नीलामी में विदेशी खिलाड़ी के लिए का प्राइस टैग सबसे ज्यादा रिटेंशन प्राइस (18 करोड़) तथा बड़ी नीलामी की बड़ी बोली से अधिक नहीं होगी, खिलाड़ी चिकित्सीय कारणों से अनुपलब्ध रहता है तो ऐसी स्थिति में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी लेकिन इस संबंध में खिलाड़ी के होम बोर्ड से भी पुष्टि की जाएगी। विदेशियों का बड़ी नीलामी में पंजीकरण अनिवार्य होगा।



### आईपीएल टीमें 31 तक कर सकती हैं रिटेंशन

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की नीलामी के लिए टीमों के पास रिटेंशन फाइनल करने की डेडलाइन 31 अक्तूबर रखी गई है। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के नए नियमों के तहत फ्रैंचाइजी संयुक्त रूप से रिटेंशन और राइट टू मैच विकल्प चुन सकती हैं। नियमों के तहत अधिकतम छह खिलाड़ी रिटेन किया जा सकता हैं। आईपीएल की जारी विज्ञप्ति के अनुसार रिटेंशन और आरटीएम के लिए अपना संयोजन चुनना आईपीएल फ्रैंचाइजी के अपने विवेक पर है। छह रिटेंशन या आरटीएम हो सकते हैं, जहां पांच अधिकतम कैप्ड खिलाड़ी और दो अधिकतम अनकैप्ड खिलाड़ी। रिटेंशन में अगर कोई खिलाड़ी 31 अक्तूबर से पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण कर कर लेता है तो उसको कैप्ड माना जाएगा। लेकिन अगर कोई रिटेन हुआ अनकैप्ड खिलाड़ी नीलामी से एक दिन पहले भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण करता है तो उसको अनकैप्ड ही माना जाएगा। बड़ी नीमाली को भी बढ़कर 20 करोड़ रूपये किया गया है। इसके तहत अब हर फ्रैंचाइजी के पास 120 करोड़ खर्च करने को होंगे। जिसमें से 75 करोड़ खिलाड़ियों पर खर्च करने होंगे।

## न्यूजीलैंड से शृंखला जीतकर श्रीलंका ने रच दिया इतिहास



**गॉल (श्रीलंका)।** श्रीलंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां दूसरे टेस्ट मैच में चौथे दिन ही न्यूजीलैंड को पारी और 154 रन से करारी शिकस्त देकर दो मैच की शृंखला में क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका ने इस शृंखला में शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा। यह पिछले 15 वर्षों में पहला अवसर है जबकि उसने न्यूजीलैंड को शृंखला में हराया। श्रीलंका के इस जीत के नायक बाएं हाथ से स्पिनर प्रभात जयसूर्या रहे। उन्होंने दो मैच में 18 विकेट लिए और उन्हें शृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस बीच कामिंदु मेंडिस को दूसरे टेस्ट मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने नाबाद 182 रन बनाए जिससे श्रीलंका ने अपनी पहली पांच विकेट पर 602 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। मेंडिस इस पारी के दौरान सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दिग्गज बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गए। दूसरे टेस्ट मैच में उन्हें अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे निशान पेइरिस का भी अच्छा साथ मिला जिन्होंने नौ विकेट लिए, जिसमें दूसरी पारी के पांच विकेट भी शामिल हैं। श्रीलंका के विशाल स्कोर के सामने उसकी टीम पहली पारी में केवल 88 रन पर सिमट गई थी और उसे फॉलोऑन के लिए मजबूर होना पड़ा। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 360 रन बनाकर कुछ चुनौती पेश की लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

## मेस्सी के गोल से इंटर मियामी शीर्ष के करीब

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** लियोनेल मेस्सी ने अपनी ख्याति के अनुरूप शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल दागा जिससे इंटर मियामी मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप प्लेऑफ के लिए शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंच गया। मेस्सी ने 67वें मिनट में गोल किया जिसकी बदौलत इंटर मियामी ने शनिवार रात चार्लोट एफसी के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेलकर मेजर लीग सॉकर में अपने अजेय अभियान को आठ मैच तक पहुंचा दिया। मेस्सी का इस सत्र में 16 लीग मैचों में यह 15वां गोल था। मेस्सी एमएलएस इतिहास में एक सत्र में कम से कम 15 गोल करने और 15 गोल में मदद करने वाले छठे खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस बीच वह विभिन्न कारणों से लीग के 15 मैचों में नहीं खेल पाए थे। इस मैच में ड्रॉ से इंटर मियामी प्लेऑफ के लिए शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंच गया है। उसके अभी 65 अंक हैं जबकि उसके करीबी कोलंबस के 57 अंक हैं।



<< चार्लोट एफसी के खिलाफ गोल दागते लियोनेल मेस्सी।

### ओसासुना ने थामा बार्सिलोना का विजय अभियान

**बार्सिलोना।** ब्रायन जरागोजा के बेहतरीन प्रदर्शन से ओसासुना ने बार्सिलोना को 4-2 से पराजित करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में पिछले सात मैच से चला आ रहा उसका विजय अभियान रोक दिया और इस तरह से उसे क्लब के रिकॉर्ड की बराबरी नहीं करने की। बायर्न म्यूनिख की तरफ से खेल चुके फॉरवर्ड जरागोजा ने 17वें मिनट में एंटे बुदिमीर के लिए गोल बनाया और फिर 28वें मिनट में गोलकीपर इनाकी पेना को छकाकर स्कोर 2-0 कर दिया। बार्सिलोना के युवा खिलाड़ी पाउ विक्टर ने 53वें मिनट में गोल करके दर्शकों में कुछ जोश भरा लेकिन बुदिमीर ने 72वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर मैच का परिणाम लगभग सुनिश्चित कर लिया। एबेल ब्रेटोन्स ने 85वें मिनट में स्कोर 4-1 कर दिया जबकि स्थानापन्न लैमिन यामल ने बार्सिलोना के लिए दूसरा गोल किया। बार्सिलोना अगर ओसासुना को हरा देता तो 2013 में बनाए गए शुरुआती आठ मैच जीतने के अपने पिछले रिकार्ड की बराबरी कर लेता।

## गीली आउटफील्ड, तीसरा दिन भी गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● अंपायरों ने तीन बार मुआयना करने के बाद लिया फैसला

● कई स्थानों पर पैच दिखे, मिट्टी व लकड़ी का बुरादा डाला



**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में रविवार को तीसरा दिन भी मायूसी भरा रहा। तीसरे दिन ग्रीनपार्क मैदान से कवर्स हटे, लेकिन मैदान पर पानी जमा होने के कारण कई जगह आउटफील्ड गीली थी। मैदान के बाहरी हिस्से में भरा पानी निकालने को सुबह भी सुपर सॉपर का इस्तेमाल हुआ। अंपायरों ने दिनभर में तीन बार फील्ड का निरीक्षण किया। आउटफील्ड गीली व कई जगह फिसलन मिलने पर अंपायरों ने दोपहर करीब दो बजे खेल रद की घोषणा कर दी।

टेस्ट सीरीज के तीसरे दिन रविवार को उम्मीद के साथ क्रिकेट प्रेमी सुबह आठ बजे से ही ग्रीनपार्क स्टेडियम में पहुंचना शुरू हो गए। सुबह आसमान भी काफी साफ दिखा, इसलिए ग्राउंड्स मैन ने तीन दिन से मैदान पर पड़े कवर्स नौ बजे तक हटा लिए। इसके बाद तीनों सुपर सॉपर मैदान पर घूमने लगे। आउटफील्ड का पानी निकालने का काम तेजी से शुरु किया गया। इसके बाद अंपायरों ने सुबह 10 बजे मैदान का निरीक्षण किया। मिड ऑन व मिड ऑफ क्षेत्र मंथ मैदान काफी गीला मिला। दोपहर 12 बजे तीनों अंपायरों ने फिर निरीक्षण किया। फिर दोपहर दो बजे तीसरी बार तीनों अंपायर पिच क्यूरेटर के साथ मैदान पर पहुंचे। मैदान का जायजा लेने के साथ कई स्थानों की स्थिति भी देखी। कई स्थान काफी गीले मिले। इसके बाद दोपहर 2.02 बजे तीसरे दिन का खेल रद करने की घोषणा कर दी गई। ग्रीनपार्क में 27 सितंबर को शुरु हुई टेस्ट सीरीज का दूसरे टेस्ट मैच में अब तक दो दिन बारिश की भेंट चढ़ चुका है। पहले दिन मात्र 166 मिनट ही खेल हो चुका है। पहले दिन बांग्लादेश टीम 35 ओवर में 3 विकेट खोकर 107 रन बना चुकी है।

## बॉलीवुड हलचल

### जोडी कोमर की बड़ी फैन हैं तृप्ति



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का कहना है कि वह हॉलीवुड अभिनेत्री जोडी कोमर की बहुत बड़ी फैन हैं और उनसे मिलना चाहती हैं। तृप्ति डिमरी तेजी से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना रही हैं। तृप्ति डिमरी ने हॉलीवुड की एक ऐसी हस्ती के लिए अपनी प्रशंसा साझा की, जिसने उनके अभिनय को गहराई से प्रभावित किया है। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान, तृप्ति एमी पुरस्कार विजेता अभिनेत्री जोडी कोमर के लिए अपने प्यार के बारे में बात की। तृप्ति डिमरी ने कहा, एक हॉलीवुड अभिनेत्री जिससे मैं मिलना चाहूंगी, वह हैं जोडी कोमर। मैं किलिंग ईव के बाद से उनकी बड़ी प्रशंसक हूं। मैंने ईव देखने के बाद उन्हें मैसेज किया क्योंकि मैं उनके अभिनय से अभिभूत थी और सोच रही थी कि उन्होंने यह कैसे किया। मैंने वास्तव में कला के लिए उनके कुछ दृश्य देखे, बस यह देखने के लिए कि वह जो कर रही हैं, वह कैसे कर रही हैं।

## शाहरूख और रानी को आइफा का सर्वश्रेष्ठ अवार्ड

अबुधाबी, एजेंसी



बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान और अभिनती रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) अवार्ड दिया गया। अबुधाबी में तीन दिन तक चलने वाले आइफा अवॉर्ड शो का दूसरा दिन बॉलीवुड सितारों के नाम रहा। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार शाहरूख खान को फिल्म जवान जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए दियाग गया।

सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार फिल्म एनिमल को दिया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ निर्देशन का पुरस्ककार विधु विनोद चोपड़ा को फिल्म 12वीं फेल के लिए मिला। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार अनिल कपूर को फिल्म एनिमल के लिये दिया गया, जबकि शबाना आजमी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिये सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित की गयी। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता ( नेगेटिव रोल) का पुरस्कार बॉबी देओल को फिल्म एनिमल के लिए मिला। सर्वश्रेष्ठ कहानी, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, सर्वश्रेष्ठ संगीत फिल्म एनिमल, सर्वश्रेष्ठ लिरिक्स, सिद्धार्थ-गरिमा (एनिमल का गाना सतरंगा), सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक सिंगर, भूपिंदर बब्बल, गाना अर्जन वैली फिल्म एनिमल, सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका (महिला) शिल्पा राव, गाना चलेया फिल्म जवान के लिए दिया गया। आउटस्टैंडिंग कॉन्ट्रीब्यूशन टू इंडियन सिनेमा, जयंतीलाल गड़ा, हेमा मालिनी, अचीवमेंट ऑन कंप्लीटिंग 25 ईयर्स इन सिनेमा का पुरस्कार करण जौहर को दिया गया।

बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। हेमा मालिनी, रेखा, शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर, बॉबी देओल, विक्की कौशल, शाहिद कपूर और कृति सनोन जैसे सितारे ने शामिल होकर इस कार्यक्रम में चार चांद लगाए। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण में से एक शाहरुख खान थे, जिन्होंने न केवल कार्यक्रम की मेजबानी की, बल्कि अपने खास अंदाज से दर्शकों का खूब मनोरंजन भी किया। मंच पर उनके साथ विक्की कौशल और करण जौहर भी नजर आए।

## जेसिका संघर्षपूर्ण जीत के साथ अगले दौर में

बीजिंग, एजेंसी

चाइना ओपन



अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने रविवार को यहां टाइब्रेकर तक खिंचा पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करके चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। पेगुला ने तीसरे दौर में रूस कीवेरोनिका कुदेरमेतोवा पर 6-7 (9), 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की।

पेगुला ने अपने पिछले 19 मैचों में से 17 में जीत हासिल की है, जिसमें टोरंटो में अपने खिताब का बचाव करना तथा सिनसिनाटी और अमेरिकी ओपन के फाइनल में जगह बनाना शामिल है। यह अमेरिकी खिलाड़ी चौथे दौर में स्पेन की 15वीं वरीयता प्राप्त पाओला बडोसा से भिड़ेंगी, जिन्होंने सर्बिया की रेबेका श्रामकोवा को 7-5, 7-5 से हराया। एक अन्य मैच में पोलैंड की 23वीं वरीयता प्राप्त मैग्डेलेना फ्रेच ने खराब शुरुआत से उबरते हुए 12वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर को 0-6, 6-3, 6-4 से हराया। पुरुष वर्ग में स्थानीय खिलाड़ी बू युनचाओकेते ने पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता लोरेंजो मुसेटी को 6-2, 6-4 से हराकर उलटफेर किया। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी की शीर्ष 20 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# श्रोता ही हैं मन की बात के असली सूत्रधार, सकारात्मक बातें लोगों को पसंद: मोदी

## प्रधानमंत्री ने मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी में स्वच्छता मुहिम के प्रति किया प्रेरित

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रोताओं को मन की बात कार्यक्रम का असली सूत्रधार करार देते हुए रविवार को कहा कि इस रेडियो कार्यक्रम ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है और सकारात्मक बातें एवं प्रेरणादायी उदाहरण उन्हें बहुत पसंद आते हैं। आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी को संबोधित करते हुए मोदी ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान के महत्व को भी रेखांकित किया और लोगों से इसमें भाग लेने का आह्वान किया। मन की बात की इस कड़ी के साथ ही इसके 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम की लंबी यात्रा में ऐसे कई पड़ाव आए जिन्हें वह कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने कहा हमारी इस यात्रा के कई ऐसे साथी हैं जिनका हमें निरंतर सहयोग मिलता रहा है। देश के कोने-कोने से उन्होंने जानकारियां उपलब्ध कराईं। मन की बात के श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं।



प्रधानमंत्री ने कहा कि आमतौर पर एक धारणा ऐसी गढ़ी गई है कि जब तक किसी कार्यक्रम में चटपटी और नकारात्मक बातें न हों तब तक उसे ज्यादा तवज्जो नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा लेकिन मन की बात ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है। सकारात्मक बातें एवं प्रेरणादायी उदाहरण लोगों को बहुत पसंद आते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह कार्यक्रम से जुड़ी चिट्ठियों को पढ़ते हैं और पाते हैं कि देश में कितने प्रतिभावान लोग हैं और उनमें देश एवं समाज की सेवा करने का कितना जज्बा है तो उन्हें गर्व होता है। मन की बात की यह पूरी प्रक्रिया मेरे लिए ऐसी है जैसे मंदिर जाकर ईश्वर के दर्शन करना। उन्होंने इस कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों के अलावा इसके प्रचार प्रसार में योगदान देने वाले मीडिया समूहों का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के दौरान जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान के महत्व को भी रेखांकित किया। मोदी ने कहा कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम के 10 साल पूरे हो रहे हैं और हर क्षेत्र में निर्यात बढ़ रहा है तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में बढ़ोतरी इसकी सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय निर्माताओं को काफी मदद मिली है। अमेरिका की अपनी हाल की यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में करीब 300 प्राचीन वस्तुओं को वापस भेजने की व्यापक चर्चा हो रही है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ें

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण की रक्षा का संकल्प के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। मोदी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अद्भुत अभियान रहा। जनभागीदारी का ऐसा उदाहरण प्रेरित करने वाला है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर शुरू किए गए इस अभियान में देश के कोने-कोने में लोगों ने कमाल करके दिखाया है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान ने लक्ष्य से अधिक संख्या में पौधारोपण कर नया रिकॉर्ड बनाया है।

### मेक इन इंडिया उत्पाद खरीदें

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने मेक इन इंडिया अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने का उल्लेख करते हुए फिर से देशवासियों से सिर्फ मेक इन इंडिया उत्पाद खरीदने की रविवार को अपील की। मोदी ने कहा इस महीने एक और महत्वपूर्ण अभियान मेक इन इंडिया को 10 साल पूरे हुए हैं।

### प्रधानमंत्री ने कहा- जल सहेली ने नदी को बचाया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जल संरक्षण का आह्वान करते हुए उत्तर प्रदेश महिला समूह जल सहेली और मध्य प्रदेश की महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। मोदी ने कहा कि बारिश के दिनों में बचाया गया पानी जल संकट के महीनों में बहुत मदद करता है। मोदी ने कहा मुझे खुशी है कि पानी के संरक्षण को लेकर कई लोग नई पहल कर रहे हैं। ऐसा ही एक प्रयास उत्तर प्रदेश के झांसी में देखने को मिला है। आप जानते ही हैं कि झांसी के बुंदेलखंड की पहचान पानी किल्लत से जुड़ी हुई है। यहाँ कुछ महिलाओं ने घुरारी नदी को नया जीवन दिया है। उन्होंने आगे कहा ये महिलाएं सेल्स हेल्प ग्रुप से जुड़ी हैं और उन्होनें जल सहेली बनकर इस अभियान का नेतृत्व किया है।

## बांग्लादेश के कोर्ट ने पूर्व आईजीपी को रिमांड पर भेजा

**ढाका।** बांग्लादेश में ढाका की एक अदालत ने व्यवसायी अब्दुल वदूद की हत्या से संबंधित एक मामले में पूर्व पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) चौधरी अब्दुल्ला अल मामून को रविवार को चार दिन की रिमांड पर भेज दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अदालत ने इसी मामले में वार्ड पार्षद हसीबुर रहमान को भी पांच दिन की रिमांड पर भेजा है। ढाका ट्रिब्यून ने बताया कि ढाका के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट मोहम्मद महबूबुल हक ने आज सुबह रिमांड अवधि मंजूर की। इससे पहले, आरोपी को जांच अधिकारी और न्यू मार्केट थाने के उप निरीक्षक रेहान उद्दीन ने अदालत के समक्ष पेश किया, जिन्होंने 10 दिन की रिमांड मांगी।

## एक नजर

### नॉर्थ कैरोलाइना में विमान दुर्घटना में कई की मौत

**मैंटिओ।** नार्थ कैरोलाइना के मैंटिओ में राइट ब्रदर्स नेशनल मेमोरियल्स फर्स्ट फ्लाइट एयरपोर्ट में एक इंजन वाले विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कई लोगों की मौत हो गई। नेशनल पार्क सर्विस ने यह जानकारी दी। नेशनल पार्क सर्विस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि दुर्घटना शनिवार शाम पांच बजे हुई, उस वक्त विमान हवाई अड्डे पर उतरने की कोशिश कर रहा था। दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई। किल डेविल हिल्स जिले के दमकल विभाग और अन्य स्थानीय दमकल विभागों ने आग बुझाई। बयान में कहा गया कि हवाई अड्डे को फिलहाल बंद कर दिया गया है। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड घटना की जांच करेगा साथ ही संघीय विमानन प्रशासन को भी सूचित कर दिया गया है।

### मनीला में आग लगने से 6 लोगों की मौत, एक घायल

मनीला। फिलीपीन की राजधानी मनीला में रविवार सुबह होने से पहले एक घर में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई, जिसमें छह महीने का बच्चा और एक साल का बच्चा भी शामिल है, जबकि एक अन्य बच्चा घायल हो गया। अग्नि सुरक्षा ब्यूरो ने यह जानकारी दी। अग्निशमन अधिकारी रोडरिक एंड्रेस ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह 3 :50 बजे मनीला शहर के टोंडो जिले में एक चार मंजिला घर की दूसरी मंजिल पर आग लग गई।

### सिख संगठन को ब्रिटेन सरकार का मिला समर्थन

**लंदन।** लेबर पार्टी द्वारा कुछ वर्ष पहले स्वीकार की गई इस्लामोफोबिया की त्रुटिपूर्ण परिभाषा को कानूनी रूप दिए जाने के खिलाफ अभियान चला रहे एक ब्रिटिश सिख संगठन को ब्रिटेन सरकार के इस कदम से प्रोत्साहन मिला है कि यह प्रस्ताव ब्रिटेन के समानता अधिनियम के अनुरूप नहीं होगा। द नेटवर्क ऑफ सिख ऑर्गेनाइजेशंस (एनएसओ) ने इस महीने की शुरुआत में उप प्रधानमंत्री एंजेला रेनर और सरकार में धार्मिक मामलों के मंत्री लॉर्ड वाजिद खान को पत्र लिखकर आगाह किया था कि प्रस्तावित परिभाषा भारतीय उपमहाद्वीप के इतिहास के तथ्यात्मक अवलोकन को भी जोखिम में डाल देगी।

# हिजबुल्ला का शीर्ष कमांडर नबील कौक ढेर


## इजराइल के हवाई हमले में मारा गया सातवां शीर्ष सदस्य, यमन में हूतियों के ठिकानों को बनाया निशाना

यरूशलम, एजेंसी

इजराइली सेना ने रविवार को कहा कि उसने हवाई हमले में हिजबुल्ला के एक और प्रमुख सदस्य नबील कौक को मार गिराया है। इससे पहले, शुक्रवार को बेरूत में समूह का प्रमुख नेता हसन नसरल्ला भी मारा गया था। हिजबुल्ला ने नबील कौक की मौत की पुष्टि की है। वह एक सप्ताह से भी कम समय में इजराइली हमलों में मारा गया हिजबुल्ला का सातवां शीर्ष सदस्य है।

इससे पहले हिजबुल्ला ने पुष्टि की थी कि उसके एक शीर्ष कमांडर अली कराकी की इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई। इजराइली सेना ने पहले कहा था कि कराकी की मौत हवाई हमले में हुई। इजराइल का कहना है कि हमले में कम से कम हिजबुल्ला के 20 अन्य आतंकवादी मारे गए, जिनमें नसरल्ला के दो करीबी सहयोगी भी शामिल हैं। लेबनान के विभिन्न हिस्सों में हजारों पेजर और वॉकी-टॉकी में धमाके कर मुख्य रूप से हिजबुल्ला के सदस्यों को निशाना बनाया गया है। हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल में सैकड़ों रॉकेट और मिसाइलें दागना जारी रखा है, लेकिन उनमें से ज्यादातर को हवा में ही नष्ट कर दिया गया या वे खुले क्षेत्रों में गिर गए। कौक 1980 के दशक से ही हिजबुल्ला का शीर्ष सदस्य था और इससे पहले दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के सैन्य कमांडर के रूप में काम कर चुका था। अमेरिका ने 2020 में उसके खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की थी।

लेबनान में इजराइली हवाई हमलों में दो सप्ताह से भी कम समय में कम से कम 1,030 लोग मारे गए हैं। इजराइली सेना ने कहा है कि इजराइल पर हाल ही में हुए हमले के जवाब में दर्जनों विमानों ने यमन में हूतियों के ठिकानों पर हमले किए हैं।





हिजबुल्ला का मारा गया शीर्ष कमांडर नबील कौक (फाइल)। हमले के बाद बेरुत की ध्वस्त इमारतें।

### दक्षिणी पूर्वी लेबनान में हवाई हमलों में 24 लोगों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के 12 से अधिक कस्बों और गांवों पर रविवार को इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 24 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इजराइली लड़ाकू विमानों ने तड़के पूर्वी लेबनान के बालबेक, हरमेल और पश्चिमी बेका के इलाकों में करीब 30 हमले किए।

### चीन ने सभी पक्षों और इजराइल से तनाव घटाने की अपील की

**बीजिंग।** इजराइली बमबारी में ईरान समर्थित हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला की मौत के बाद, चीन ने रविवार को संबंधित पक्षों खासकर इजराइल से पश्चिम एशिया में संघर्ष को अनियंत्रित होने से रोकने के लिए तनाव घटाने के वास्ते तुरंत कार्रवाई करने का आह्वान किया। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन इस घटना पर करीबी नजर रख रहा है और क्षेत्र में तनाव बढ़ने से काफी चिंतित है। इसके अलावा चीन ने भी एक सलाह जारी करके अपने नागरिकों से संघर्ष तेज होने के कारण लेबनान की यात्रा न करने के लिए कहा है। चीन लेबनान की संप्रभुता और सुरक्षा के उल्लंघन का विरोध करता है, निर्दोष नागरिकों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का विरोध और निंदा करता है।

### सीरिया में अमेरिकी हवाई हमलों में 37 आतंकवादी मारे गए

बेरूत। सीरिया में दो हमलों में चरमपंथी इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह और अलकायदा संबंधी एक समूह से जुड़े 37 आतंकवादी मारे गए। अमेरिकी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। इसने कहा कि मृतकों में दो शीर्ष आतंकवादी थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक बयान में कहा कि उसने मंगलवार को उत्तर-पश्चिमी सीरिया में हमला किया, जिसमें अलकायदा से जुड़े हुर्रास अल-दीन समूह के एक शीर्ष आतंकवादी और आठ अन्य को निशाना बनाया गया। उन्होंने 16 सितंबर को किए गए एक हमले की भी जानकारी दी जिसमें उन्होंने मध्य सीरिया में एक दूरस्थ अज्ञात स्थान पर आईएस प्रशिक्षण शिविर पर बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया था।

### हूती समूह ने इजराइल के हवाई अड्डे पर किए मिसाइल हमले

**सना।** यमन के हूती समूह ने इजराइल में तेल अवीव के पास बेन गुरियन हवाई अड्डे पर मिसाइल हमला करने का दावा किया। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी द्वारा प्रसारित एक बयान में समूह के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आगमन पर बेन गुरियन हवाई अड्डे पर बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई थी। सरिया ने कसम खाई कि समूह इजराइल के अपराधों का जवाब देना जारी रखेगा और गाजा पट्टी और लेबनान के समर्थन में वृद्धि के स्तर को बढ़ाने में संकोच नहीं करेगा। इससे पहले इजराइली रक्षा बलों ने कहा कि उसने यमन से लॉन्च की गई सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया।


# पाकिस्तान से दोस्ताना संबंध होते तो बड़ा राहत पैकेज देते

- रक्षामंत्री राजनाथ ने कहा- जम्मू कश्मीर का वर्तमान विशेष पैकेज पाकिस्तान द्वारा आईएमएफ से मांगी गई राशि से काफी बड़ा

श्रीनगर, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि यदि पड़ोसी देश ने भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखे होते तो भारत पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मांगे गए पैकेज से भी बड़ा राहत पैकेज देता। बांदीपुरा जिले के गुरेज विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014-15 में जम्मू-कश्मीर के लिए घोषित प्रधानमंत्री विकास पैकेज का जिक्र किया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, मोदी जी ने 2014-15 में जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की थी जो अब 90,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह राशि पाकिस्तान द्वारा आईएमएफ से मांगी गई राशि (राहत पैकेज के रूप में) से कहीं अधिक है। सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रसिद्ध कथन का उल्लेख किया कि हम दोस्त बदल सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं बदल सकते। उन्होंने कहा, मैंने कहा, मेरे पाकिस्तानी दोस्तों, हमारे बीच तनावपूर्ण संबंध क्यों हैं, हम पड़ोसी हैं। अगर हमारे बीच अच्छे संबंध होते, तो हम आईएमएफ से अधिक धन देते। सिंह ने कहा कि केंद्र जम्मू-कश्मीर को विकास के लिए धन देता है जबकि पाकिस्तान लंबे समय से वित्तीय सहायता का दुरुपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा, वह अपनी धरती पर आतंकवाद की फैक्ट्री चलाने के लिए दूसरे देशों से धन मांगता है।



बांदीपुरा में चुनावी रैली को संबोधित करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग पड़ा

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के खिलाफ आतंकवाद को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने वाला पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग पड़ गया है और उसके कुछ विश्वस्त सहयोगी भी पीछे हट गए हैं। उन्होंने कहा, जब भी हमने आतंकवाद की जांच की है, तो हमें पाकिस्तान की संलिप्तता ही मिली है।

# नेपाल में बाढ़, भूस्खलन से 148 मौतें

- पूर्वी और मध्य नेपाल का बड़ा हिस्सा शुक्रवार से जलमग्न
- 64 लोग लापता
- कई घायल

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर रविवार को 148 हो गई। पूर्वी और मध्य नेपाल का बड़ा हिस्सा शुक्रवार से जलमग्न है और देश के कई हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई है। सशस्त्र पुलिस बल के सूत्रों के अनुसार, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 64 लोग लापता हैं और 61 लोग घायल हुए हैं। काठमांडू घाटी में सबसे ज्यादा लोगों की मौत हुई है। कम से कम 322 मकान और 16 पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सुरक्षाकर्मियों ने करीब 3,626 लोगों को बचाया।

सूत्रों ने बताया कि बचाव अभियान अब भी जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उन्होंने काठमांडू घाटी में पिछले 40-45 साल में इतनी विनाशकारी बाढ़ नहीं देखी। सशस्त्र पुलिस बल ने एक बयान में कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। काठमांडू के पास स्थित धादिंग जिले में शनिवार को एक बस के भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। भक्तापुर शहर में भूस्खलन में एक मकान ढहने से पांच लोगों की मौत हो गई।



### भूस्खलन में छह फुटबॉल खिलाड़ियों की भी गई जान

मकवानपुर में ऑल इंडिया नेपाल एसोसिएशन द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण केंद्र में भूस्खलन की घटना में छह फुटबॉल खिलाड़ियों की जान चली गई और अन्य लोग बाढ़ के पानी में बह गए। मंगलवार तक बारिश जारी रहने के अनुमान के बावजूद रविवार को थोड़ी राहत मिली। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी) में जलवायु और पर्यावरण विशेषज्ञ अरुण भक्ता श्रेष्ठ ने कहा मैंने काठमांडू में पहले कभी इतने बड़े पैमाने पर बाढ़ नहीं देखी। आईसीएमओडी द्वारा शनिवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया कि काठमांडू की मुख्य नदी बागमती शुक्रवार और शनिवार को पूर्वी तथा मध्य नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद से खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

## बलूचिस्तान में पंजाब के सात मजदूरों की हत्या

**इस्लामाबाद/कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी आतंकवादियों ने हमला कर पंजाब प्रांत के कम से कम सात मजदूरों की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बलूचिस्तान के पुलिस महानिरीक्षक मोअज्जम जाह अंसारी ने बताया कि मुल्तान के मजदूरों की शनिवार देर रात उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वे पंजगुर शहर के खुदा-ए-अबादन इलाके में एक निर्माणाधीन मकान में सो रहे थे। अंसारी ने बताया कि जिस वक्त हथियारबंद आतंकवादी निर्माणाधीन मकान में घुसे और स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू की, उस वक्त मजदूर गहरी नींद में थे। अधिकारी ने बताया कि एक घायल मजदूर सौभाग्य से बच निकलने में कामयाब रहा।

# रूसी क्षेत्र में घुसे यूक्रेन के 125 ड्रोन को किया नष्ट

- मॉस्को ने कहा- फरवरी 2022 के बाद बड़ी संख्या में ड्रोन देखे गए

कीव, एजेंसी

रूसी क्षेत्र में रविवार को घुसे यूक्रेन के 125 से अधिक ड्रोन को नष्ट कर दिया गया। इसके चलते वन क्षेत्र और एक अपार्टमेंट के हिस्से में आग लग गई। मॉस्को के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फरवरी 2022 में मॉस्को द्वारा यूक्रेन पर हमला करने के बाद से रूसी आसमान में सबसे बड़ी संख्या में यूक्रेनी ड्रोन देखे गए हैं।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने सात क्षेत्रों में ड्रोनों को नष्ट किया। रूसी वायु रक्षा द्वारा वोल्गोग्राद क्षेत्र में सबसे अधिक 67 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट किया गया। गवर्नर अलेक्सांद्र गुसेव ने बताया कि वोरोनिश में 17 ड्रोन देखे गए, जिन्हें नष्ट करने के दौरान गिरे मलबे से एक अपार्टमेंट के हिस्से को नुकसान पहुंचा। तस्वीरों में एक ऊंची इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल की खिड़कियों से आग की लपटें निकलती दिखाई दे रही हैं।

### कीव को अमेरिकी सैन्य सहायता विनाश की ओर धकेल रही

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया की सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति के उप विभाग प्रमुख किम यो जोंग ने एक बयान में कहा कि कीव को अमेरिकी सैन्य सहायता एक बड़ी गलती है जो दुनिया को परमाणु तबाही की ओर धकेल रही है। किम, जो उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन भी हैं। उन्होंने कहा हाल ही में अमेरिका ने यूक्रेन की नव-नाजी कठपुतली सरकार को 8 अरब डॉलर से अधिक की सैन्य सहायता की है।

## यौन शोषण के आरोपी पादरियों को दंडित किया जाए : पोप फ्रांसिस

**ब्रसेल्स।** पोप फ्रांसिस ने यौन शोषण के आरोपी पादरियों को दंडित करने तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने पर जोर देते हुए रविवार को कहा कि बिशप को पादरियों के अपराधों पर पर्दा डालना बंद करना चाहिए। फ्रांसिस की बेल्जियम यात्रा रविवार को संपन्न हो गई। इस दौरान, उन्हें यहां के यौन शोषण के मामलों को लेकर आक्रोश का सामना करना पड़ा। इन मामलों की वजह से कैथोलिक चर्च की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हुए हैं। फ्रांसिस ने बेल्जियम के मुख्य खेल स्टेडियम में एकत्र 30 हजार लोगों को संबोधित करते हुए कहा बुराइयों को हर हाल में सार्वजनिक किया जाना चाहिए। दुर्व्यवहार के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। बुराइयों को नहीं छिपाया जाना चाहिए। फ्रांसिस (87) ने उत्पीड़न के शिकार 17 लोगों से शुक्रवार रात मुलाकात की थी।

# प्रधानमंत्री स्टार्मर के नेतृत्व पर सांसद ने उठाए सवाल

- सांसद ने लेबर पार्टी से दिया इस्तीफा, लगाए आरोप

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन की सत्तारूढ़ लेबर पार्टी की एक सांसद ने प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर के नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया। स्टार्मर के जुलाई में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद उनके लिए यह पहला करारा झटका है। लेबर पार्टी की ओर से केंटबरी का प्रतिनिधित्व करने वाली रोजी डफील्ड इस्तीफे के बाद अब निर्दलीय सांसद की हैसियत से हाउस ऑफ कॉमंस की सदस्य रहेगीं।

डफील्ड का इस्तीफा द संडे टाइम्स में प्रकाशित हुआ है, जिसमें उन्होंने स्टार्मर की कठोर और अनावश्यक नीतियों को लेकर उन पर हमला बोला। डफील्ड ने दावा किया कि उनके इस्तीफे की कई वजह हैं, लेकिन मुख्य कारण सरकार की अलोकप्रिय नीतियां हैं। डफील्ड ने अपने त्यागपत्र में कहा वे (नीतियां) कठोर व अनावश्यक हैं और हमारे हजारों सबसे गरीब, सबसे कमजोर मतदाताओं को प्रभावित करती हैं। मुझे इसके लिए नहीं चुना गया था। यह समझदारी भरी राजनीति भी नहीं है। यह निश्चित रूप से सेवा भाव की राजनीति नहीं है। सांसद ने कहा कि उन्हें लेबर पार्टी के प्रधानमंत्री की तथाकथित परिवर्तन लाने की प्रतिबद्धता पर कोई भरोसा नहीं है, जिसका वादा उन्होंने आम चुनाव अभियान के दौरान किया था।

## अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में हेलेन तूफान से 64 लोगों की मौत

**पेरी (अमेरिका)।** अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में हेलेन तूफान के कारण भारी बारिश और तेज आंधी से जुड़ी घटनाओं में शनिवार को कम से कम 64 लोगों की मौत हो गई। हेलेन तूफान ने क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई है। भारी बारिश के कारण लोग फंसे हुए हैं और लाखों लोगों को बिना बिजली के अंधेरे में रहना पड़ रहा है। फ्लोरिडा के स्टीनहैची की निवासी जनालेया इंग्लैंड ने कहा कि मैंने पहले कभी इतने लोगों को बेघर होते नहीं देखा जितने मैं अब देख रही हूं। फ्लोरिडा के बिग बेंड गांव में गुरुवार देर रात हेलेन तूफान ने दस्तक दी थी और उस दौरान 225 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही थीं। इसके बाद तूफान ने जॉर्जिया की ओर रुख किया।

**तकरार** मेघालय सरकार ने नहीं दी हवाईअड्डे पर उतरने की अनुमति, गोरक्षा समूह ने पूर्वोत्तर के राज्यों में रैली, सभा और ध्वज स्थापित करने कि की थी घोषणा

# आकाश में बादलों के बीच फहरा दिया गोप्रतिष्ठा ध्वज

शैलेश अवस्थी, शिलांग

जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तरेश्वरानंद ने शिलांग में गोप्रतिष्ठा रैली की घोषणा की थी, लेकिन सरकार ने अनुमति नहीं दी, तो उन्होंने हवाई यात्रा के दौरान मेघालय में आकाश मार्ग पर गोध्वज फहरा कर अपना संकल्प पूरा करने का संदेश दिया। शंकराचार्य के नेतृत्व में गोरक्षा समूह पूरे देश, खासतौर पर पूर्वोत्तर राज्यों में गोरक्षा रैली, सभा और गोध्वज फहराने की घोषणा की थी। इसके तहत गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने, देश में गौ हत्या पर प्रतिबन्ध लगाने की मांग की गई है।

नागालैंड, मिजोरम और अरुणानांचल ने पहले ही गोरक्षा समूह के इस कार्यक्रम पर रोक लगा दी थी । इसका विरोध बड़े पैमाने पर विरोध के मद्देनज़र मेघालय सरकार ने भी गोप्रतिष्ठा रैली की अनुमति देने से इंकार कर दिया था । मेघालय के दबाव समूहों ने साफ कहा कि गोमांश उनके मुख्य आहार में शामिल है और यह प्राचीन परंपरा है। यहां गोरक्षा जैसा आंदोलन किसी सूरत में नहीं चलने देंगे। गोरक्षा आंदोलन की कड़ी में शंकराचार्य पूरी टीम के साथ चार्टर्ड विमान से त्रिपुरा के अगरतला हवाईअड्डे पर उतरे, पर उन्हें वहां से बाहर निकलने और रैली करने की अनुमति नहीं दी गई । जद्दोजहद के बाद वह बीते शनिवार को शिलांग (मेघालय) के लिए उड़ान भरने को तैयार हुए, लेकिन उन्हें सूचना मिली कि वहां भी विरोध के चलते सरकार ने अनुमति नहीं दी है । शिलांग के उमरोई हवाईअड्डे पर बड़े पैमाने पर लोग विरोध के लिए एकत्र हो गए और कानून व्यवस्था के लिए समस्या खड़ी हो गई। इसके बाद गोरक्षा समूह ने शिलांग में कार्यक्रम स्थगित कर दिया और उनके विमान ने गुवाहाटी के लिए उड़ान भरी। इस बीच जैसे ही विमान आकाश मार्ग से मेघालय में बादलों के बीच पहुंचा, शंकराचार्य ने गोध्वज फहरा कर संदेश जारी किया कि हमने अपना संकल्प पूरा कर लिया है। अन्य राज्यों में धरती पर 21 फुट, तो मेघालय में 21 हज़ार फुट ऊंचाई पर आकाश में गोध्वज फहरा दिया। यह भी कहा कि वे फिर मेघालय आएंगे, समर्थकों से मिलेंगे और सार्वजानिक आयोजन भी करेंगे । गोरक्षा आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में जाने की अनुमति नहीं मिलने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। गोरक्षा को लेकर शंकराचार्य टीम सहित भारत यात्रा पर हैं। यह यात्रा 26 अक्टूबर तक चलेगी ।



जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तरेश्वरानंद।

### ज़बरदस्त विरोध के कारण सरकार बैकफुट पर

मेघालय में गोरक्षा आंदोलन के खिलाफ यहां के दबाव समूहों ने बड़े पैमाने पर विरोध शुरू कर दिया था, बवाल की आशंका थी । सरकार में भाजपा के दो मंत्री भी खिलाफ हो गए थे । तब मुख्य सचिव ने बैठक कर मेघालय में गोरक्षा रैली की अनुमति न देने का फैसला लिया । मेघालय में खासी छात्र समूह के महासचिव थबाह ने कहा कि मेघालय की परंपरा, संस्कृति और खानपान से छेड़छाड़ करने की आजादी किसी को नहीं दी जाएगी, जो गोमांश का विरोध करेगा, उसे साथ भी नहीं बैठने देंगे ।